ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

आरसीबी डब्ल्यूपीएल नीलामी में सभी मानकों... पेज 12 पर



www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 11 दिसम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-55 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### कोरोना की आहट! पिछले 24 घंटे में सामने आए 166 नए मामले

**देश में इस समय कुल सक्रिय मामलों की संख्या 895**

**देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या 5 लाख 33 हजार 306**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर कोविड-19 ने दस्तक दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में रविवार को 166 कोविड के नए मामले सामने आए हैं। देश में इस समय कुल सक्रिय मामलों की संख्या 895 है। सबसे ज्यादा ताजा मामले केरल में सामने आए। सर्दियों की वजह से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियां फैल रही है, जिसकी वजह से कोविड के मामले में बढ़ोतरी दर्ज होने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक भारत में अब तक कोरोना वायरस से 4 करोड़ 50 लाख 2 हजार मामले सामने आए। वहीं कोरोना से मरने वालों की संख्या 5 लाख 33 हजार 306 है। बता दें कि अब तक देशभर में कोविड वैक्सीन की 220.67 करोड़ खुराक लगाई गई है।

### टेंडर दिलाने के नाम पर 1.42 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**रांची।** अन्जनेया इंटरप्राइजेज के मालिक से ट्रांसफरमर का टेंडर दिलाने के नाम पर 1.42 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई है। धोखाधड़ी का आरोप गुजरात की कंपनी एलाटांटा इलेक्ट्रोनिक प्राइवेट लिमिटेट के डायरेक्टर निरल के पटेल, बिजनेस हेड एके माथुर, सीनियर मैनेजर राजेश कुंटे और डीजीएम गौरव दलवाड़ी पर लगा है। इस संबंध में पतित पावन बनर्जी ने निरल, एके माथुर, राजेश गौरव के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप है कि एलटांटा कंपनी ने अन्जनेया इंटरप्राइजेज के साथ जेयूएसएनएल से टेंडर राशि का कुल 4.5 प्रतिशत देने का एग्रीमेंट किया। मगर कंपनी ने ट्रांसफरमर लगवाने के बाद अन्जनेया कंपनी को राशि ही नहीं दी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पतित पावन बनर्जी की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि झारखंड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड ने ट्रांसफरमर लगाने का टेंडर निकाला था। उनकी अन्जनेया कंपनी टेंडर दिलाने का काम किया करती थी। 22 मार्च 2021 जेयूएसएनएल ने टेंडर निकाला। एलटांटा कंपनी ने उनसे संपर्क किया, कहा कि वह ट्रांसफरमर सप्लाई और इंस्टालेशन का काम करती है। कंपनी ने उनसे कहा कि वह उनकी तरफ से टेंडर प्रक्रिया करे और मिलने पर उन्हें टेंडर की राशि का साढ़े चार प्रतिशत(1.45 करोड़ रुपए) दिया जाएगा। दोनों कंपनियों के बीच एकरारनामा भी हुआ। इसके बाद उनकी कंपनी ने एलटांटा कंपनी को छह टेंडर का वर्क ऑडर दिलावा दिया। काम की शुरूआत में आरोपियों ने उनकी कंपनी को 3.80 लाख रुपए का भुगतान किया। आरोपी कंपनी ने टेंडर लेने के बाद खराब ट्रांसफरमर सप्लाई कर दिया। इसकी शिकायत के बाद 22 महीने उसे आरोपी कंपनी ने ठीक कराया। बकाया राशि 1.42 करोड़ मांगने पर आरोपियों ने पहले तो टाल मटोल किया। फिर देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद वे लोग सीधे थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

### 90 वर्षीय दूल्हा व 86 वर्षीय दुल्हन ने फिर की शादी

**वाराणसी।** संपत्ति का लोभी बेटा मां-बाप को आपस में लड़ाकर एक दूसरे से अलग कराने का घृणित कारनामा कैसे कर सकता है, और सतर्क न्यायालय उसको कैसे सबक सीखा सकता है, इसका उदाहरण है प्रतापगढ़ की यह घटना। जहां बीते शनिवार को एक अनोखी शादी हुई। न्यायालय में एक 90 वर्षीय दूल्हा और 86 वर्षीय दुल्हन एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर फिर से एक हो गए। उनके अपने ही बेटे ने संपत्ति के लोभ में दोनों में झगड़ा करा दोनों को अलग करा दिए थे। लगभग एक साल दोनों अलग-अलग रहे, लेकिन शनिवार को अदालत ने दोनों के बीच समझौता कराकर एक करा दिया। अदालत में मौजूद सभी लोगों के सामने दंपती ने एक- दूसरे को माला पहनाया और फिर से साथ रहने का संकल्प लिया। अदालत ने उनके बेटे को सख्त हिदायत देते हुए भविष्य में ऐसी कोई हरकत करने पर कड़ी सजा देने की बात कही। बेटे ने भी हाथ जोड़कर ऐसी गलती नहीं करने की शपथ ली।

## पलामू में सूखे का असर

# खरीफ के बाद रबी की खेती भी लक्ष्य से पिछड़ी

### 26 प्रतिशत भूमि में ही हो सकी है रबी फसलों की बोआई

संजय कुमार पांडेय



फाईल फोटो

**मेदिनीनगर।** जिले में सूखा का प्रभाव बढ़ता ही जा रहा है। खरीफ की खेती के बाद अब जिले में रबी की खेती भी लक्ष्य से पिछड़ गयी है। इसका कारण सिंचाई साधनों का अभाव माना जा रहा है। जानकारों की माने तो खरीफ के सीजन में मॉनसून की बरसात औसत से काफी कम हुई। नतीजा गांव के आहर,तालाब व अन्य जलश्रोतों में जल जमाव नहीं हुआ। खरीफ सीजन के दौरान खाली रह गये खेतों में नमी नहीं थी। नतीजा रबी की फसलें भी किसान समय से नहीं लगा पाये। इस बाबत कृषि विभाग के सरकारी आकड़ों पर गौर करें तो पिछले सप्ताह तक जिले में रबी की खेती लक्ष्य के महज 26 प्रतिशत तक ही सिमट कर रह गई है। इसमें गेहूं की खेती तो अब तक लक्ष्य का महज 8 प्रतिशत तक ही हो सकी है। हालांकि पिछले दिनों जिले में मिचौंग की चक्रवाती बरसात से खाली पड़े खेतों में थोड़ी नमी आई है तो दिसंबर माह के अंत तक गेहूं की खेती में इजाफा की संभावना बढ़ी है। लेकिन अन्य दलहनी व तेलहनी फसलों की बोआई लक्ष्य के अनुरूप होने की अब संभावना कम दिख रही है। सरकारी आकड़ों पर गौर करें तो चालू रबी के सीजन में 81450 हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य निर्धारित था। इसमें पिछले सप्ताह तक 21516 हेक्टेयर में शेष पृष्ठ 11 पर

### रबी की खेती में कमी का कारण भी सूखा : कृषि विज्ञानी

इस बाबत चियांकी क्षेत्रीय कृषि अनुसन्धान केंद्र के विज्ञानी प्रमोद कुमार ने कहा कि खरीफ के बाद रबी की खेती में कमी का कारण भी सूखा ही रहा है। समय पर खेतों में नमी नहीं रहने के कारण किसान रबी की फसलें भी नहीं लगा सके। गौरतलब हो कि पलामू की खेती अधिकांशतः वर्षा पर ही निर्भर है। जबकि इस वर्ष मानसून की बरसात पचास प्रतिशत के आसपास ही सिमटी रह गई। नतीजा खरीफ फसलों की खेती शेष पृष्ठ 11 पर

# छोटे भाई ने भाई व भाभी की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या

### भंडरा में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुआ विवाद 'खूनी खेल' में तब्दील





**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ागाई पंचायत अंतर्गत खव्स खिजरी गांव के तेतर चुआ बस्ती में संपत्ति बंटवारा को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई व भाभी की धारदार कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना रविवार सुबह करीब 11: 30 बजे की है। जानकारी के अनुसार संपत्ति बंटवारा को लेकर घर मे दोनो भाइयों में बीच विवाद हुई थी। इसके बाद छोटे भाई 45 वर्षीय जीतू उरांव ने अपने बड़े भाई व खिजरी के वार्ड सदस्य 50 वर्षीय सुकरा उरांव एवं अपनी भाभी आंगनबाड़ी सेविका 45 वर्षीय गायत्री देवी को धारदार कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने भंडरा थाने को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गौतम कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया और हत्यारा जीतू उरांव को गिरफ्तार किया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी बरामद कर लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि संपत्ति बंटवारा को लेकर दोनों भाइयों के बीच बातचीत शेष पृष्ठ 11 पर

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर पांचवें दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी

# 1000 करोड़ तक आंकड़ा पहुंचने का अनुमान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी रविवार को लगातार पांचवें दिन भी चल रही है। रांची के रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम सुबह ही पहुंच गई और कार्रवाई शुरू की, जो अब तक जारी है। लोहरदगा में छापेमारी की कार्रवाई पूरी हो चुकी है जबकि ओडिशा के आवास, कार्यालय सहित झारखंड की राजधानी रांची में रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में छापेमारी जारी है। छापेमारी में मिले नोटों की गिनती जारी है। अबतक लगभग 500 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं। पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओडिशा में सांसद धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है। अबतक लगभग 500 करोड़ रुपये की गिनती हुई है। बताया गया है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जितने नोट बरामद हुए हैं और हो रहे हैं, उनकी पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800-1000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। वैसे साहू के ठिकानों से मिले नोटों की गिनती जारी है। आयकर टीम को शनिवार शेष पृष्ठ 11 पर



### बौध डिस्टिलरीज के प्रबंधकों से पूछताछ

सांसद धीरज साहू से संबंधित बौध डिस्टिलरीज कंपनी के ठिकाने पर भी रविवार को पांचवें दिन भी आयकर विभाग (आईटी) की छापेमारी हुई। कंपनी के दोनों मैनेजर राजेश साहू और बंटी साहू से पूछताछ की जा रही है। जब्त नोटों की गिनती एसबीआई के बोलांगीर स्थित मुख्य ब्रांच में जारी है। नोटों की गिनती पूरी की जा सके इसके लिए अधिक काउंटिंग मशीनें और मैनपावर लगाए गए हैं। इस संबंध में ओडिशा एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि हमें 176 बैग मिले और उनमें से 140 की गिनती हो चुकी है। बाकी की गिनती आज की जाएगी। गिनती प्रक्रिया में शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस ने नकदी बरामदगी पर सांसद से मांगा स्पष्टीकरण

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू और उनके परिवार के सदस्यों और व्यापारिक सहयोगियों के आवास पर आयकर छापे में भारी मात्रा में नकदी पाए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी ने सांसद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्पष्टीकरण में उनसे पूछा गया है कि उनके पास इतना पैसा कहां से आया और यह पैसे किसके हैं। यह जानकारी कांग्रेस भवन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने रविवार को पत्रकारों से शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्य के स्कूली बच्चे-बच्चियों को मिला साइकिल वितरण योजना का लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे-बच्चियों के उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निदेशानुसार राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 4 लाख 90 हजार बच्चे-बच्चियों को साइकिल खरीद हेतु 10 दिसंबर 2023 तक 220 करोड़ रुपए से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के तहत भेजी गई है। इसमें सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 22-23 के 8वीं कक्षा के लाभार्थी विद्यार्थी शामिल हैं। उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है।

'आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' के प्रत्येक शिविर एवं विशेष कैम्प के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु राशि का वितरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण हेतु सभी जिलों के उपायुक्तों द्वारा सूची भेजी गई है। सभी जिलों को मिलाकर कल्याण विभाग को लगभग 8 लाख पात्र लाभार्थी बच्चों की सूची मिली थी। एसटी,एससी,बीसी एवं अन्य वर्ग के वैसे पात्र बच्चे जो वर्ष 2020-21 में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत थे तथा वर्तमान वर्ष में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। इसी प्रकार 2021-22 में आठवीं तथा वर्तमान वर्ष में दसवीं तथा 2022-23 में 8वीं एवं वर्तमान वर्ष में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं एवं जिनकी सूची जिला द्वारा विभाग को भेजी गई है। 10 दिसंबर 2023 तक 2878 कैम्प में लगभग 4 लाख 90 हजार बच्चों के बैंक खातों में साइकिल खरीद हेतु डीबीटी के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक की राशि भेजी जा चुकी है। उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में अब आदिवासी मुख्यमंत्री

### सासंद और मंत्री रहे हैं विष्णुदेव साय



**छत्तीसगढ़।** अटकलों और लंबी चर्चाओं के बाद भाजपा ने छत्तीसगढ़ को दूसरा और अपना पहला मुख्यमंत्री दे दिया। आदिवासी समुदाय का बड़ा चेहरा माने जाने वाले विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ का अगला मुख्यमंत्री घोषित किया है, जो कि पूर्व केंद्रीय मंत्री भी रह चुके है। बीजेपी काफी समय से कह रही थी कि आदिवासी समुदाय को उचित सम्मान दिया जाएगा। विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाना भी इसकी शुरूआत का ही एक पहलू माना जा रहा है। श्री साय रमन सिंह के भी काफी करीबी माने गए हैं। कुनकुरी विधानसभा से आने वाले विष्णु देवता राज्य के आदिवासी समुदाय का चेहरा माने जाते हैं जो राज्य की सबसे बड़ी आबादी है। बता दें कि अजीत जोगी के बाद छत्तीसगढ़ में कोई और मुख्यमंत्री बीजेपी का नहीं बना है। विष्णु देव साइन की बात करें तो वर्ष 2020 में वह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इससे पहले वह सांसद और केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी नेताओं में शुमार किए जाते हैं। इसके अलावा रमन सिंह के भी काफी करीबी माने गए हैं। वैष्णो देवी साईं वर्ष 1999 से 2014 तक रायगढ़ से सांसद रहे हैं। इसके बाद मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के शेष पृष्ठ 11 पर

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** अयोध्या रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में राममय हो गई है। देश विदेश से तरह-तरह की दुर्लभ और अति विशिष्ट पूजन सामग्री आने लगी हैं। रामलला के लिए कई शहरों में वस्त्र बनाए जा रहे हैं। पुणे में सोने के धागे से वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। इसे कई बुनकर बना रहे हैं। ये लोग आकर दो-दो धागे बुनते हैं। इन वस्त्रों में से जो भी अच्छा लगेगा, उसे रामलला को पहनाया जाएगा। ये वस्त्र 22 दिसंबर तक तैयार हो जाएंगे। राम लला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी, 2024 को होगा। जिसमें देशभर से सात हजार से ज्यादा लोग शामिल होंगे। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित करने के लिए रामलला की मूर्ति 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगी। रामलला (श्री राम के बालरूप) की तीन मूर्तियां बनवाई जा रही हैं। इनमें से एक मूर्ति को राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। 15 दिसंबर को मंदिर न्यास की धार्मिक समिति इनमें से प्राण प्रतिष्ठा के लिए सर्वश्रेष्ठ मूर्ति को चुनेगी। इसके लिए देश के तीन प्रसिद्ध मूर्तिकार तीन मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं। अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। इसमें दो मूर्तियां पांच साल के बाल रूप में रामलला की श्याम रंग की है ,जबकि एक संगमरमर की है। मंदिर ट्रस्ट इनमें से सबसे लुभावनी प्रतिमा का चयन गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के लिए करेगा। रामलला के दर्शन के लिए 45 दिनों तक 25 हजार शेष पृष्ठ 11 पर



**तीन प्रसिद्ध मूर्तिकार रामलला की तीन मूर्तियां 15 दिसंबर तक बना देंगे**

**सर्वश्रेष्ठ एक मूर्ति को राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा**

**सोने के धागे से बन रहे रामलला के वस्त्र, 22 दिसंबर तक हो जाएंगे तैयार**

# शादी में हर्ष फायरिंग हर्ष या खतरनाक खूनी खेल



सुनील बादल

**प्रायः** सभी धर्मों में विवाह को बहुत ही पवित्र संस्कार माना गया है और किसी भी परिवार के लिए यह जीवन की बहुत ही महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है जब किसी अनजान परिवार की एक सदस्य उनके परिवार की महत्वपूर्ण अंग बन जाती है। ऐसे मौके पर जब संचार के साधन नहीं थे तब शोर-शराबे या जोर शोर से बाजे बजाए जाते थे जिसका प्रचलन मुगल काल में बहुत बढ़ा। इसके पीछे कारण यह था की सभी जान जाएं कि विवाह समारोह आयोजित हुआ। विवाह संस्कार में वैदिक सनातनी रीति रिवाज में मुख्य था अग्नि के समक्ष पाणिग्रहण पर अब प्रायः सभी संप्रदायों में विवाह के समय भव्यता के प्रदर्शन की सीमाएं लांघी जा रही हैं और बिहार, झारखंड, यूपी, मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक में खुशी प्रकट करने के लिए हथियारों का गैर कानूनी प्रदर्शन से लेकर फायरिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे कई बार लोग मारे जाते हैं और खुशियां मातम में बादल जाती हैं । बहुत बार मामला प्रकाश में तभी आता है जब कोई बड़ी घटना घट जाती है । लाइसेंसी हथियार से भी आत्म रक्षार्थ छोडकर हथियारों का प्रदर्शन या गोली चालन कर भय उत्पन्न करना अपराध है और आर्म्स ऐक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है। शादी के मौसम में इसकी भयावहता समझने के लिए पिछले लगभग एक सप्ताह की घटनाओं पर नजर डालते हैं।



कल उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा क्षेत्र में शादी की खुशी में चलाई गई गोली लग जाने से 16 वर्षीय एक दलित लड़के की मौत हो गई। दो दिन पहले हर्ष फायरिंग में एक भाजपा नेता को गोली लगने के बाद पटना के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। गाजियाबाद में शादी के पंडाल में गोली चलाते हुए नाचा युवक, वीडियो वायरल होने पर पकड़ा गया। तीन दिन पहले गाजियाबाद में एक प्रोग्राम में एक युवक की फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था पुलिस फायरिंग करने वाले युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दो दिन पहले जालंधर ढिलवां रोड पर स्थित एक जन्मदिन की पार्टी दौरान गोली चलने से एक 35 वर्षीय युवक की मौत होने का समाचार मिला है। मृतक की पहचान तरनतारन निवासी दलजीत सिंह के रूप में हुई है, जोकि एन.आर.आई. है, शेष पृष्ठ 11 पर

# अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम फैसला आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना निर्णय सुनाएगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई सोमवार की सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला सुनाएगी। पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत हैं।

**पांच सितंबर को मामले में रखा फैसला सुरक्षित :** शीर्ष अदालत ने 16 दिनों की सुनवाई के बाद पांच सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करने वालों और केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य की दलीलों को सुना था। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस की थी। केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को शेष पृष्ठ 11 पर



### केंद्र ने 370 को लेकर दिया था यह तर्क

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करने वाले कुछ याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि इस प्रावधान को निरस्त नहीं किया जा सकता था क्योंकि जम्मू और कश्मीर संविधान सभा का कार्यकाल 1957 में पूर्ववर्ती राज्य के संविधान का मसौदा तैयार करने के बाद समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा था कि संविधान सभा के विलुप्त हो जाने से अनुच्छेद 370 को स्थायी दर्जा मिल गया है। केंद्र ने तर्क दिया था कि पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले प्रावधान को रद्द करने में कोई संवैधानिक धोखाधड़ी नहीं हुई थी।

## गागर में सागर

### शीतजनित बीमारियों का बढ़ा प्रकोप

मेदिनीनगर। ठंड के रौ में आते ही क्षेत्र में शीतजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों में ठंड लगने की समस्या अधिक देखी जा रही है। चिकित्सालयों में इन दिनों ठंड संबंधी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की ज्यादा संख्या देखी जा रही है। पेट दर्द, लूज मोशन, बुखार आदि मौसमी बीमारियां लोगों को तेजी से अपनी आगोश में ले रही है। चिकित्सकों ने लोगों को ठंड से बचाव हेतु विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है।

### ठंड के कारण स्कूलों के समय में परिवर्तन

**मेदिनीनगर।** ठंड व कोहरे के कारण जिला अंतर्गत स्थित विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। कमोबेश सभी स्कूलों के संचालन का समय एक से दो घंटे बढ़ा दिया गया है। ठंड के कारण सुबह स्कूल जाने में विशेषकर नौनिहालों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन से स्कूल का समय बढ़ाने की मांग की थी। हालांकि कई अभिभावकों ने शीतलहर को देखते हुए कक्षा एक से पांच तक की कक्षाओं का संचालन बंद किये जाने की मांग की है।

### वैवाहिक कार्यक्रमों की भरमार से मिला रोजगार



मेदिनीनगर। इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों की भरमार से भीषण सूखाड़ की मार झेल रहे युवाओं को जमकर रोजगार मिला है। इससे आंशिक तौर पर ही भले ही सही बेरोजगारों को थोड़ी राहत अवश्य मिली है। दो वर्ष से पलामू जिला भीषण सूखे की चपेट में है। इससे जिले के सुदूर अंचलों से व्यापक पैमाने पर युवाओं का दक्षिण भारत सहित मुबंई, दिल्ली, लुधियाना आदि महानगरों की तरफ हुआ है। यहां रह रहे युवा नियमित रूप से निकटवर्ती कस्बों में आते थे, किंतु काम नहीं मिलने से मायूस होकर वापस लौट जा रहे थे। देवउठनी एकादशी के बाद मांगलिक कार्यक्रमों के शुरू होने के बाद बेरोजगारों को नियमित रोजगार मिल रहा है। हालांकि बेरोजगारों की संख्या काफी होने के कारण उन्हें माफिक मजदूरी भी नहीं मिल रही है। बरवाडीह से मेदिनीनगर आये राजबली, सोमेश्वर, पांकी से आये रामबहादुर, किसमतिया, लाजवंती आदि ने बताया कि दो महीने से काम नहीं मिल रहा था। इधर शादी-विवाह का काम मिल रहा है। हालांकि 15 दिसंबर से खरमास चढ़ जाने के बाद उन्हें एक बार फिर से रोजी-रोजगार छिनने का भय भी सता रहा है।

# सगालीम-आसेहार मुख्य सड़क की मरम्मती कार्य शुरू



मरम्मती कार्य में लगे मजदूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार - सगालीम मुख्य पथ का मरम्मती कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कार्य आसेहार स्थित रेयाज अहमद कंस्ट्रक्शन माइंस एवं कुमार सौरभ स्टोन माइंस द्वारा किया जा रहा है। रेयाज अहमद कंस्ट्रक्शन स्टोन माइंस के कंप्यूटर ऑपरेटर गणेश प्रजापति व कुमार सौरभ माइंस के संचालक सह युवा समाजसेवी लड्डू कुमार, फील्ड वर्कर वैभव कुमार की देखरेख में मरम्मती का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। बताया जाता है कि आसेहार-सगालीम मुख्य पथ की हालत काफी जर्जर हो गयी थी। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही थी। नागरिकों ने बताया कि उक्त सड़क से सैकड़ों वाहन का प्रतिदिन आवागमन होता है। यह सड़क सगालीम से मनिका और सतबरवा को जोड़ती है। सैकड़ों राहगीर इस सड़क से मनिका,सतबरवा होते हुये लातेहार तक जाते हैं।

### गरीब दंपति को गृहस्थी बसाने में मिलेगी मदद

# कन्या विवाह एंड विकास समिति ने चार नवदंपति को दिया उपहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** विकास सोसायटी के सर्वेयर पुष्पा देवी व सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश कुमार राम के नेतृत्व एवं कन्या विवाह एण्ड विकास सोसाइटी द्वारा चार नव विवाहिताओं को पलंग, तोसक, रजाई, तकिया, आलमारी, ट्रंक, मच्छरदानी, बाल्टी सेट व बर्तन उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। सर्वेयर पुष्पा कुमारी ने बताया कि संस्था 2010 से ही गरीब,असहाय लड़कियों के विवाह में सहयोग करती आ रही है। इसी कड़ी में बरवाडीह के छठन सिंह की पुत्री का विवाह एकता के सकलदीप सिंह, मनिका के बिरजू भुईयां की पुत्री का विवाह मुरमा के राजू भुईयां के साथ तथा डोडांग के भुनेश्वर सिंह का विवाह चैनपुर के हुकवा के बालकेश सिंह के साथ हुआ। जबकि राजेश्वर सिंह की पुत्री का विवाह सदर प्रखंड के कुंडेलवा के बालकृष्णा सिंह के पुत्र के साथ छह दिसंबर को हुआ था। रविवार को सभी सामान वर-वधु को सौंप दिया गया। सभी को सोसाइटी द्वारा 30 हजार रूपये नगद भी दिया जायेगा। इस मौके पर प्रीति गुप्ता भी मौजूद थीं।



नव विवाहिता को उपहार देतीं समिति की पदाधिकारी

### घायल बाइक चालक ने भागकर बचाई जान

# जपला मुख्य पथ पर अपराधियों ने सीने में चाकू घोंप बाइक लूटी, मामला दर्ज

**मौका मुआयना कर मामले की जांच में जुटी पुलिस, लोगों में दहशत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर-जपला मुख्य पथ के चौकड़ी व बहेरा मोड़ के बीच शनिवार की रात भगड़ा गांव निवासी नीरज कुमार सिंह को अज्ञात लुटेरे ने बीच रोड खड़े होकर बाइक रोकने का इशारा किया। खतरे को भांपकर बाइक निकालने के प्रयास में नीरज असंतुलित होकर गिर गये। जिसके बाद अपराधी ने बाइक सवार के सीने में चाकू घोंप दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में वह बाइक छोड़ कर वहां से भाग कर किसी प्रकार से अपनी जान बचाई। इस बीच लुटेरा उनकी हीरो होंडा बाइक स्टार्ट कर जपला की ओर भाग गया। अपराधी के भागने के बाद घायल नीरज कुमार सिंह किसी तरह हैदरनगर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर हैदरनगर पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर जायजा लिया। उसके बाद नीरज ने परिजनों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंच कर अपना इलाज कराया। उनके सीने में सात टांके लगे हैं। वह खतरे से बाहर है। घटना के संबंध में हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।



### 16 पदों पर 50 उम्मीदवार मैदान में

# बार एसोसिएशन चुनावः प्रत्याशियों के नामों का प्रकाशन आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू बार एसोसिएशन चुनाव में सोमवार को उम्मीदवारों के नामों का प्रकाशन किया जायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव सहित 16 विभिन्न पदों के लिए 50 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव के लिए 16 दिसंबर को मतदान व 17 दिसंबर को मतगणना के बाद उसी दिन चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी जायेगी। उम्मीदवारों के नामों के प्रकाशन के बाद चुनाव प्रचार भी तेज हो जायेगा। चुनाव में सबकी नजर अध्यक्ष पद टिकी है। जहां केवल दो ही उम्मीदवार होने के कारण पूर्व व निवर्तमान अध्यक्ष आमने-सामने आ गये हैं। इसके साथ ही महासचिव व उपाध्यक्ष पद पर बहुकोणीय संघर्ष के आसार नजर आ रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये उम्मीदवारों द्वारा लाबिंग भी शुरू कर दी गयी है। बहरहाल किसके सिर बंधेगा सहरा व किसकी लुटिया डूबेगी। इसका पता तो 17 दिसंबर को चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद ही चल सकेगा।

### 226 मरीजों का हो चुका है उपचार

# 62 मोतियाबिंद मरीजों के आंखों का लेंस प्रत्यारोपण



शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर आयोजित कर 62 मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। इस मौके पर नेत्र चिकित्सक ने कहा कि आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष नियमित अंतराल पर शिविर का आयोजन कर गरीब व असहाय लोगों की मदद की जाती है। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डा. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 100 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। जिसके बाद 62 मरीजों को ही नेत्र चिकित्सक डा. धीरज प्रसाद व विवेकानंद उपाध्याय द्वारा आईएलओ के माध्यम से लेंस प्रत्यारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि यहां अबतक 226 मरीजों का लेंस प्रत्यरोपण किया जा चुका है। रविवार को सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया गया। उन्होंने कहा कि जो मरीज इस शिविर में किसी कारणवश नहीं आए हैं। वे आंखों की जांच करा लें। यहां प्रतिदिन सुबह दस बजे से दो बजे तक आंखों की जांच की जाती है। इस मौके पर नेत्र सहायक जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह,सुनील कुमार, परशु कुमार, सुषमा कुमारी, बसंती कुमारी, सचिन कुमार, काजल, रागिनी, दयानंद कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# गरीब रथ के प्रायोगिक ठहराव व स्पेशल ट्रेन का दर्जा हटाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय व्यवसायियों सहित प्रबुद्ध लोगों ने रेल मंत्री अश्विनी वैभव व पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से पूर्व मध्य रेलवे के यातायात समस्याओं से जूझती बीडी रेलखंड पर रेल सुविधा बढ़ाने का आग्रह किया है। व्यवसायी सुदर्शन लाल, पंकज कुमार अग्रवाल, अनील कुमार, गुरुप्रताप साहिदेव व अन्य ने कहा कि हैदरनगर में प्लेटफार्म और रिजर्वेशन की सुविधा रहने के बावजूद रांची - दिल्ली गरीब रथ ट्रेन नं. 12877 / 12878 गरीब रथ का ठहराव नहीं हो सका है। जिससे इस प्रखंड के लोगों को अब तक सीधे देश की राजधानी जाने का मार्ग सुलभ नहीं हो सका। वहीं झामुमो के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने उक्त ट्रेन को रेलवे के नियमानुसार अस्थायी ठहराव कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे रेलयात्री की संख्या व राजस्व में बढ़ोतरी की अद्यतन स्थिति स्वयं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस रेलखंड पर प्रतिवर्ष दो बार शारदीय व चैती नवरात्र देवी धाम मेला के दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ भी अंतर्राज्जयीय होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर रेल प्रशासन कई अन्य स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बनाती है। पर यहां पर इस पर कोई पहल नहीं किया जाना दुखद है। सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द कुमार सिंह व डॉ. अजय जयसवाल ने इस रेलखंड पर परिचालित सभी पैसेंजर ट्रेन से स्पेशल का दर्जा हटाने की मांग भी की है।




### दूसरे दिन भी किया गया प्रसाद का वितरण

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा चौक स्थित नवनिर्मित श्री राणी सती दादी मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को भी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। किसी कारण वश पूर्णाहुति के दिन यज्ञ में शामिल न हो पाने वाले भक्तों को समिति के पदाधिकारियों ने उनके घर जाकर प्रसाद समर्पित किया। समिति के मीडिया प्रभारी विकास उदयपुरी ने बताया कि सनातन संस्कृति में प्रसाद का विशेष महत्व है। इसे लेने व वितरित करने वाले दोनों को ही मां का विशेष आशीष प्राप्त होता है। उन्होंने महायज्ञ में सहयोग प्रदान करने वाले समिति के समस्त पदाधिकारियों सहित धर्म प्रेमियों के प्रति आभार जताया।

### प्रतिकूल मौसम से सब्जी के किसानों की हालत खस्ता



**मेदिनीनगर।** प्रतिकूल मौसम के कारण सब्जी के किसानों की हालत खस्ता हो गई है। बेमौसम बरसात के कारण टमाटर, सेम, गोभी आदि की फसलों को व्यापक क्षति हुई है। इससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि मानसून के दगा दे देने से वैसे ही धान व गेहूं की खेती वे नहीं कर पाये हैं। ऊपर से रही-सही कसर असमय बरसात ने पूरी कर दी है। इससे सब्जी की खेती से जगी आस भी टूट गई है। सब्जियों को भारी नुकसान से लागत भी नहीं निकल पा रही है।

# शांति का संदेश दे रहे राज विद्या केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 66 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, तूरी, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह सहित निकटवर्ती संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना के बाद केक काटकर जन्म दिवस मनाया। वही लोको पायलट आकाश कुमार चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरी दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। साथ ही राज विद्या संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व में चलाये जा रहे हैं। इनके बताए मार्ग पर चलकर हम जीवन को सफल बना सकते हैं। भक्तों ने अपने-अपने केंद्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं के बीच भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र सहायक सह शिक्षिका मधु कुमारी, सेवा सहायक सह संवाददाता कृष्णा गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, शिक्षक सरोज चौधरी, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुमित्रा देवी, नवीन पांडेय, देवंती देवी, उमेश साव, गोपाल गुप्ता, घनश्याम शर्मा, अक्षय कुमार सिंह, राजन साव, सुनील पाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# रुदीडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का आयोजन रविवार को रुदीडीह पंचायत में किया गया। जिसका उद्घाटन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा व मुखिया मधुबाला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में लाभार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं से परिचित कराया गया। सर्वाधिक भीड़ अबुआ आवास के लिए देखी गयी। बीडीओ अमित कुमार झा ने बताया कि सुदुरवर्ती क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए यह शिविर पंचायत वाइज लगाया जा रहा है। अधिकाधिक लोग इसका लाभ उठाएं। शिविर में आंगनवाड़ी स्कूल के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। साथ ही गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत स्कूली छात्रों में 4500 रुपए का चेक भी वितरण किया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया टिकैत प्रसाद अखाड़िया, पिंकी विश्वकर्मा, नावा खास मुखिया मनोज कुमार उपस्थित थे।

**परेशानी**

### डिब्बों में कमी के साथ वसूला जा रहा अधिक किराया

# सीआईसी रेल खंड में यात्रियों का हो रहा शोषण : मनोज शर्मा

**समस्या का तत्काल निराकरण नहीं तो रेल चक्का जाम आंदोलन की दी चेतावनी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सीआईसी रेलखंड मे रेल यात्रियों का खुला शोषण रेल प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। एक तो लाइफ लाइन पैसेंजर ट्रेनों में डब्बों की संख्या में भारी कटौती व ऊपर से आरपीएफ द्वारा किसी न किसी स्टेशन पर निरीह व सीधे-साधे यात्रियों को महिला डब्बा में गलत तरीके से यात्रा करने के नाम पर मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उक्त आरोप रेल उपभोक्ता समिति के पलामू जिला प्रवक्ता मनोज शर्मा ने लगाते हुए यात्री सुविधाओं की दिशा में पहल की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस रेल खंड में संचालित की जा रहीं पैसेंजर ट्रेनों के बोगियों में लगातार कटौती की जा रही है। जबकि क्षेत्र में आवागमन का रेलमार्ग ही प्रमुख साधन है। इससे शादी-विवाह के मौसम में लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि उक्त रेल खंड की अधिकांश ट्रेनें धनबाद रेल मंडल से संचालित हैं। धनबाद रेल मंडल राजस्व के दृष्टिकोण से विगत आठ माह से नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए कमाई में देश का नम्बर वन बन गया है। इसके बावजूद यात्री सुविधाओं की कटौती दुर्भाग्यपूर्ण व इस रेल खंड से जुड़े यात्रियों के साथ सौतेला व्यवहार है। वहीं स्पेशल ट्रेन के नाम पर कोरोना काल के समय से किये गए भाड़ा में वृद्धि अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन की भी जबाबदेही है कि रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेल डब्बों को बढ़ाने के लिए अपने वरीय पदाधिकारी से पहल की व्यवस्था करें। यदि रेलवे प्रशासन त्वरित कार्रवाई करते हुए इस समस्या का निराकरण नहीं किया तो बाध्य होकर आंदोलनात्मक कार्रवाई करते हुए कभी भी रेल उपभोक्ता चक्का जाम जैसा आंदोलन कर सकते हैं।




ट्रेनों में उमड़ रही भीड़

## गागर में सागर

### पिकअप व टेम्पों की टक्कर में छह घायल

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के बरसाइता पुल के समीप शनिवार की शाम टेंपो व पिकअप वाहन की टक्कर में आधा दर्जन से अधिक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी टेंपो सवार चार व्यक्तियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### इटको मुखिया ने 150 जरूरतमंदों में बांटे कंबल



जरूरतमंदों को कंबल देतीं मुखिया

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इटको पंचायत के मुखिया जोहरा बीवी ने पंचायत सचिवालय में शिविर लगाकर असहाय,जरूरतमंद, वृद्ध व विधवाओं के बीच 150 कंम्बल वितरित किया। मुखिया ने उम्मीद जताई कि इससे असहायों को ठंड से बचने में मदद मिलेगी। कंबल वितरण से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखा गया। मौके पर पंचायत सचिव प्रभु राम, रोजगार सेवक अमित कुमार सिंह, समाजसेवी सफीर आलम, उस्मान अहमद, वार्ड सदस्य साबिर खान, राजदेव यादव,सुगा खान,मीर आसिक, सिराजुद्दीन अंसारी, बोस खान,आजम शाह, अजय कुमार साहू, बब्लू प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में हुनर दिखायेंगे बच्चे

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से कोयल रिवर फ्रंट पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में कक्षा एक से पांच तक बच्चे सड़क सुरक्षा, कक्षा छह से दस तक के छात्र अंधविश्वास व कक्षा दस से ऊपर के विद्यार्थी भ्रूण हत्या विषय पर पेंटिंग कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता 17 दिसंबर सुबह 11 बजे से आयोजित की जायेगी। प्रतिभागियों को चार्ट पेपर के अलावे पेंटिंग से संबंधित अन्य सामग्रियां साथ लेकर आनी है।

### जरूरतमंदों की सेवा ही हमारा लक्ष्य:मिशन समृद्धि


असहाय को भोजन देते मिशन समृद्धि के सदस्य

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में समृद्धि टीम द्वारा अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल- दातून बेचने वालों, राहगीरों, शनि मंदिर प्रांगण में मौजूद असहायों के बीच रोटी-सब्जी, खिचड़ी का वितरण किया गया। सदस्यों ने कहा कि उनकी कोशिश है कि शहर में कोई भी जरूरतमंद भूखा न रहे। आयोजन में अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार सिंह, ऋषि कुमार आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### शिक्षकों की समस्याओं का निरकारण करने की मांग

**मेदिनीनगर ।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू ईकाई के जिला सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र पर शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण द्रुत गति से निष्पादित करने का आग्रह किया है। संघ के नेताओं ने 15 दिसंबर तक उपरोक्त मांगों को पूरा नहीं करने पर 16 दिसंबर से धरना देने की चेतावनी दी है। चार सूत्री सौंपे गए मांग पत्र में वर्ष 2019 में नियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि करने, वर्ष 2010 में नियुक्त शिक्षकों का वरीय वेतनमान देने, 24 वर्ष सेवा कर चुके शिक्षकों का प्रवरण वेतनमान लागू करने और नव नियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का संधारण करने आदि मांगें शामिल है। जिला सचिव ने कहा कि सेवा संपुष्टि और प्रवरण वेतनमान को लेकर कई कारण संघ के प्रतिनिमंडल डीइओ से मिला है, परंतु डीइओ स्तर से इस दिशा में अभी तक कोई साकारात्मक पहल नहीं की गई है।

## स्कॉर्पियो के धक्के से पति की मौत, पत्नी गंभीर


काल्पनिक फोटो

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लातेहार-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर शनिवार रात में घटित सड़क हादसे में जहां पति की मौत हो गयी। वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयीं। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र के ग्राम सरजू निवासी दिलीप साव उम्र 58 वर्ष व उनकी पत्नी लीलावती देवी शनिवार की देर शाम बाइक से मेदिनीनगर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में पीछे से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक से गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान दिलीप साव की मौत हो गई। जबकि घायल लीलावती देवी का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### वन कर्मियों ने ले जाकर जंगल में छोड़ा

## सात फीट लंबे अजगर का किया गया रेस्क्यू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बाढ़ेसाड क्षेत्रीय कार्यालय के पास एक 7 फीट लंबे व करीब 12 किलो वजनी अजगर को बचा लिया गया। अजगर बाढ़ेसाड कार्यालय के प्रांगण में ही था। तभी सड़क के किनारे खड़े लोगों व बच्चों ने इसे देख लिया। इससे पहले की कोई कुछ समझ पाता भीड़ में से ही कुछ लोग यह कोशिश करने लगे की अजगर को पत्थरों से मार दिया जाये। बाढ़ेसाड के वनरक्षी वरुण कुमार सिंह ने बताया कि जैसे ही उन्हें व उनकी टीम को यह पता चला वे तुरंत मौके पर पहुंच गये। भीड़ व कोलाहल सुन अजगर छुपने व भागने की कोशिश कर रहा था। बहुत मुश्किल से इस अजगर


पीटीआर में मिला अजगर

का रेस्क्यू कर निकटवर्ती जंगल में छोड़ दिया गया। सूचना में देरी से बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने बताया कि प्रायः लोग अजगर को तभी मारते हैं। जब वह उनकी मुर्गा-मुर्गी, बकरी के बच्चे या पालतू खरगोश को खा जाता है। इससे वह आक्रोशित हो जाते हैं व बदले की भावना से अजगर को मार डालते हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि इस संबंध में आसपास लगातार जागरुकता फैलायी जा रही है कि किसी प्रकार के सांप देखने की स्थिति में तत्काल उसकी सूचना निकटतम वनरक्षी या वन कार्यालय को दें। की पहल का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है।

### लोगों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर उठाये सवाल

# तीन माह में ही टूट गये शिवाजी मैदान में लगाये गये फेवर ब्लॉक

**सुबह-शाम टहलने वालों के साथ मैदान में खेलने आने वाले बच्चों को हो रही परेशानी**

उपेन्द्र कुमार

**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा तीन माह पूर्व शहर के प्रमुख पार्क शिवाजी मैदान में लाखों रुपए की लागत से स्थापित किये गये फेवर ब्लॉक उखड़कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये। नगर निगम की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुये नागरिकों ने गहरा रोष जताया है। मेदिनीनगर शहर के मध्य स्थित शिवाजी मैदान में नियमित रूप से मार्निंग व इवनिंग वाक के लिए नागरिकों की भारी भीड़ जुटती है। टहलने वालों को समुचित सुविधा हो इसलिये नगर निगम द्वारा अगस्त महीने में ही मैदान के चारों ओर फेवर ब्लाक लगाया गया। टहलने आने वालों को लगा कि अब उन्हें राहत मिलेगी, किंतु तीन महीने में ही तब उनकी खुशी काफूर हो गयी। जब मैदान में लगाए गये सभी फेवर ब्लॉक उखड़ गये। जिससे टहलने वालों की परेशानी भी


शिवाजी मैदान में बिखरे फेवर ब्लॉक

पहले से अधिक बढ़ गयी है। मैदान में जगह-जगह फेवर ब्लाक के टुकड़े पड़े होने के कारण मैदान में सुबह-शाम खेलने वाले बच्चे भी घायल हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि शहर के अन्य जगहों पर लगाये गये फेवर ब्लॉकों का हाल ऐसा ही है। इस संबंध में वार्ड नंबर 22 के प्रथम वार्ड पार्षद मनोज कुमार उर्फ बिल्लू सिंह ने बताया कि अगस्त महीने में शिवाजी मैदान में डिज्नीलैंड मेला लगने के कारण फेबर ब्लॉक को मेला के दुकानदारों द्वारा तोड़ा गया है। जिसके कारण नगर निगम को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शिवाजी मैदान के सुंदरीकरण को लेकर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। अभी स्टेज और दो हॉलों का निर्माण किया जा रहा है। स्टेज व हॉल का निर्माण होने के बाद मैदान में लगे फेवर ब्लॉक को कबाड़ कर उसे फिर से समतल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सुंदरीकरण होने के बाद शिवाजी मैदान में डिज्नीलैंड मेला को नहीं लगने दिया जाये। नगर निगम को इस संबंध में मेला प्रबंधक को भी आवश्यक हिदायत देनी चाहिये।

### अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी

## सभी को समान अधिकार ही मानवाधिकारः उदय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने कचहरी परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि इंसान की जिंदगी में आजादी, बराबरी व समान अधिकार ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गांरटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले के खिलाफ सजा का भी प्रावधान है। समता का अधिकार,स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, सामाजिक सुरक्षा का अधिकार, लैंगिक समानता, दासता से मुक्ति का अधिकार इसके महत्वपूर्ण उपबंध हैं। भारत में 28 सितंबर1993 से मानव अधिकार कानून अमल में लाया गया। 12 अक्टूबर1993 को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया। मानवाधिकार शांतिपूर्ण, समावेशी व निष्पक्ष समाज की आधारशिला


गोष्ठी में मौजूद कार्यकर्ता

है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि झारखंड में मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हो रहा है। इस पर संबंधितों को निश्चित ही आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिये। संजीत कुमार ने कहा कि मानवधिकार दिवस पर हम सभी को इसके संरक्षा का संकल्प लेना चाहिये। इस अवसर पर कृष्णा राम, संजय मिस्त्री, सनी कुमार, राजू राम,उमेश पासवान,उपेंद्र तिवारी, संजय चौरसिया, उपेंद्र कुमार रजक, नन्हक सिंह,सन्तोष, ओम प्रकाश , विनोद कुमार, अजीत राम, मुरारी कुमार, शिव प्रसाद, विश्वानाथ प्रसाद विश्वकर्मा,सतीश दुबे उपस्थित थे।

## पिछड़े व अल्पसंख्यकों को प्रकोष्ठों में लटकाना अन्यायः झाक्रमं


शत्रुघ्न कुमार व अन्य

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु,मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामनरेश राम एवं मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने रविवार को पटेल नगर में संयुक्त वार्ता कर देशवासियों को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की बधाई दी। उन्होंने पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को अभी भी शोषण का शिकार बताते हुए कहा कि सारे प्रमुख लोकतांत्रिक पार्टियों ने इस देश में सदियों से प्रताड़ित दलित, आदिवासी, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को पार्टी की मुख्य धारा से भटका कर उन्हें उनकी जातियों व समुदायों के प्रकोष्ठों में लटकाकर भीषण अन्याय किया है। यह राजनीतिक सत्ता के माध्यम से वंचित वर्गों के मानवाधिकारों व नागरिक अधिकारों की प्राप्ति की दिशा में बाधक रहा है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों व नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए भारत के सभी दलों व सरकारों में हर स्तर पर जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए तभी संविधान की मूलभूत अवधारणा जमीन पर उतरेगी।

### कार से टकराकर अनियंत्रित मिनी ट्रक घर में घुसा

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित तुम्बागड़ा के पास तीखे मोड़ पर कार एवं मिनी ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिडंत हो गई। इससे अनियंत्रित होकर मिनी ट्रक सड़क किनारे स्थित रविंद्र कुमार के घर में घुस गया। दुर्घटना में घर के लोग बाल-बाल बच गये। रविंद्र कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 6:30 बजे अपना किराना दुकान खोल कर दुकान में थे। तभी मिनी ट्रक व कार में टक्कर के बाद मिनी ट्रक उनके घर में घुस गया। पक्का घर होंने के कारण सिर्फ छज्जे को नुकसान पहुंचा है। बाकी सामान व परिजन सुरक्षित हैं।

## रसोई गैस लीक होने से भड़की आग, चार झुलसे

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के दर्जी मुहल्ले में रसोई गैस रिसाव शनिवार की देर रात को आग लग गई। इससे भड़की आग में चार लोग झुलस गए है। घायलों में एक की हालात गंभीर है। बचाने के क्रम में अनवर खलीफा गंभीर रूप में जल गए हैं। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। अनवर खलीफा उर्फ बिट्ठू के रसोई घर में सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव हो रहा था। इस बात से अनजान जफरीन प्रवीण व निकहत प्रवीण खाना बनाने के लिए जैसे ही खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाई , रसोई घर में आग की लपटें निकलने लगी। घटना में जफरीन प्रवीण और निकहत प्रवीन आग की लपटों में घिर गई। इन दोनों महिलाओं को बचाने गए अनवर खलीफा और इम्तियाज खलीफा भी आग की लपटों से झुलस गए। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां सभी का इलाज हुआ।

### रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर अलाव जलवाये जाने की मांग

## अलाव नहीं जलने से कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे लोग


घास-फूस के सहारे ठंड से राहत की कोशिश में यात्री

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कड़ाके की ठंड शुरू हो जाने के बाद भी अभी तक शहर के किसी भी चौराहे पर अलाव का प्रबंध नहीं होने से नागरिकों विशेषकर यात्रियों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि डेढ़ वर्ष से अधिक समय से नगर निकायों का चुनाव लंबित है। ऐसे में जन प्रतिनिधि विहीन प्रदेश के नगर निकाय अधिकारियों की कृपा दृष्टि पर संचालित हो रहे हैं। मिचौंग तूफान के असर के कारण चार दिनों से पलामू भीषण शीतलहर की चपेट में है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर चौबीस घंटे यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है। इसके साथ रेलवे स्टेशन गरीबों व मजदूरों का भी लंबे अरसे से आशियाना बना हुआ है। इसके बाद भी नगर निगम द्वारा अभी तक चाक-चौराहों की बात तो दूर रेलवे स्टेशन पर भी अलाव नहीं जलवाया गया है। इससे गरीब-मजदूर ठंड में ठिठुरते हुए रात बिताने को विवश हैं। लोगों का कहना है कि यदि इस संबंध में तत्काल आवश्यक पहल नहीं की गई तो आने वाले दिनों में ठंड लगने से किसी असहाय की जान भी जा सकती है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल अलाव का प्रबंध कराये जाने की मांग की है।

## आक्रोश

### नुक्कड़ सभा कर जताया विरोध, की नारेबाजी

# धीरज साहू की गिरफ्तारी के लिए भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

**छत्तीसगढ़ में विधायकों की खरीद-फरोख्त के लिए किया जाना था काले धन का इस्तेमालः विजयानन्द पाठक**

**300 करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी झारखंड की गठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का परिचायक है**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेसी सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को भाजपाईयों ने शहर में आक्रोश मार्च निकाल कर नुक्कड़ सभा की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक ने किया। गीता भवन से शुरू हुआ मार्च शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते छहमुहान चौक पहुंच कर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए बीजेपी अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि कांग्रेसी नेता धीरज साहू के घर व कार्यालय से 300 करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी झारखंड की गठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री


नुक्कड़ सभा करते भाजपाई

नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि ना खायेंगे और ना खाने देंगे। जनता के पैसे लूटने वाले हर हाल में जेल जायेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के संपन्न चुनाव के बाद सरकार बनाने में खरीद-फरोख्त के लिए इस काले धन का इस्तेमाल किया जाना था,लेकिन जांच एजेंसी ने समय रहते इस काला धन को पकड़ने का काम किया है। भाजपा नेता परशुराम ओझा ने कहा कि झारखण्ड में गठबंधन सरकार के कई मंत्री भी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। आने वाले समय में ये सभी जेल जायेंगे। विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि जनता को लूटने वालों की जगह तिहाड़ जेल में है। उनका बचना मुश्किल है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड की लुटेरी सरकार जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रही है। विकास शून्य है और सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबी हुई है। दुर्गा जौहरी ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई को लूट कर अपनी तिजोरी भरने वाले सांसद धीरज साहू को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजने की जरूरत है। अविनाश वर्मा ने कहा कि ठग गठबंधन की सरकार ने झारखण्ड को लूट का चारागाह बना दिया है। संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री श्वेतांग गर्ग ने किया। सभा में छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विजय ओझा,मंगल सिंह,शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, विजय कुशवाहा, छोटू सिंह, ज्योति पांडे, नंदलाल गुप्ता, रिंकू माली,निवेदन अग्रवाल, कृष्ण मखड़िया,नवीन दुबे, सुनील पांडे,सीटू गुप्ता,मीना गुप्ता,संजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, विपुल गुप्ता,बच्चन ठाकुर,शांति पांडे, धीरेंद्र उपाध्याय व अनिल सोनी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## धीरज साहू जैसे लोगों ने बनाया झारखंड को पिछड़ा व गरीबः दीपक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड, उड़ीसा जैसे गरीब-पिछड़े राज्य को बदहाली, भूखमरी के कगार पर लाने में धीरज साहू जैसे लोगों की प्रमुख भूमिका है। जिन्होंने अवैध धन को अपने लॉकर में सजाकर आम जनमानस को भय, भूख, भ्रष्टाचार की आग में झोंक दिया है। पलामू के सेवादार सह झामुमो के कद्दावर युवा नेता दीपक तिवारी ने इनकम की छापेमारी में कांग्रेस के राज्य सभा सांसद के यहां मिले सैकड़ों करोड़ रूपये की बरामदगी पर आक्रोश जताते हुये यह बात कही। उन्होंने करोड़ों रुपये नगद व गहनों की बरामदगी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सदियों से सामंतवाद को बढ़ावा देकर गरीबों का शोषण करने का जीता-जागता प्रमाण अब सामने आ रहा है। गरीबों को लूटकर कमाया गया अवैध कमाई का


दीपक तिवारी

खजाना अब पकड़ाया है। धीरज साहू जैसे लोगों की प्रदेश में भरमार है। जो राज्य की बजट को लूटने का काम करते हैं। ऐसे लोगों की वजह कांग्रेस जैसी पार्टी ही नहीं बल्कि भारतीय राजनीति भी बदनाम हो रही है। ऐसे लोगों की कारगुजारी पर लगाम लगाते हुए निश्चित ही जांच एजेंसियों को कड़ा रुख अख्तियार करना चाहिये।

## गागर में सागर

### चिनिया थाना क्षेत्र के जंगल में फांसी के फंदे पर झूलता मिला अधेड़ का शव

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के चिनिया निवासी मोगल सिंह का शव चिनिया केटोला चिखुरा पत्थर फटहवा जंगल में एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह मवेशी को चराने के लिए कुछ लोग फटहवा जंगल में गए तो एक पेड़ पर चिनिया निवासी मोगल सिंह का शव देखा। चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर व शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि चिनिया के जंगल से मानसिक रूप से विक्षिप्त 50 वर्षीय मोगल सिंह का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टि यह मामला आत्महत्या का लग रहा है, फिर भी पुलिस विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

### बीडीओ ने मतदान केंदों का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिया निर्देश



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के 48 मतदान केंद्रों पर रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मतदताओं के ब्लैक एंड व्हाइट फोटो अथवा पुअर क्वालिटी के फोटो के स्थान पर अच्छी गुणवत्ता वाले साफ रंगीन फोटो को प्रतिस्थापित करने हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया गया। ब्लैक एंड व्हाइट क्वालिटी के फोटो प्रतिस्थापन को लेकर जेएसएलपीएस के सखी मंडल के दीदियों के साथ समन्वय बनाते हुए बीएलओ द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बीडीओ रविंद्र कुमार, जीपीएस उमेश कुमार ने कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिया। बीडीओ ने बीएलओ को मोबाइल एप्प से फॉर्म 8 भरकर मतदाताओं को फोटो सुधार करने एवं दो दिन के अंदर शत प्रतिशत फोटो सुधार का कार्य करने का निर्देश दिया।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच में जासा ने नरही को 3-0 से दी मात



**श्री बंशीधर नगर।** उच्च विद्यालय चितविश्राम के मैदान में रविवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नरही एवं जासा के बीच मैच खेला गया। जासा की टीम ने नरही को 3-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच का शुभारंभ नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर एवं जेएमएम नेता अमर नाथ पांडेय ने किया। वहीं पिपरडीह पंचायत के अंतर्गत सोनपुरा ग्राउंड पर खेले गये मैच में सोनपुरा की टीम ने पिपरडीह को 2-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। भोजपुर पंचायत के अंतर्गत भोजपुर मैदान में खेले गए मैच में अलकर की टीम ने भोजपुर को 2-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच का शुभारंभ मुखिया ओम प्रकाश उरांव ने किया। सोमवार को उच्च विद्यालय चितविश्राम के मैदान में नगर ऊंटरी प्रखंड की सभी पंचायत के बीच प्रखंड स्तरीय मैच खेला जायेगा। अपराह्न 3:00 बजे फाइनल मैच खेला जाएगा। उक्त आशय की जानकारी प्रखंड प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने दी।

### ग्राम सभा में भूमि अधिग्रहण पर चर्चा

**लोहरदगा।** लोहरदगा कैमो बड़का टोली में रविवार को पेशा ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान कृष्णा पहान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एनएच 143 ए बाई पास रोड बनाने के लिए हिरही, कैमो, गुड़गांवा, बाजार किस्को, जोरी सहेदा, बक्सी, सहेदा, बेटहठ, निंगनी, बगड़ू, चांदकोपा, पतरातु, हिसरी, आरेय, बंसरी, सेन्हा और अरू का चयन किया गया है। बैठक में विशेष रूप से बाईपास निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण करने को लेकर ग्रामीणों ने विचार विमर्श किया। ग्राम सभा में कार्तिक उरांव, मंगलेश्वर उरांव, अनुम्बीन खलखो, सुरेश उरांव, गोवर्धन उरांव, घूनई, उसलेरावर उरांव , पुनई उरांव, राजू पहान, जगदेव उरांव, राजा गंगा, अनिल उरांव, घून उरांव, भौका उरांव, सुनील उरांव,प्रभु उरांव, दिलीप उरांव, गुलजार अंसारी, जाउदीन असारी आदि उपस्थित रहे।

### केतार प्रमुख चंद्रावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अधिकारियों पर लगाया मोटी रकम वसूलने का आरोप

# पशुधन योजना के लाभुक चयन में अधिकारियों की मनमानी



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि ग्राम एवं प्रखंड के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों को शक्तियां दी गई हैं, परंतु केतार प्रखंड में अधिकारियों द्वारा इसका लगातार इसका उल्लंघन किया जा रहा है। प्रशासन जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं का चयन के लिए महज कॉलम पूरा करवाया जाता है। आरोप लगाते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अधिकारियों की मनमानी से किया जा रहा है।

प्रमुख ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री पशुधन योजना विकास योजना 2023-24 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय क्रियान्वयन समिति के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए सैकड़ों फार्म को अस्वीकृत कर जिले से मिले लक्ष्य के अनुसार योग्य लाभुकों का चयन किया गया था, परंतु प्रखंड कार्यालय से जिला कार्यालय में भेजी गयी रिपोर्ट में पशु चिकित्सक द्वारा मोटी रकम लेकर और व्हाइटनर लगाकर समिति द्वारा पारित योग्य लाभुकों के नामों को हटाकर उसके स्थान अयोग्य लाभुकों का चयन करके एंट्री कराई गई है, जो सरासर गलत है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने जिला प्रशासन से इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। अन्यथा इसकी शिकायत पेयजल मंत्री और मुख्यमंत्री से करने की भी बात कही है। प्रमुख ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए वो प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर धरने पर भी बैठेंगी।

## सरकारी स्कूलों में बेंच-डेस्क की सप्लाई और नापेड निर्माण कार्य में अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर सरकारी विद्यालयों में बेंच डेस्क सप्लाई में और नापैड (वर्मी कम्पोस्ट) निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत की है। प्रमुख ने कहा कि शिक्षा विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से नियम-कानून को ताक पर रखकर सरकारी विद्यालयों में किट व बेंच-डेस्क की सप्लाई प्रखंड के 44 विद्यालयों में की जा रही है,

**प्रमुख ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप की शिकायत**

जबकि स्थानीय दुकानदारों द्वारा प्रबंधन समिति के निर्णय के बाद उक्त समाग्री का कार्य किया जाना है। विद्यालयों में बेंच-डेस्क एवं किट की सप्लाई में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। एक माह पूर्व प्रखंड कार्यालय द्वारा कमेटी गठित कर जांच कराने की बात कही गई थी। लेकिन अब तक इसकी जांच नहीं की गई। इसके कारण स्थानीय स्तर पर कमीशनखोरी में अधिकारियों की मिलीभगत की अशंका उत्पन्न हो रही है, जबकि प्रखंड की सात पंचायतों में पीएचडी विभाग द्वारा नापेड निर्माण (वर्मी कम्पोस्ट) के लिए एक ही संवेदक को ठेकेदारी दी गई है। इसमें ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है। नापेड (वर्मी कम्पोस्ट) निर्माण के बाद से ही क्षतिग्रस्त होने लगा है। वर्मी कम्पोस्ट में दरारें पड़ने लगी हैं। प्रमुख ने उक्त दोनों मामलों की जांच कराकर संवेदक पर कारवाई करने का आग्रह किया है।

# मेनू अनुसार एमडीएम नहीं 2 शिक्षक मिले अनुपस्थित

### ग्रामीणों की शिकायत पर राजबास उमवि पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बिलैती खैर पंचायत के राजबास के ग्रामीणों की शिकायत पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय की जांच करने शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में कई खामियां पाई गईं, जबकि विद्यालय के दो शिक्षक बिना सूचना के गायब पाए गए। वहीं विद्यालय में मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन भी नहीं मिला। तत्पश्चात शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने विद्यालय के गोदाम को देखने के लिए ताला खुलवाने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन प्रधानाध्यापक कई तरह की बातें कर टाल मटोल करते रह गए, जबकि कुछ दिन पूर्व ही ग्रामीणों ने गोदाम में सड़ा हुआ चावल और एक्सपायरी डेट का बिस्किट का वीडियो बनाकर प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी को दिखाया था।

बताते चलें कि राजवास के सैकड़ों ग्रामीण बीते दिनों पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचकर शिक्षा विभाग को आवेदन देकर राजवास उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवपूजन सिंह पर कई तरह के आरोप लगाकर सिंह को हटाने की मांग की थी। मौके पर ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से बताया कि 15 दिनों के अंदर विद्यालय से अगर प्रधानाध्यापक को नहीं हटाया जाता है तो हम लोग 16वें दिन सामूहिक रूप से विद्यालय में तालाबंदी कर देंगे। मामले में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी से टेलिफोनिक माध्यम से बात करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी, शिक्षा विभाग के अश्वनी कुमार,पंचायत के उप मुखिया पति रवि प्रसाद, नरेश यादव, शनेश कुमार, संयोजिका पानपति देवी, सरवन कुमार, शिक्षिका नागवंती देवी, रसोईया पानवसी कुमार लखनी कुवर, प्रधानाध्यापक शिवपूजन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### खरौंधी पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरौंधी-भवनाथपुर मुख्य सड़क स्थित मध्य विद्यालय अमरोरा के ठीक सामने रविवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया कर रहे थे। इस दौरान कई बाइक सवारों को रोक कर हेलमेट की जांच की गई। इस संबंध में सिंदूरिया ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर हेलमेट पहनो जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंन कहा कि दुर्घटना में सबसे अधिक बिना हेलमेट चलने वालों की हेड इंजुरी के कारण जान चली जाती है। इसलिए केवल जांच के डर से ही नहीं, अपनी जान बचाने के लिए हेलमेट जरूर पहनें। वाहन चालकों से उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से वाहन चलाने हेतु नहीं देने एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, ट्रिपल सवारी नहीं करने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के साथ साथ कागजात के साथ ही वाहन लेकर निकलने की लोगों से अपील की। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

## खुरी में हाथियों ने दो बाइकों को पटककर किया क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
थाना क्षेत्र के खूरी गांव के सरकी टोला में शनिवार देर शाम हाथियों ने दो मोटरसाइकिल को पटक कर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। एक मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर सरकी टोला निवासी पप्पू चौधरी व एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस हरिदास चौधरी की बताई जा रही है, जबकि घटना में दोनों बाइक चालक बाल-बाल बच्चे।

घटना के संबंध में मोटरसाइकिल चालकों ने बताया कि खुरी साप्ताहिक बाजार से खरीदारी कर वापस हम दोनों लौट रहे थे। इसी बीच जंगल में शाम करीब 7:00 बजे दर्जनों की संख्या में हाथी पार हो रहे थे। कुछ समझ पाते तब तक हम लोग हाथी के करीब 10 फीट नजदीक पहुंच गए। आनन फानन में हम लोगों ने मोटरसाइकिल को उक्त स्थल पर ही छोड़कर वहां से भागे और अपनी जान को बचाया नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। बताते चलें कि चिनिया थाना क्षेत्र में बीते कई महीनों से हाथियों का आतंक जारी है और जंगल किनारे रहने वाले लोग भयभीत व काफी परेशान हैं। लेकिन अभी तक हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। इसका खामियाजा आम ग्रामीणों को अपनी जान माल से चुकानी पड़ रही है। हाथियों ने अब तक दर्जनों पशुओं को पटक कर मार जा चुका है, जबकि एक दर्जन से ऊपर खपरैल मकानों को भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त किया है। सैकड़ों किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

दोनों भूक्त भोगी बाइक चालकों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष ने बताया कि हाथियों द्वारा दो बाइकों क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मिली है। क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल का आकलन किया जा रहा है। प्रावधान के हिसाब से भुक्तभोगी को मुआवजा जरूर मिलेगा।

## चोर मचाए शोर वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं भानु : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा है कि भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही चोर मचाए शोर, वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। भानु खुद 130 करोड़ के दवा घोटाला के आरोपी हैं और आज शोर मचा रहे हैं। भानु की 18 संपत्ति अटैच की हैं, जिसे लगता है कि वे भूल गए। झामुमो जिला अध्यक्ष ने रविवार को होटल पद्मावती में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कहीं।

आलम ने कहा कि ईडी ने दवा घोटाला मामले में विधायक भानु की संपत्ति अटैच की है। उन पर मुकदमा चल रहा है। ईडी के सामने उन्होंने कहा था कि वे साल में 40 लाख रुपये का धान बेचते हैं। भाजपा के जितने भी नेता हैं उनके यहां ईडी छापामारी नहीं करती है, जबकि जो व्यक्ति 40 साल से कारोबारी है उसके घर में ही ईडी की छापामारी होती है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा गंगाजल है। जितने भी बड़े से बड़े भ्रष्टाचारी हैं वे सब भाजपा में शामिल होने के बाद बिल्कुल पाक साफ हो जाते हैं। उनके सारे आरोप समाप्त हो जाते हैं। उनकी सारी

**भाजपा है गंगाजल, उसमें जाते ही सभी भ्रष्टाचारी हो जाते हैं पाक साफ : तनवीर आलम**

काली कमाई सफेद हो जाती है। भाजपा के किसी भी नेता के घर में कभी ईडी, सीबीआई की छापामारी नहीं होती है। केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को अपने हथियार के रूप में गलत इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी यदि ईमानदारी पूर्वक काम कर रही है तो ढुल्लू महतो, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता के घर भी छापामारी करे। तब पता चलेगा कि उनके घर से कितना कैश बराबर होता है। उन्होंने कहा कि विधायक भानु वैसे शख्स हैं जिन्होंने स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए राज्य के गरीबों के जीवन से खिलवाड़ किया है। उन्होंने जीवन रक्षक दावा में ही 130 करोड़ का घोटाला कर दिया। राज्य के गरीबों का जीवन बचे या न बचे लेकिन उनके जीवन बचाने वाले दवा से भानु मालामाल हो गए। आज इन्हें अपने किए घोटाले पर तनिक भी शर्मिंदगी महसूस नहीं हो रही है। मौके पर केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, बंसीधर अनुमंडल अध्यक्ष आलमगीर आलम पांडे आदि उपस्थित थे।

## झारखंड को लूट रहे मंत्री, विधायक व सीएम : शाही



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद धीरज साहु खिलाफ काली मंदिर चिनिया मोड़ से रंका मोड़ होते हुए मझीआंव मोड़ तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान मझीआंव मोड़ पर सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भवनाथपुर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक, मुख्यमंत्री झारखंड को खुलेआम लूटने में लगे हुए हैं और जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेसी सांसद धीरज साहु के घर से करोड़ों रुपये नकद पकड़े गये तो इससे मंत्री मिथिलेश ठाकुर को दर्द ज्यादा हो रहा है। इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस, झामुमो मिलकर भ्रष्टाचार का इतिहास लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आखिर इतना पैसा कोई अपने घर में कैसे रख सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो ने मिलकर झारखंड को शर्मशार कर दिया है लेकिन झारखंड की जनता ऐसे निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। सांसद बीडी राम ने कहा कि झामुमो कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। मंत्री की छटपटाहट से स्पष्ट हो रहा है कि झामुमो का पैसा भी ब्लैक एंड व्हाइट के लिए कांग्रेस सांसद के पास पहुंच रहा था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान, रघुराज पांडेय, बिनय चौबे, सुरज गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी, मुरली श्याम सोनी, विवेकानंद तिवारी, रामाशीष तिवारी, बृजेंद्र पाठक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला महामंत्री विकास तिवारी, अविनाश पासवान, संजय जायसवाल, अनवर साह, नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पांडेय, प्रवीण जायसवाल, लक्ष्मण राम, ज्ञान रंजन चौबे, अभिषेक तिवारी, मनीष गुप्ता, बलराम यादव, रविन्द्र साव, प्रेमानंद त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद-विधायक

**मेराल।** प्रखंड की गेरुआ पंचायत भवन में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे शामिल हुए। इस मौके पर राम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उनके बीच केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार प्रचार करना तथा जानकारी देना है। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, आवास आदि योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो, बीडीओ जागो, महतो बीपीओ, फिरोज अंसारी, मुखिया अनिल चौधरी आदि उपस्थित थे।

**पहल** | दो पथ व एक पुल निर्माण का सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास

# 'जिले में सड़कों का जाल बिछा रही केंद्र सरकार'



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम व स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को सोनेहरा व बालेखाड़ गांव में 13 करोड रुपये की लागत से बनने वाले दो पथ निर्माण व एक पुल निर्माण का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। सबसे पहले सोनेहरा गांव के बाजार के निकट नदी के पास 6 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले पथ तथा एक करोड़ 82 लाख की लागत से पुल निर्माण का शिलान्यास किया।

वहीं बालेखाड़ गांव में 5 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से पथ निर्माण का शिलान्यास सांसद व विधायक द्वारा किया गया। दोनों सड़कों में एक सोनेहरा से मेराल डंडई स्टेट हाईवे तक 7.30 किलोमीटर पथ निर्माण किया जाएगा तथा सोनेहरा बाजार के निकट नदी पर उच्च स्तरीय 33 मीटर पुल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही बालेखाड़ से मेराल सिवान चारमुहान तक 6 किलोमीटर पथ निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम ने कहा कि गढ़वा जिले में केंद्र सरकार सड़कों का जाल बिछा रही है।

वहीं शाही ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो सोन नदी और कनहर नदी का पानी डंडई प्रखंड के हर एक किसान के खेत पहुंचाने का काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि सोनेहरा स्कूल को प्लस टू कॉलेज बनाया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान, मंडल उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय मौजूद रहे।

## विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने जयनगरा गांव में किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
कांडी-विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रविवार को कांडी प्रखंड के जयनगरा गांव में सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। जयनगरा मंदिर से नहर तक डेढ़ किलोमीटर लंबी व 1.44 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण आरईओ विभाग से महाकाल कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि मैंने आज जयनगरा गांव के लोगों की बहुत पुरानी मांग पूरी की है। कोयल व सोन नदी में तटबंध निर्माण कार्य जल्द होगा। सोन नदी में पूल का निर्माण हो रहा है। कांडी के सभी घरों में बिजली व जरूरतमंदों को आवास देने का काम किया है। उन्होंने निमार्णाधीन सूर्य मंदिर को पूरा करने के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की। मंदिर जल्द पूरा होगा। मोखापी मोड़ से घुरुआ -सोनपुरवा सड़क भी जल्द बनेगी। साथ ही कांडी कपूर्री चोक से ढबरिया सड़क का शिलान्यास मंगलवार को होगा। सभा में बजेंद्र कुमार, मुखिया परिखा राम, नागेंद्र मेहता, बजरंगी मेहता, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम लाला दुबे, विश्रामपुर प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि राम चद्र यादव, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, मझिआंव विधायक प्रतिनिधि चंद्रवंशी संजय कमलापुरी, उप मुखिया रवि मेहता, शशि रंजन दुबे, राम लखन चंद्रवंशी, मोतीलाल यादव, सीता राम तिवारी, महिला नेत्री अंजू देवी, दुलारी देवी, सर्जक राज मेहता, योगेंद्र राम, प्रवीण सिंह, चंद्रमा यादव, सहेंद्र प्रसाद, रविंद्र राम, मणिकांत सिंह आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### पत्थर में ठोकर लगने से वृद्ध की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के सांसग पंचायत के समीप कोड़ास ग्राम के पास ठोकर लगने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लातेहार पांडेपुरा पंचायत के मानिकपुरा निवासी भगवती साव (70) के रूप में की गई है। मृतक अहले सुबह अपने घर से किसी काम को लेकर सांसग ग्राम आ रहे थे कि तकरीबन 9:30 बजे कब्रिस्तान के पास बड़े से पत्थर में उनका पैर टकरा गया, जिससे वह गिर गए और चोट लगने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना मिलने के बाद परिजन वहां पहुंचे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के कई थाना क्षेत्रों में सघन एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। लातेहार में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में थाना गेट के सामने वाहन जांच अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी आशुतोष ले कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को ले कर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया है। इस दौरान कई वाहनों की जांच की गई। कई बाइक हेलमेट नहीं लगाये पाए गए। इस पर उन्हें चेतावनी दे कर छोड़ा गया। जिन वाहनों के दस्तावेज नहीं पाए गए उनके वाहन जब्त किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि वाहन जांच अभियान निरंतर चलाया जाएगा। कुछ दिन पहले हेरहंज थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान अंतर जिला बाइक चोर गिरोह के सदस्य को पुलिस ने पकड़ा था।

### भ्रष्टाचार का रोज नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है कांग्रेस पार्टी : हरेकृष्णा सिंह

**लातेहार।** भाजपा ने रविवार को समाहरणालय मोड़ तक एक रैली निकाली। समाहरणालय मोड़ पर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद व मंत्रियों ने अकूत पैसा जमा किया है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहु के ठिकानों से ईडी को 300 करोड़ से अधिक के रुपये मिले हैं। आखिर इतना पैसा आया कहां से, यह सब जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा है। जिला संगठन प्रभारी मुकेश रंजन सिन्हा ने कहा कि यह कांग्रेस की संस्कृति रही है। कांग्रेस के आला शीर्ष से ले कर आम सांसद तक भ्रष्टाचार में लिप्त है और अपने लिए अकूत संपत्ति जमा की है।

### अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के पुनः प्रखंड अध्यक्ष बने संजय

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में रविवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के प्रखंड समिति के पुनर्गठन को लेकर पर्यवेक्षक बिहारी कुमार भारती की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंद्रदेव भारती ने किया। बैठक में समाज के लोगों ने सर्वसमति से संजय भुइयां को दूसरी बार अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया। मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष ने नव मनोनित प्रखण्ड अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं दूसरी बार प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर काहा की समाज के लोगों ने जो दायित्व मुझे पुनः दी ही इसे मैं पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। उन्होंने कहा की मैं लगातार समाज उत्थान को लेकर प्रखंड क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयासरत रहा हूं। समाज के लोगों को सरकारी सहायता कैसे मिले इसके लिए रणनीति के तहत कार्य करता आ रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। वहीं सचिव के रूप लालमोहन भारती का चुनाव किया गया। मौके अजय भारती, लालमोहन भारती, रोहन भारती, बिनेश भारती, जयराम भारती, युवा प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र भारती, उप मुखिया अमलेश भारती, अजित भारती, टुन्नू भारती, रामजी भारती, नंदू भारती, बुधन भारती, रंजीत भारती, किशुन भारती, सहेबन भारती, राजकुमार भारती आदि उपस्थित थे।

### अटल मुहल्ला क्लीनिक का शुभारंभ




**चतरा।** शहर के बाईपास स्थित बाबा छात्रावास के निकट वार्ड नंबर 9 में अटल मुहल्ला क्लिनिक का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. जगदीस प्रसाद ने विधिवत फीता काट कर किया। मौके पर डॉ. कुमार उत्तम, डॉ. आदर्श कुमार, क्षेत्र के समाजसेवी पंकज दुबे, डीपीसी, डीपीएम, बीटीटी, कृष्ण कुमार दुबे मुखिया देवरिया, स्वास्थ्य सामाजिक कार्यकर्ता राजवीर, एएनएम व दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे। उद्घाटन के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रसाद ने क्लिनिक के संबंध में कहा कि इस क्षेत्र की आबादी अधिक होने एवं चिकित्सीय सुविधा नगण्य होने के कारण यहां अटल मुहला क्लिनिक का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द प्रक्रिया पूरी करके क्लिनिक को शुरू किया जाएगा। इस क्लिनिक में एमबीबीएस समेत दो डॉक्टर, दो पारामेडिकल, एएनएम, एक सुगर पैथलॉजिस्ट रहेंगे।

### 8 बेंचों का किया गया था गठन, 7 करोड़ 84 लाख सरकारी राजस्व की वसूली

# साल 2023 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत में 8753 वादों का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

वर्ष 2023 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय चतरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा वाजपाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीडीजे सह अध्यक्ष डीएलएसए सिंह एवं प्रधान नयाधीश कुटुंब न्यायलय कमल कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह, अपर जिला सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक देब्रत शर्मा व अन्य न्यायिक पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 8753 वादों का निष्पादन किया गया एवं 7,84,19,943 (सात करोड़ चौराशी लाख उन्नीस हजार नौ सो तेतालिश रुपए सरकारी राजस्व की वसूली हुई। वादों के निपटारे के लिए 8 बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह, सदस्य सीताराम यादव, सूरज अग्रवाल अधिवक्ता। दुसरे बेंच में राकेश चंद्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, सदस्य अशोक कुमार साहू एवं राजीव कुमार श्रीवास्तव पैनल अधिवक्ता, तीसरे बेंच में मो. उमर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह अवर न्यायाधीश प्रथम, सदस्य सुजीत कुमार घोष एवं शिशिर कुमार पाण्डेय पैनल अधिवक्ता, चौथे बेंच में मनोज कुमार इंदवार अवर न्यायाधीश चचुर्थ सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सदस्य दुखी प्रसाद एवं सौरभ कुमार मिश्रा पैनल अधिवक्ता, पांचवे बेंच में मिलन कुमार अवर न्यायाधीश पंचम सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, प्रवीण रंजन व दिलीप कुमार सिन्हा पैनल अधिवक्ता, छठे बेंच में मुक्ति भगत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड, सदस्य विद्यानंद कुमार एवं आशुतोष कुमार पैनल अधिवक्ता, सातवें बेंच में रामनारायण खलखो कार्यपालक दंडाधिकारी, सदस्य अक्षय कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार सिन्हा पैनल अधिवक्ता व आठवें बेंच में अजीत कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम, सदस्य प्रेम सिंह व मारुति जायसवाल शामिल थे। बेंच 2 से पांच लाख के चेक सड़क दुर्घटना पीड़ीत को पीडीजे सिंह के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पीडीजे ने कहा न्यायिक व प्रशासनिक समन्वय से ही सर्वाधिक मामलों का निपटारा हुआ। सचिव ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर बेहतर सहयोग किया जाता है।

## चंदन की फिरकी में उलझा सिमरिया, बीसीए चतरा ने 10 विकेट से जीता मैच

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**




गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच में रविवार को नौवां मैच बीसीए जूनियर चतरा बनाम सिमरिया जूनियर के बीच खेला गय। इसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमरिया जूनियर टीम ने 18 ओवर में सभी विकेट खोकर महज 50 रन का स्कोर खड़ा किया। सिमरिया की ओर से सजल ने सर्वाधिक 19 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बीसीए जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए चंदन ने पांच व प्रत्युष कुमार ने शानदार चार विकेट लिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी बीसीए की टीम ने महज 3.5 ओवर में बिना विकेट खोये 53 रन बना कर मैंच 10 विकेट से जीत लिया। बीसीए की ओर से पंकज कुमार व समीर कुमार ने 22-22 रन की शानदार पारी खेली। चंदन कुमार को पांच विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच के दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जिला क्रिकेट लीग के अध्यक्ष प्रेम राणा, लक्ष्मण दागी, संतोष निराला, बिंदी कुमार, चंदन कुमार, उपेंद्र कुमार, सोनू सिंह, जितेंद्र कुमार भोक्ता व अखिलेश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## जिप सदस्य रमेश राम ने नये ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने रविवार को प्रखंड के गाडी गांव स्थित भंडार टोला में नये विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। जानकारी देते हुए जिप सदस्य राम ने कहा कि इस टोले में विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्व में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर बीते छह माह से जला हुआ था, जिससे गांव में रहने वाले लगभग 40 घरों में विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इस कारण लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। ग्रामीणों की ओर से कई बार विभाग को सूचना देने के बाद भी कुछ पहल नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने मुझे इसकी जानकारी दी, जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर टोले में 100 केवीए का ट्रासफार्मर लगाने व छह माह का बिजली बिल माफ कराने की मांग की। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों मे काफी खुशी देखी गई। मौके पर ज्योति प्रसाद, राजन भुईया, जितु भुईया, बैजु यादव, मनोज यादव, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका एफओबी का निर्माण

### लेआउट मार्किंग स्थल का उप प्रमुख, पंसस, सांसद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन पर टोरी जंक्शन जंक्शन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज लेआउट मार्किंग स्थल का रविवार को प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर ने निरीक्षण किया।



उन्होंने कहा कि बीती 6 नवंबर को हाजीपुर रेलवे जोन के जीएम अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद रेलमंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा टोरी स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन के पश्चिम में प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज स्थल का उन्होंने निरीक्षण कर गति शक्ति नामक एजेंसी को फुट ब्रिज का निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 28 नवंबर को गति शक्ति एजेंसी ने फुट ब्रिज स्थल पर ले आउट मार्किंग कर छोड़ दिया है। जीएम हाजीपुर डीआरएम धनबाद के निर्देश के बाद भी गति शक्ति एजेंसी की नींद नहीं खुली है। फुट ओवरब्रिज की स्वीकृति मिले करीब एक वर्ष हो गया है। जनहित के कार्यों को हमेशा रेलवे विभाग अनदेखी करती आ रही है, यही कारण है कि इसका मार्किंग लेआउट हुए दस दिन से अधिक समय हो गया लेकिन अबतक फुट ब्रिज का निर्माण शुरू नहीं हो पाई है, जबकि अबतक इसे फाइनल हो जाना चाहिए था। मापी लेआउट कई बार की गई लेकिन इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया। फुट ब्रिज छोर आम रास्ता पर हाई स्कूल, गर्ल स्कूल, मिशन स्कूल, मीडिल स्कूल, पुस्तकालय स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय है, विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए रोज सुबह नन्हे बच्चे रेलवे लाइन पार कर जाते हैं, लेकिन छात्र छात्राओं की चिंता किसी को नहीं है, फुट ब्रिज बनने से प्रखंड के समुची आबादी को काफी राहत मिलेगी। निरीक्षण के बाद लोगों ने फुट ब्रिज के निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग जीएम हाजीपुर, डीआरएम धनबाद से की गई है।

मौके पर माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां, द्वारिका ठाकुर, अनिल प्रजापति, हाफिज शेर मोहम्मद, प्रयाग पाठक समेत कई लोग मौजूद थे।

## बिना हेलमेट के बाइक चालकों को पुलिस ने पहनाई माला

### टंडवा में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा(चतरा)**

टंडवा थाना क्षेत्र में राहम सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति राहगीरों को अभियान चलाकर जागरूक किया गया। संस्था व पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से इस दौरान सड़क सुरक्षा मानकों के तहत चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर चलाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, जसंख्या वाले क्षेत्रो में धीमी गति से वाहन चलाने, हेलमेट पहनकर एवं धीमी गति से बाइक चलाने, सड़क की बाई



तरफ चलने तथा ओवरलोड लेकर न चलने की अपील राहगिरों से की गई। हेलमेट पहने चालक एवं चारपहिया वाहनो में सीट बेल्ट लगाए चालकों को फाउंडेशन के सदस्यों ने गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया एवं बिना हेलमेट वाले बाइक चालकों व बिना सीटबेल्ट वालों को पुलिस द्वारा माला पहनाकर आगे से ऐसा नही करने को प्रेरित किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट टूनार्मेंट का भी शुभारंभ किया गया। अभियान में अंचलाधिकारी राजेंद्र दास, थाना प्रभारी विजय सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिप सदस्य सुभास यादव, झामुमो नेता सह सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, एसआई सुखनाथ पांडेय, फाउंडेशन के अध्यक्ष अजित पांडेय, मुख्य स्वयंसेवक सह पंसस विकाश कुमार पांडेय, उप स्वयंसेवक अरविंद पांडेय, उपेंद्र पांडेय, सदस्य मो. नुरुल, मो. मजहर, कुंदन पांडेय, संदीप पांडेय आदि शामिल थे।

## 7 माह से अधूरा पड़ा है मध्य विद्यालय का स्टेज निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय परिसर में 15वें वित्त आयोग की राशि से स्टेज का निर्माण किया जा रहा है, परंतु राशि भुगतान के चक्कर में स्टेज का निर्माण पिछले सात महीना से अधूरा पड़ा है। स्टेज अधूरा रहने से विद्यालय में किसी प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बच्चों के द्वारा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने में दिक्कत हो रही है। बताया जाता है कि स्टेज का निर्माण 2.49 लाख रुपये की लागत से की जा रही है। मुखिया व सचिव के द्वारा सिर्फ 15 हजार रुपये अग्रिम भुगतान किया गया है, जबकि स्टेज का निर्माण



पीलिंथ लेवल तक हो चुका है। यहां तक कि कार्य की माफी पुस्तिका भी तैयार कर पंचायत कार्यालय को सौंप दी गई है, परंतु राशि भुगतान नहीं की जा रही है। इससे स्टेज का निर्माण अधूरा पड़ा है। विद्यालय के शिक्षक एवं लाभुक समिति के सदस्यों ने बीडीओ से राशि भुगतान करवाने की मांग की है।

**आयोजन** जतरा कार्यक्रम में शामिल हुए मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की

# 'आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत है जतरा'

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र के सासंग पंचायत अंतर्गत सिकनी डामर में शनिवार शाम शक्ती खूंटा समिति आयोजन समिति द्वारा आदिवासी संस्थान का 10 वां स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव सह जतरा मेला का आयोजन शनिवार को किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में मांडर के पूर्व विधायक सह प्रदेश कॉंग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, सासंग मुखिया पुष्पा देवी, सासंग मुखिया अनिता देवी मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें समिति द्वारा पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। मंच



का संचालन पूर्व प्रमुख नवाहीर उरांव कर रहे थे। जतरा में सैकड़ों की संख्या में नृत मंडली ढोल-नगाड़े के साथ नाचते-गाते शामिल होकर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए जतरा मेला सांस्कृतिक विरासत है और इसे संजोए रखने की आवश्यकता है। आदिवासी जल, जंगल, जमीन के रक्षक होते हैं। अगर आदिवासी न होते तो आज शायद जंगल पहाड़ की रक्षा करने वाला कोई नहीं होता। उन्होंने आदिवासी समुदाय को एकजुट रहने की बात कही। शक्ति खूंटा के निर्माण हेतु बंधु तिर्की ने निजी मद से पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। बंधु तिर्की का मांदर बजाना और जिप सदस्य और महिला मुखिया का नृत्य और गीत जतरा का मुख्य आकर्षण रहा। मौके पर आसांसाविसं के कोषाध्यक्ष डॉ नरेश उरांव, सचिव जयराम उरांव, जागा उरांव, राजनाथ उरांव, बाबूलाल उरांव उपस्थित थे।

## केरेडारी के कोयले की ट्रांसपोर्टिंग टंडवा सिमरिया मुख्य सड़क से बंद करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

टंडवा-सिमरिया भाया चतरा मुख्य सड़क से हजारीबाग जिले के चट्टी बारियातू परियोजना में उत्पादित कोयले की ट्रांसपोर्टिंग मामले पर सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने सख्ती रुख अख्तियार कर लिया है। इस मामले को लेकर विधायक ने पत्रकारों से रूबरू होकर जिला प्रशासन को अविलंब 15 दिनों के अंदर रोक लगाने का अल्टीमेटम दिया है।

बताया कि कोयले की ट्रांस्पोर्टिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर आम लोगों के जानमाल की क्षति हो रही है। स्थिति देखकर लगता है मानों राज्य सरकार के साथ गोरखधंधे में जिले के अधिकारी भी मिले हुवे हैं। वर्ष 2013 से अबतक हजारों

**विधायक ने कहा, 15 दिन के अंदर जिला प्रशासन लगाये रोक, वरना हजारों लोगों के साथ होगा प्रदर्शन**

लोगों की जिंदगी कोल वाहनों ने छीन ली है। वहीं निजी रूप से समुचित पहल करने की मांग के बावजूद डीसी व एसपी द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। हजारों करोड़ रुपए राजस्व संग्रहण के बावजूद मुख्य सड़क को चौड़ा कर तथा कोल वाहनों में अनिवार्य रूप से स्पीड गवर्नर लगाकर अप्रत्याशित दुर्घटनाओं में रोकथाम लगाया जा सकता था, जिसे दरकिनार कर दिया गया है। उन्होंने जिक्र किया कि हजारीबाग के तात्कालिक उपायुक्त मुकेश कुमार केरेडारी-बड़कागांव के सड़क से मगध व आम्रपाली के कोयले की ढुलाई पर रोक लगा दी थी। पर ना जाने किस परिस्थिति में केरेडारी का कोयला टंडवा होकर जा रहा है। आखिर इसकी अनुमती क्यों दी गई है? कहा कि जिस प्रकार मगध-आम्रपाली का कोयला केरेडारी-हजारीबाग रोड में निरुद्ध किया गया है। उसी तरह केरेडारी के चट्टी-बारियातू का कोयला चतरा के मुख्य सड़क से नहीं जाने दिया जाएगा। 15 दिनों के अंदर चतरा जिला प्रशासन समुचित संज्ञान लेकर पहल नहीं करती है तो भाजपा कार्यकताओं द्वारा जोरदार आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन के लिए अगर जेल भी जाना पड़ेगा तो वे तैयार हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से एक मंच पर आने का आग्रह किया।

## गागर में सागर

### राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठान में शामिल होने का निमंत्रण पत्र बांटा गया

**लोहरदगा।** अयोध्या से आए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र को बजरंग दल के जिला संयोजक ने विश्व हिंदू परिषद प्रांत मार्गदर्शन मंडल कृष्ण चैतन्य स्वामी के आवास पर जाकर उन्हें निमंत्रण कार्ड दिया गया। पैर पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। उन्हें माला पहनकर भी स्वागत किया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठान मैं शामिल होने का निमंत्रण पत्र को दिया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से लेकर सारे कार्यक्रम का विधि व्यवस्था विश्व हिंदू परिषद की ओर से की जा रही है। मौके पर विहिप जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अशोक कासकर, बजरंग दल संयोजक सचिन साहू, सह गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप, बजरंग दल सहसंयोजक राज साहू समाजसेवी सुभाष सिंह उपस्थित थे।

### फुटबॉल मैच खेलकर दिया गया लिंग आधारित भेदभाव को मिटाने का संदेश

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय खेल मैदान में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध महिला मंडल द्वारा महिलाओं के फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच संकुल स्तर और ज्ञान ज्योति के बीच कराया गया। मैच में दोनों ही टीम बराबरी पर रही। ट्राइब्रेकर में संकेत कलस्टर की टीम 1 - 0 से विजयी रही। वहीं प्रखंड समन्वयक पूनम देवी ने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव को मिटाने के उद्देश्य से महिला मंडल द्वारा इस तरह का आयोजन किया गया जा रहा है। मौके पर जानकी देवी, राजमुनी कुजूर, जयंत कांडुलना, उमंग कुमार साहु, सुनैना उरांव, पूनम देवी, प्रतिमा कुजूर, शीतल कुमारी, प्रीति, सुनैना उरांव आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड की गड़रपो और भौरों पंचायत में रविवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुखिय सुमित उरांव व सुमंती उरांव ने किया। उज्जवला योजना के अंतर्गत गड़रपो व भौरों पंचायत मे पहान गैस वितरक एजेंसी के द्वारा कई लाभुकों को गैस का चूल्हा का वितरण किया गया। वहीं दोनों पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा बच्चो को अन्नप्राशन कराया गया। स्वास्थ्य, स्वास्थ्य भारत मिशन साहित दर्जनों स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी एव दर्जनों लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मौके पर मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

### आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**गुमला।** रायडीह थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी गोवर्धन साहू के घर पर इश्तेहार चिपकाते हुए ग्रामीणों को सलाह दी कि अगर किसी व्यक्ति से गोवर्धन साहू का संपर्क हो तो उन्हें यह सूचना पहुंचा दें कि एक माह के अंदर व्यवहार न्यायालय गुमला या रायडीह थाना में पहुंच कर आत्मसमर्पण कर दे, अन्यथा एक माह के अंदर न्यायालय के आदेश पर उनके घर की कुड़की कर दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि 24 फरवरी को गोवर्धन साहू ने अपने पुत्र एवं परिवार से मिलकर अपने ही रिश्तेदार जितेंद्र साहू के 15 वर्षीय पुत्र ज्ञान दीप साहू की अपने ही घर में गला घोट कर हत्या कर दी थी।

### 10 साल की बच्ची ने की आत्महत्या

**गुमला।** जिला अंतर्गत पुसो थाना स्थित बोर्डो ग्राम निवासी प्रदेश तिर्की की मात्र 10 वर्षीय पुत्री अनुष्का तिर्की ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के निलेश उरांव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुसो थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

### घरेलू विवाद में महिला ने खाया कीटनाशक

**गुमला।** चैनपुर थाना स्थित डहुडढ़ ग्राम निवासी एक 25 वर्षीय महिला ने अपने घरेलू विवाद के कारण कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी स्थिति गंभीर होते देख उसके परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए चैनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा हैं।

### बंदियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम

**गुमला।** प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार संजय कुमार चंद्रयाभी के मार्गदर्शन में डालसा द्वारा मंडल कारा गुमला में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बंदियों के बीच किया गया। बंदियों को मानव अधिकार के महत्व के विषय में जानकारी दी गई। शिविर में डालसा के अधिवक्ता इंदु पांडे तथा जितेंद्र कुमार, जेलपीएलभी, डालसा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का नेतृत्व अधिवक्ता विद्या निधि शर्मा तथा बुनदेश्वर गोप ने किया। बंदियों को बताया गया कि 10 दिसंबर के दिन अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इसी दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव अधिकार को अपनाया गया था। मानवाधिकार सार्वभौमिक है तथा किसी व्यक्ति को इनसे निवास, लिंग, जातीयता, राष्ट्रीयता, रंग, भाषा, धर्म या अन्य किसी कारण से वंचित नहीं किया जा सकता है। मानव अधिकारों के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण अधिकार शामिल हैं जैसे की राष्ट्रीयता का अधिकार, गलत ढंग से गिरफ्तारी के खिलाफ अधिकार, गुलामी का निषेध, कही भी आने जाने और निवास की स्वतंत्रता का अधिकार, आदि।

### दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में आर्य युवा सम्मेलन का आयोजन

# 'महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन को आत्मसात करने की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को आर्य युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। समाजसेवी हनुमान प्रसाद राजगढ़िया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किशन आर्य द्वारा हवन कराया गया। आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोहरदगा के अलावे गुमला, लातेहार, सिमडेगा, बोकारो, रांची आदि जिलों से के कुशल वक्ताओं ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। इसमें वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, चिकित्सक डॉ. शंभू नाथ चौधरी, गिरिवर शिशु मंदिर से चंदन भारती, डीएवी के शिक्षक जितेंद्र मेहेर, सेवानिवृत्त शिक्षक वैद्यनाथ मिश्र, सतीश जायसवाल, आचार्य सोमनाथ शास्त्री, भूषण प्रसाद, समाजसेवी दीपक कुमार, आचार्य गणेश शास्त्री, डॉ. प्रतिभा शास्त्री, विजय साहू आदि ने अपने महत्त्वपूर्ण विचारों के साथ मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृपा प्रसाद सिंह ने की। आचार्य शरचचंद्र आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती के प्रयासों से ही राष्ट्र को आजादी मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृपा प्रसाद सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन आर्यवीर दल के व्यायाम प्रशिक्षक आचार्य आशीष आर्य, आचार्य कृष्ण आर्य ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में 'प्यारा ऋषि' का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में व्यवस्था प्रमुख पहलवान महादेव आर्य, रविंद्र दत्ता, उषा कुमारी, दीपक कुमार आर्य, मिथिलेश प्रजापति आर्य, सुखनाथ नगेसिया, महेंद्र कुमार, शिवराज विजय महतो, सत्यम उरांव, किशन आर्य, सूरज आर्य, बिट्टू कुमार, योगेंद्र आर्य, बैजनाथ प्रसाद गुडुस, महर्षि दयानंद बालवाड़ी संचालिका सरस्वती कुमारी, निशा कुमारी, सपना कुमारी, रीमा केशरी, मानसी भारती, दीपिका कुमारी आदि मौजूद रहे।



# झारखंड उर्दू विकास मंच का गठन

### हाजी शकील अहमद बनाए गए सदर व फिरोज ए राही को बनाया गया सेक्रेटरी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उर्दू भाषा की विकास को लेकर रविवार को परवेज रहमानी साहब की अध्यक्षता में बैठक हुई। इससे संबंधित एक समिति भी गठित की गई। इस समिति का नाम उर्दू विकास मंच झारखंड रखा गया। सर्व सहमति से समिति का मुख्य संरक्षक परवेज रहमानी को बनाया गया।

संरक्षक प्रो. नईम खान साहब, प्रो अब्दुल कुद्दूश कुरैशी साहब, प्रो. अरशद मोमिन प्रिन्सिपल साहब, अब्दुल रउफ अंसारी, कमरूज्जमा कुरैशी साहब, हाजी अब्दुल जब्बारूल, को मुन्तखब किया गया। समिति के सदर के रूप में हाजी शकील अहमद, नायब सदर हाजी मोहम्मद असलम और जनाब मोहिबुल्लाह आताई साहब को मुन्तखब किया गया। उसी तरह सेक्रेट्री के लिए जनाब फिरोज ए राही साहब और जॉइंट् सेक्रेटरी के रूप में हाजी मंसूर साहब और खालिद अहमद बादल साहब को मुन्तखब किया गया। कोषाध्यक्ष के लिए प्रो. एजाज अहमद जबकि मीडिया प्रभारी के रूप में अब्दुल कयूम खान साहब, हाजी मुमताज अहमद और अबरार आलम को चुना गया। कार्यकारिणी समिति में जनाब वारिस कुरेशी (सदस्य अल्प संख्यक आयोग) मास्टर इरफान उल्लाह, मास्टर एनामुल हक, मास्टर अशरफ खान, मास्टर नसीम अख्तर, मास्टर अमीर उल्लाह, मास्टर सोरजी अहमद, मास्टर शहादत हुसैन, मास्टर तौहीद आलम, मास्टर हाजी अली, मास्टर आलमीन, मास्टर नसीम, मास्टर महबूब आलम, मास्टर तौहीद आलम, मास्टर अब्दुल वहीद, मास्टर नसीम अख्तर, आफताब आलम, औरंगजेब साहब, मास्टर हाजी सोहेल अहमद, दानिश रजा, अफरोज आलम कुरैशी, जनाब रजी अहमद, जनाब महमूद आलम, सैयद तनवीर और हाजी मंजूर साहब को बनाया गया है। समिति अपने काम को आगे बढ़ाने के सिलसिले में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले मैट्रिक और इंटर की वार्षिक परीक्षा को देखते हुए सभी छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क कोचिंग चलाया जाएगा। यह इसी महीने शरू होगा, जिसकी जानकारी बहुत जल्द दी जाएगी। इस कोचिंग में सभी प्रकार के छात्र एवं छात्राएं भाग ले सकेंगे।



# पुलिस ने किया महिला हत्याकांड का खुलासा आरोपी भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**




जिले के बहुचर्चित हत्याकांड का अंततः खुलासा हो ही गया। बीते दिनों फोरी ग्राम के एक कुएं से एक युवती के सिर विहीन नग्नावस्था में मिले शव ने पूरे गुमला जिले में सनसनी फैला दी थी। एस इस मामले में एसआईटी ने सदर थाना स्थित फोरी ग्राम निवासी 22 वर्षीय एसान मिदार्हा उर्फ बादल, उर्फ छोटू, उर्फ सोनू को उसके घर से गिरफ्तार कर गुमला थाना लाया, जहां उसने अपने सभी अपराध स्वीकार कर लिए। उसने बताया कि मृतिका अर्चना कन्डुला के द्वारा गलत और अश्लील वीडियो बनाकर मुझे ब्लैकमैल कर रही थी। गिरफ्तार एसान मिदार्हा की निशानदेही पर कटा हाथ, हत्या में प्रयुक्त टांगी, एक पैशन मोटरसाइकिल, अभियुक्त द्वारा प्रयोग किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस अधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। बताया कि आरोपी को बाद में गुमला व्यवहार न्यायालय स्थित न्यायालय में प्रस्तुत करगुमला सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद गुमला जेल भेज दिया गया। मृतक युवती की पहचान खूंटी जिला अंतर्गत रनिया थाना स्थित जयपुर ग्राम निवासी अर्चना कन्डुला के रूप में की गई।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा शिविर से 38 लोग हुए लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 78 वें सप्ताह के रविवार को भी निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। शिविर में 38 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। लोगों ने शुगर, बी.पी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए। डॉ कुमुद ने कहा कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से समय पर बिमारी का पता चल सकता है। उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह एवं सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दूर-दूर से लोग यहां आकर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, शशि भूषण सिंह, जयप्रकाश शर्मा, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध प्रसाद महतो, अशोक अग्रवाल, जागेश्वर प्रधान, अंजलि सर्राफ, गीता देवी, अतुल सर्राफ, अर्जुन अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मुकेश लाल शाहदेव, मनमोहन प्रसाद, मीना देवी, रमेश शर्मा, शांति देवी, कृष्णा प्रसाद, नंदन कुमा, माही कुमारी, किशोर अग्रवाल, उदय कास्यंकार, प्रभु दयाल साहू, सुरेंद्र प्रसाद, चंपा देवी, ओमप्रकाश कास्यंकार, रामचंद्र गिरी, तारा देवी, प्रिया कुमारी, राहुल कुमार, नंदलाल कास्यंकार, चिंतामणि देवीखत्र, नीरज खत्री आदि थे।

# 'कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार से पुराना नाता'

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भाजपा ने रविवार को कांग्रेस सांसद के खिलाफ धरना कार्यक्रम का आयोजन किया। इसको संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि कर चोरी के आरोप में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300 से 400 करोड़ रुपए की बरामदगी आयकर की छापे में हुई है। यह इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार से पुराना नाता रहा है और वर्तमान में भी कांग्रेस के नेता किस हद तक भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हुए है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा भ्रष्टाचारियों और शोषण के विरुद्ध भाजपा हमेशा मुखर रहेगी यह इंडिया गठबंधन भ्रस्टाचारियों का गठजोड़ है, इससे देश को सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि झारखंड से राज्यसभा सांसद बनने के लिए सांसद धीरज साहू ने अपने हलफनामे में 2-3 करोड़ का जिक्र किया तो 400... करोड़ नकद पैसा कहां से आया, ये पैसा कांग्रेस के



द्वारा अवैध रूप से जमा किया हुआ पैसा है। पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र ने कहा बरामदगी पैसा देश विरोधी गतिविधियों के लिए होना था, लोहरदगा में दंगा भी यही सब पैसे से करवाया गया था, पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए। मौके पर जिला महामंत्री मिसिर कुजूर, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामावतार भगत, जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, एसटी मोर्च प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, भिखारी भगत, भूपन साहु, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, विनोद कुमार, सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, गायत्री देवी, यसवंत सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, अरविन्द मिश्रा, रविंद्र सिन्हा, बाल्केश्वर सिंह, रामवतार भगत संजय वर्मा, शम्भु सिंह, जगनारायण सिंह, अमरमणि उरांव, सुमन कुमार यादव, योगेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, सुबा एलबुम तिग्गा, केदार साहू, कौशलेंद्र जमुआर, कंचन सिंह, कौशल साहू, रविशंकर सिंह, रंजीत सोनी, प्रमोद सिंह, सूरज सिंह, सौरभ पांडे, रामविलास साहू, पूर्णिमा देवी, सीता देवी, यशोदा देवी, गोपाल गोप, दिनेश चौधरी, सुनील दास, देवेंद्र लाल उरांव, अनिल साहू, मुरारी सिंह, जयप्रकाश साहू आदि धरना कार्यक्रम में शामिल थे।

**पहल** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

# 'हर व्यक्ति को प्राण, स्वतंत्रता व सुरक्षा का आधिकार'

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें उपस्थित बच्चों, शिक्षकों एवं समिति सदस्यों के बीच व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा करते हुए मानवाधिकार के निमित्त सभी 30 बिंदुओं पर सविस्तार जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने बताया कि किसी भी व्यक्ति का जीवन, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार के अंतर्गत आता है, लेकिन ज्यादातर लोग अपने इन अधिकारों के बारे में अच्छे से नहीं जानते हैं। उन्हें इन अधिकारों से रूबरू कराने के लिए ही मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी जाति, धर्म, संस्कृति, लिंग, रंग, भाषा, राजनीतिया अन्य विचार, जन्म या अन्य परिस्थिति आदि के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ मानसिक और शारीरिक भेद भाव नहीं किया जा सकता है, न ही उसे संवैधानिक अधिकारों से वांछित किया जा सकता है। चूंकि सभी मनुष्य जन्म से ही गरिमा और आधिकार की दृष्टि से स्वतंत्र एवं समान हैं। प्रत्येक व्यक्ति को प्राण, स्वतंत्रता और सुरक्षा का आधिकार है। आज हमें व्यक्तिगत आधिकार की जानकारी के लिए भी शिक्षित होना बहुत जरूरी है। जबतक हम शिक्षित नहीं होंगे तबतक मानव आधिकार की जानकारी नहीं मिल पाएगी। इसलिए आज हमें व्यक्तिगत जीवन के आधिकार के साथ साथ संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी के लिए शिक्षित समाज निर्माण आज की मांग है। कार्यक्रम में शिक्षक कृष्णा उरांव, आशीष तिर्की, पवन खाखा, मो. खालिद अख्तर, सयुम अंसारी, महावीर भगत आदि मौजूद रहे।



# सैकड़ों लोग आजसू पार्टी में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिले से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने रांची पहुंचकर आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी मुख्यालय हरमू रोड में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में लोहरदगा से घर वापसी करते हुए पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व सचिव रंथु उरांव, नारी नवाडीह से भाजपा के इकारामूल अंसारी, ओबीसी मोर्चा के राजू उरांव, हरमू मुखिया सुनील उरांव, सेवानिवृत बैंक प्रबंधक एन कुजूर, कांग्रेस पार्टी के पूर्व लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, भारतीय मजदूर संघ के नेता रोहित भगत के अलावा राष्ट्रीय दल एवं क्षेत्रीय दल के अन्य कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता त्रस्त है और आम जनता एनडीए और आजसू पार्टी की ओर देख रही है। मौके पर लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने स्वागत किया। कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आजसू की यहां जीत हुई थी और आने वाले समय में आजसू लोहरदगा सीट पर विजय प्राप्त करेगी और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात कवलजीत सिंह ने कहा कि आजसू का संगठन मजबूत था, मजबूत है और आने वाले समय में और मजबूत होकर उभर रहा है और सारे लोगों की मेहनत से इस बार लोहरदगा सीट पर फतेह करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत स्वप्न देव सिंह, लाल गुडडू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, राजन मेहता, महेंद्र महतो, पंकज महतो, दिलीप साहू, देवेंद्र साहू, पंकज मिश्रा, अंजू देवी, जहांगीर आलम, हरि महली, आयुष मेहता, कलीम खान, साजिद कलाल, आकाश मेहता आदि मौजूद थे।



## एक नजर

### बाजारों के लिए व्यक्तिगत ऋण के विरुद्ध आरबीआई का उपाय है समस्याग्रस्त

**नई दिल्ली ।** एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि शेयर बाजार के नजरिए से चिंता की बात यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) कर्ज से प्रेरित खपत पर लगाम लगाने के लिए अधिक सीधे कदम उठा रहा है। भारत में सबप्राइम उधारकताओं को ऋण देना अविश्वसनीय रूप से कुशल हो गया है, क्योंकि उधारकताओं को आकर्षित करने और स्क्रीन करने, उनके ऋणों को पूल करने और क्रेडिट जोखिम लेने के लिए जमा लेने वाली संस्था खोजने के लिए नई डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है,ह्लहालांकि, खुदरा ऋण, कुल अग्रिमों की दोगुनी गति से बढ़ रहा है, नियंत्रण से बाहर हो सकता है और यह उच्च बेरोजगारी और स्थिर वास्तविक मजदूरी के बीच भविष्य की परेशानी का नुस्खा बन सकता है। हालांकि, इक्विटी बाजारों के लिए, व्यक्तिगत ऋण के खिलाफ केंद्रीय बैंक का विवेकपूर्ण उपाय समस्याग्रस्त है।

### एफपीआई प्रमुख बैंकों में खरीदार बन गए हैं

**नई दिल्ली।** एफपीआई ने दिसंबर में भारत में बड़ी वापसी की है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, भले ही एफपीआई ने नवंबर में भारत में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश किया, लेकिन वे नकदी बाजार में 368 करोड़ रुपये के विक्रेता रहे। दिसंबर में नकदी बाजार में बड़ी खरीदारी के साथ यह बदल गया है। 8 दिसंबर तक महीने में नकदी बाजार में खरीदारी 10874 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 8 दिसंबर तक प्राथमिक बाजार के माध्यम से निवेश सहित भारत में कुल निवेश 26,605 करोड़ रुपये है। 2024 के आम चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता के संकेत, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास गति, मुद्रास्फीति में कमी, अमेरिकी बांड पैदावार में लगातार गिरावट और ब्रेंट क्रूड में सुधार ने स्थिति को भारत के पक्ष में कर दिया है।

### एनसीएलएटी ने सीसीआई जुमार्ने पर एनटीपीसी को राहत दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने रत्नागिरि गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड में 35.47 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण का खुलासा नहीं करने के लिए सरकारी स्वामित्व वाली बिजली कंपनी एनटीपीसी पर 40 लाख रुपये का जुमार्ना लगाने के सीसीआई के आदेश पर रोक लगा दी है। एनसीएलएटी के आदेश के अनुसार, जुमार्ने पर रोक लगा दी गई है, क्योंकि एनटीपीसी ने भारतीय स्टेट बैंक पर आहरित 10 लाख रुपये की टर्म डिपोजिट एडवाइस जमा की है, जो कुल जुमार्ना राशि का 25 प्रतिशत है। मामले की सुनवाई अब 27 फरवरी, 2024 को होने की संभावना है। एनटीपीसी ने सीसीआई के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी थी, जो भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के फैसलों पर एक अपीलीय प्राधिकरण है।

### टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी का लाइटनिंग ब्लू एडिशन लॉन्च

# बाइक में डुअल-चैनल एबीएस के साथ वॉयस असिस्ट सिस्टम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टीवीएस मोटर इंडिया का बाइकिंग इवेंट 'मोटोसोल' तीसरा इडिशन आज यानी 9 दिसंबर से गोवा में शुरू हो गया है। पहले दिन कंपनी ने भारतीय बाजार में अपाचे आरटीआर 160 4वी का नया लाइटनिंग ब्लू एडिशन लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने मोटरसाइकिल के 2024 एडिशन में कई अपग्रेड किए हैं। बाइक अब डुअल-चैनल एबीएस के साथ रियर डिस्क ब्रेक और वॉइस असिस्ट फीचर के साथ स्मार्टफोन कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स के साथ आएगी। कंपनी ने लाइटनिंग ब्लू एडिशन की कीमत (दिल्ली एक्स-शोरूम) 1.35 लाख रुपए रखी है।

**टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी : परफॉर्मेंस :** टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी में परफॉर्मेंस के लिए 160, सिंगल-सिलेंडर, 4 वॉल्व

सिंगल-सिलेंडर, 4 वॉल्व एयर/ऑयल-कूल्ड इंजन दिया है



एयर/ऑयल-कूल्ड इंजन दिया है, जिसे ट्रांसमिशन के लिए 5-स्पीड गियरबॉक्स के साथ कनेक्ट किया गया है। इसके साथ तीन राइडिंग मोड्स-अर्बन, रेन और स्पोर्ट मिलते हैं।

#### ब्रेकिंग, सस्पेंशन व फीचर्स

कंफर्ट राइडिंग के लिए अपाचे आरटीआर 160 4वी में फ्रंट में टेलीस्कोपिक फोर्क और रियर में एडजस्टेबल एक मोनोशॉक यूनिट दी गई है। वहीं ब्रेकिंग के लिए रियर व्हील पर 240एमएम का डिस्क ब्रेक मिलता है। फीचर्स की बात करें तो बाइक में वॉइस असिस्टेंस के साथ कंपनी का स्मार्ट एक्सकनेक्ट फीचर सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड दिया गया है। इसमें कई फंक्नालिटीज जैस टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, कॉल/रटर अलर्ट और क्रैश अलर्ट सिस्टम हैं।

### हुंडई, किआ का संयुक्त निर्यात 2023 में 2 मिलियन के करीब

सोल। दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निमार्ता कंपनी हुंडई मोटर और उसकी सहयोगी कंपनी किआ 2023 में 2 मिलियन यूनिट का संयुक्त निर्यात करने के लिए तैयार हैं, जैसा कि रविवार को महामारी के बाद बाजार में सुधार के आंकड़ों से पता चला है। रिपोर्ट ने कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के हवाले से हुंडई और किआ ने जनवरी-अक्टूबर की अवधि में ऑटोमोबाइल की 945,062 और 867,136 संबंधित यूनिट्स भेजीं। आंकड़ों से पता चलता है कि संयुक्त आंकड़ा 2022 में इसी अवधि से 17.5 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। दोनों कार निमार्ताओं द्वारा 180,000 यूनिट्स की मंथली शिपमेंट को ध्यान में रखते हुए, इंडस्ट्री के अधिकारियों का अनुमान है कि 2016 के बाद पहली बार 2023 में उनकी विदेशी बिक्री 2 मिलियन यूनिट से ज्यादा होगी। दुनिया भर में पर्यावरण-अनुकूल कारों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए समूह द्वारा घरेलू उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने के बाद यह वृद्धि हुई है।

## 2023 के बाद भारत वैश्विक रैंकिंग में चौथे स्थान पर खिसका

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की स्टार्टअप विकास की कहानी में सेंध लगाते हुए, देश 2023 में सबसे अधिक वित्त पोषित भौगोलिक क्षेत्रों में वैश्विक रैंकिंग में चौथे स्थान पर फिसल गया, क्योंकि यहां पांच वर्षों में सबसे कम फंडिंग दर्ज की गई। वैश्विक बाजार खुफिया मंच ट्रैक्सन द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2021 के साथ-साथ 2022 में वैश्विक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने के बाद, भारत इस साल अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद चौथे स्थान पर रहा, जिसे कुल फंडिंग (5 दिसंबर तक) में केवल 7 बिलियन डॉलर प्राप्त हुए। इस वर्ष की तीसरी तिमाही में, भारत सबसे अधिक वित्त पोषित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया। तीसरी तीमाही 2023 ने कुल 1.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जो कि दूसरी तीमाही 2023 से 30 प्रतिशत कम है और 2022 की तीसरी तीमाही की तुलना में 54 प्रतिशत कम है। इस वर्ष की अंतिम तिमाही में अब तक की सबसे कम 957 मिलियन डॉलर की फंडिंग दर्ज की गई, जो कि 2016 की तीसरी तिमाही के बाद से सबसे कम फंडिंग वाली तिमाही है। रिपोर्ट से पता चला, भारत में फंडिंग विंटर के प्रभावों का अनुभव जारी है। 2022 की चौथी तिमाही में फंडिंग में वृद्धि के बाद, इंडिया टेक की फंडिंग में हर तिमाही में गिरावट देखी जा रही है, 2023 की तीसरी तिमाही में फंडिंग में लगातार तीसरी गिरावट के साथ यह 2023 में सबसे कम फंड वाली तिमाही बन गई है और पिछले 5 वर्षों में सबसे कम वित्त पोषित तिमाही भी। फंडिंग प्रवाह में गिरावट के बावजूद, भारत ने इस साल कुल फंडिंग के मामले में शीर्ष 5 भौगोलिक क्षेत्रों में अपना स्थान बरकरार रखा है।

# मार्केट की तेजी से सरकार मालामाल

### पीएसयू शेयरों का मार्केट कैप 46 करोड़ से ज्यादा हो गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2023-24 की शुरूआत से ही भारतीय बाजार में तेजी देखी जा रही है। इसका फायदा सरकार की लिस्टेड 85 कंपनियों को भी पूरी तरह से मिला है। इस वजह से केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित कंपनियों का मार्केट कैप रिकॉर्ड 17 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 46 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। लिस्टेड 85 सरकारी कंपनियों में से 83 कंपनियों ने सकारात्मक रिटर्न निवेशकों को दिया है। केवल पावरग्रिड इन्फ्रा और इंदप्रस्थ गैस ने ही -21.71 प्रतिशत और -6.27 प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है, जबकि 29 सरकारी कंपनियों ऐसी हैं, जिन्होंने निवेशकों को 100 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। 2023-24 की शुरूआत से लेकर अब तक एफएसीटी ने 269.4 प्रतिशत, आरईसी ने 251.4 प्रतिशत, आईटीआई ने



226.6 प्रतिशत, पीएफसी ने 217.2 प्रतिशत, मझगांव डॉकयार्ड ने 210 प्रतिशत, ओडिशा मिनरल ने 194.5 प्रतिशत, आईआरएफसी 187.9 प्रतिशत, इरकॉन इंटरनेशनल ने 187.1 प्रतिशत, सीपीसीएल ने 185.8 प्रतिशत और रेलटेल कॉर्प ने 184 प्रतिशत का बंपर रिटर्न निवेशकों को दिया है।

### निवेशकों के लिए कुछ पीएसयू व निजी बैंकों पर भरोसे का समय

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकिंग प्रणाली में विदेशी और सहकारी बैंकों के अलावा 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। पिछले एक साल से अब तक बैंकिंग इंडेक्स ने 9.29 फीसदी का रिटर्न दिया है। दिवाला और दिवालियापन संहिता लागू होने के बाद, भारतीय बैंकिंग प्रणाली की अधिकांश गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का समाधान हो गया है, या तो इसका भुगतान कर दिया गया है या राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मार्ग के माध्यम से लिया गया है। यदि हम अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों पर नजर डालें तो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में भारी कमी आई है। भारतीय बैंकों ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के दौरान अच्छी कमाई की, लेकिन प्रदर्शन में धीमी गति देखी गई।

## निवेशकों की नजर भारत, अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़ों पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि आगामी सप्ताह में, निवेशकों की नजर भारत और अमेरिका के मुद्रास्फीति डेटा पर रहेगी। भारतीय में महंगाई दर बढ़ने की संभावना है, जबकि अमेरिकी मुद्रास्फीति स्थिर रहेगी। भारतीय औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन में भी विस्तार की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि फेड नीति बैठक के नतीजे बाजार की भावनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे। मजबूत घरेलू जीडीपी विकास दर में बढ़ोतरी के कारण भारतीय बाजार ने सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया। आरबीआई द्वारा दरों को यथास्थिति बनाए रखने के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी विकास पूवार्नुमान (6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत) ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया। उन्होंने कहा



कि एसडीएफ और एमडीएफ सुविधाओं को वापस लेने सहित तरलता की कमी को दूर करने के उपायों ने वित्तीय स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे सप्ताह के दौरान निफ्टी बैंक में 5 प्रतिशत की बढ़त हुई। मूल्यांकन ठीक होने, त्योहार के सीजन में मांग बढ़ने और आवासीय बिक्री में मजबूत वृद्धि के कारण आईटी, उपभोक्ता, ऑटो और रियल्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आर्थिक परिदृश्य, मजबूत दूसरी तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण मिड और स्मॉल-कैप ने बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है।

### विज्ञापनों में विविधता और समावेशन पर रिपोर्ट पेश

**रांची।** एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआइ) और यूएन वुमन द्वारा आयोजित अनस्टीरियोटाइप एलायंस (यूए) ने भारतीय विज्ञापनों में विविधता और समावेशन (डी एंड आई) पर अपना साझा अध्ययन लॉन्च किया है। दुनिया की प्रमुख कंपनियों के ग्लोबल ब्रांड रिसर्च पार्टनर कतार द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में कॉर्पोरेट्स के ईएसजी (एनवायरनमेंट, सोशल और गवर्नेंस) लक्ष्यों के एक महत्वपूर्ण पक्ष पर गहराई से प्रकाश डाला गया है। इस रिसर्च रिपोर्ट का प्रकाशन डीईआइ एज समिट में किया गया। एएससीआइ एवं यूए ने साथ मिलकर इसकी मेजबानी की। इस समिट को डियाजियो, एचयूएल और डिज्नी स्टार जैसे संगठनों का भी सपोर्ट हासिल था। यह संयुक्त रिपोर्ट भारतीय विज्ञापन के डी एंड आई प्रतिनिधित्व की तुलना ग्लोबल डी एंड आई प्रतिनिधित्व से करती है। यह तुलना 2023 ग्लोबल मॉनिटर सर्वे के आंकड़ों पर आधारित है। यह रिपोर्ट भारतीय विज्ञापन इंडस्ट्री के बारे में कई ट्रेंड्स का खुलासा करती है।

## विदेश

# नेपाल में तस्करी कर के लाया गया 30 किलो सोना 24 घंटे के भीतर बरामद

**सोने की बरामदगी के अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया**

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में 24 घंटे के भीतर तस्करी करके लाया गया 30 किलो सोना बरामद किया गया है। इसमें से 14 किलो सोना दुबई से विमान के जरिये और 2 किलो चीन से सड़क मार्ग के रास्ते लाया गया था। 6 किलो सोना इजिप्ट के नागरिक के पास से त्रिभुवन विमानस्थल पर बरामद किया गया। इसी नागरिक की निशानदेही पर काठमांडू के न्यूरोड की एक दुकान से तस्करी करके लाया गया 8 किलो सोना बरामद किया गया है। सोने की



बरामदगी के इन अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल में गुरुवार की मध्यरात्रि को दुबई से लाया गया 14 किलो सोना पकड़ा गया। यह सोना दुबई से एक फ्लाइट के जरिये देर रात 11:56 बजे काठमांडू विमानस्थल पर लाया गया था। पुलिस ने नेपाली नागरिक मीन बहादुर घलो को गिरफ्तार किया था। बाद में पुलिस ने उसके एक और सहयोगी को काठमांडू से गिरफ्तार किया था। सोने की इस तस्करी में अभी पुलिस की तलाशी और छापेमारी पूरी भी नहीं हुई थी कि शुक्रवार को चीन से सड़क मार्ग से लाया गया 2 किलो सोना पकड़ा गया। काठमांडू रेंज के पुलिस एआईजी दीपक थापा ने बताया कि चीन से नेपाल के रसुवा नाका होते हुए लाए गए 2 किलो सोने को काठमांडू के नागढुंगा प्रवेश नाका से बरामद किया गया है। साथ ही पुलिस ने तस्करी के आरोप में रसुवा के ही ग्यालसिंग तामांग, विरू तामांग और सुनील भुजेल को गिरफ्तार किया है। त्रिभुवन विमानस्थल के सुरक्षा प्रमुख डीआईजी अर्जुन चन्द ठकुरी ने बताया कि शुक्रवार की रात काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल से एक व्यक्ति को 6 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया गया। नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए इजिप्ट के नागरिक शेरीफ मोहम्मद लाशिन के जैकेट में फॉल्स बटन के भीतर से सोना बरामद किया गया।

### पाक में कनाडा मूल की सारा इनाम हत्याकांड पर 14 को आएगा फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक ट्रायल कोर्ट ने कनाडा मूल की शादीशुदा सारा इनाम (37) की हत्या के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश नासिर जावेद राणा इस जघन्य हत्याकांड के लगभग एक साल बाद 14 दिसंबर को फैसला सुनाएंगे। डॉन के अनुसार इस बहुचर्चित हत्याकांड में मृतका सारा का पाकिस्तानी पति शाहनवाज अमीर मुख्य आरोपित है। शाहनवाज मुल्क के पूर्व राजनेता और प्रतिष्ठित पत्रकार अयाज अमीर का बेटा है। इस केस में पुलिस ने अयाज अमीर, उनकी पत्नी समीना शाह और पूर्व पत्नी को भी आरोपित के रूप में नामित किया था। सारा इनाम की पिछले साल 22 सितंबर को इस्लामाबाद के शहजाद टाउन के फार्म हाउस में हत्या कर दी गई थी।

## काठमांडू के शॉपिंग सेंटर, मॉल से क्रिसमस ट्री हटाने का निर्देश

**एजेंसी। काठमांडू**

क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर शहर के शॉपिंग मॉल और मल्टीप्लेक्स में बनाए गए क्रिसमस ट्री को हटाने का निर्देश दिया गया है। काठमांडू महानगरपालिका ने एक निर्देश जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर इन क्रिसमस ट्री को हटाने को कहा है। काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह ने प्लास्टिक के फूलों से बनाए गए क्रिसमस ट्री से वातावरण पर नकारात्मक असर पड़ने और इस कारण प्रदूषण फैलने की आशंका जताई है। महा नगर पालिका की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि यदि 24 घंटे के भीतर क्रिसमस ट्री लगाने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल्स और मल्टीप्लेक्स ने खुद इसे नहीं हटाया तो महानगरपालिका के कर्मचारी इसे हटा देंगे। साथ ही बयान में यह भी चेतावनी दी गई है कि प्लास्टिक फूलों से बने क्रिसमस ट्री नहीं हटाने



पर प्रदूषण फैलाने के आरोप में जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। महानगरपालिका के इस फैसले का जहां अधिकांश लोगों ने स्वागत किया है, वहीं क्रिश्चियन मिशनरी से जुड़े लोगों ने धार्मिक रंग देना शुरू किया है। यूनिफिकेशन चर्च से जुड़े सांसद एकनाथ ढकाल ने महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह पर भेदभाव का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ महानगरपालिका के मेयर का कहना है कि इस वर्ष दशहरे से ही काठमांडू महानगरपालिका क्षेत्र में प्लास्टिक के फूलों के बिक्री वितरण पर रोक लगाई गई है।

### यूनेस्को अंतर सरकारी समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# विरासत सूची में 55 नयी धरोहरें शामिल

**एजेंसी। बीजिंग**

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए यूनेस्को अंतर सरकारी समिति का 18वां नियमित सत्र 9 दिसंबर को उत्तरी बोत्सवाना के शहर कसाने में संपन्न हुआ। इस नियमित सत्र में 72 देशों सें जुड़ी 55 विरासतों को संयुक्त राष्ट्र अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष की 55 विरासतों में, नीदरलैंड में रॉटरडैम समर कार्निवल सहित 45 विरासतों को मानव अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया। सीरिया के पारंपरिक ग्लास ब्लोइंग और तुर्किये के पारंपरिक जैतून उगाने वाले ज्ञान, तरीकों और प्रथाओं सहित छह को संरक्षण की तत्काल आवश्यकता में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए उत्कृष्ट प्रथाओं की सूची में निकेलहर्पा समुदाय के स्वीडिश संगीत और वाद्ययंत्र बनाने की परंपराओं के अभिनव प्रसार सहित चार धरोहरों को शामिल किया गया। यूनेस्को के अनुसार, इस वर्ष अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल



धरोहरों में से आधे से अधिक धरोहरों का प्रासंगिक ज्ञान और कौशल मुख्य रूप से परिवार के भीतर पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता है, जो दशार्ता है कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एक प्रकार की जीवित विरासत है और व्यक्तियों, विशेषकर माता-पिता और बच्चों के बीच विरासत के माध्यम से जारी रहता है। इसके अलावा, इस वर्ष उप-सहारा अफ्रीकी देशों से 12 नामांकन स्वीकृत किए गए, जो 2008 के बाद से एक रिकॉर्ड उच्च है। पहली बार, अंगोला, बहामास, कैमरून, जिबूती और ग्रेनेडा सहित पांच देशों में अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों को यूनेस्को की जीवित विरासत सूची में शामिल किया गया है।

### हमास के लोगों ने दक्षिण गाजा में आत्मसमर्पण किया : आईडीएफ

**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को दावा किया कि हमास के दर्जनों लोगों ने दक्षिण गाजा में उसके समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आईडीएफ के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि पूछताछ के दौरान हमास के लोगों ने खुलासा किया कि उनके पास आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था क्योंकि उनके नेतृत्व ने उन्हें छोड़ दिया था। आईएएनएस ने शनिवार को खबर दी थी कि हमास नेता याह्या सिनवार अपनी पहचान छिपाकर एक मानवीय काफिले में उत्तरी दिशा से दक्षिण गाजा भाग गया था। जबल्या और खान यूनिस में नग्न आतंकवादियों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं और आईडीएफ सूत्रों ने संकेत दिया है कि आईडीएफ याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आत्मसमर्पण करने वाले लोगों से विस्तृत पूछताछ कर रहा है, जिन्हें 7 अक्टूबर के नरसंहार का मास्टर माइंड माना जाता है।

## बांग्लादेश में कल से 36 घंटे की नाकेबंदी का ऐलान

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव सहित अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए 12 दिसंबर से 11वें दौर की नाकाबंदी का आह्वान किया है। द ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बीएनपी के संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने कहा कि नाकाबंदी 12 दिसंबर (मंगलवार) को सुबह 6 बजे शुरू होगी और अगले दिन शाम 6 बजे समाप्त होगी। नाकाबंदी के दौरान एम्बुलेंस, ऑक्सीजन ले जाने वाले वाहन और प्रेस वाहनों को छूट दी जाएगी। पुलिस के साथ झड़प के दौरान गिरफ्तार किए गए बीएनपी नेताओं और कार्यकताओं को रिहा करने, एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव कराने के लिए अवामी लीग सरकार पर दबाव बनाने के लिए नाकाबंदी का



आह्वान किया जा रहा है। रिजवी ने आरोप लगाया कि अवामी लीग सरकार 'अपने तरीके से चुनाव कराना चाहती है और इसीलिए वह हमारे मानव श्रृंखला कार्यक्रम में बाधा डाल रही है और कार्यकताओं पर अत्याचार कर रही है'। बीएनपी ने रविवार को मानव श्रृंखला कार्यक्रम बुलाया, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं और राजनीतिक हत्याओं के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बांग्लादेश में चुनाव 7 जनवरी 2024 को होने हैं।

### ईरान में मिनी तेल रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण खुरासान प्रांत में एक तेल रिफाइनरी में रविवार सुबह भीषण आग लग गई, जिससे कई गैस भंडारों में एक साथ विस्फोट हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अर्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि स्थानीय समय के अनुसार सुबह 8:45 बजे मिनी-रिफाइनरी के जलाशयों में से एक में आग लग गई। जब अग्निशामक अजरन सनात बरसावा कंपनी की रिफाइनरी में आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे, तो यह आसपास के अन्य भंडारों में फैल गई, जिससे उनमें एक साथ विस्फोट हो गया। तस्नीम ने बिरजंद के गवर्नर अली फाजेलीफर्ड के हवाले से कहा, ₹पांच अग्निशमन दल और कई दमकल गाड़ियाँ घटनास्थल पर हैं, और आग को और अधिक फैलने से रोकने के लिए आसपास के भंडारों को ठंडा करने की कोशिश कर रहे हैं। संभावित मानव क्षति को कम करने के लिए रिफाइनरी को पूरी तरह से खाली कर दिया गया था।

## दोषी कौन?

झारखंड में अवैध निर्माण व अतिक्रमण बड़ी समस्या बन कर सामने आ रही हैं। इसे हटाने को लेकर अभी तक कोई कारगर कदम का नहीं उठाया जाना समझ से परे है। ऐसी बात भी नहीं है कि कार्रवाई नहीं होती है। बस दिखावे के लिए। कुछ दिनों के बाद स्थितियां फिर वही हो जाती हैं। यही कारण है कि अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। राजधानी समेत पूरे राज्य में अतिक्रमण धड़ल्ले से हो रहे हैं। सड़कों और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण आम बात है। प्रशासन द्वारा इसे हटाने के लिए सिर्फ कागजी कोरम पूरा किया जाता है। यह चिन्ता की बात है। शहर के तालाब, पोखर और नदियां अतिक्रमणकारियों के कब्जे में हैं। ऐसे में इस ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयानक होने की संभावना है। राज्य में यह समस्या बड़ी है। देखा जाये तो कई जगहों पर शांतिप्रिय लोगों के निजी जीवन इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह गिरोह पहले उक्त जमीन को कब्जा करने के लिए किसी संस्थान या धार्मिक स्थल का झंडा गाड़ता है। बाद में धीरे-धीरे उस जमीन को कब्जा करता है। इस काम में सबकी सहभागिता रहती है। जमीन का म्यूटेशन कराकर उसे बेच दिया जाता है। ऐसे कारनामें राज्य के कई हिस्सों में बदस्तूर जारी है। इसके रोकथाम की दिशा में होने वाले प्रयास ईमानदारी से नहीं किये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भयावह हैं। ब्लॉक स्तर पर सीओ,सीआई और कर्मचारी खुलेआम इसका उल्लंघन कर रहे हैं। यहां की राजनीति कुछ अलहदा हैं। म्यूटेशन के लिए खुलेआम पैसे की मांग की जाती है। ऐसा नहीं करने पर बेवजह लोगों को परेशान किया जाता है। वह जब चाहें जमीन का स्वरूप और नेचर बदल सकते हैं। गांव की सरकार भी इस खेल में लगी हुई है। सरकार के द्वारा आयोजित आपके द्वार कार्यक्रम में भी इस प्रकार के मामले प्रकाश में आये हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी कोरम पूरा किये जा रहे हैं। किसी भी राज्य के विकास में भूमि का निपटारा महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या झारखंड में इस दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं? अगर नहीं हो रहे हैं तो आगे आने वाले दिनों के लिए यह शुभ संकेत नहीं हैं। कारण जंगलों का इतिहास और भूगोल यहां कुछ अलहदा रहा है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग और सभी राजनीति पार्टियों को एकजुट होकर इस अभियान में लगना होगा। यह देखा गया है कि जब-जब नेचर के साथ छेड़-छाड़ की गई है,स्थितियां विस्फोटक हुई हैं। जमीन और उस पर अतिक्रमण एक सोची समझी साजिश है। झारखंड के पलामू में कोयल तट पर बसी एक आबादी नदी में बसी हुई है। बरसात में घरों में पानी आ जाने के बाद मुआवजे की मांग की जाती है। राजनीति के दलदल में एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए कोई कुछ नहीं बोलता है। यह अच्छी परंपरा नहीं है। स्वभाविक सी बात है कि अगर कोई नदी में घर बनायेगा तो पानी आयेगा ही। आखिर उस आबादी को बसने की खुली छूट किसने दी? इन सवालों के जंगल में आज भी कई अनुत्तरित प्रश्न आ खड़े हो जाते हैं। बावजूद उसका उत्तर किसी के पास नहीं है।

**शहर के तालाब, पोखर और नदियां अतिक्रमणकारियों के कब्जे में हैं। ऐसे में इस ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयानक होने की संभावना है। राज्य में यह समस्या बड़ी है। देखा जाये तो कई जगहों पर शांतिप्रिय लोगों के निजी जीवन इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह गिरोह पहले उक्त जमीन को कब्जा करने के लिए किसी संस्थान या धार्मिक स्थल का झंडा गाड़ता है। बाद में धीरे-धीरे उस जमीन को कब्जा करता है। इस काम में सबकी सहभागिता रहती है।**

### इन दिनों

# पूर्वोत्तर में कांग्रेस के 'पराई' होने के निहितार्थ


डॉ. रमेश ठाकुर



***सियासत*** अपने रंग-ढंग बदलती रहती है जिसकी पटकथा समय लिखता है, जो समय के साथ नहीं बदलता, समय उसे बदल देता है। समय की गति को समझने में कांग्रेस शायद गच्चा खा गई। पूर्वोत्तर से कांग्रेस का तकरीबन बोरिया-बिस्तर बंध चुका है। एक जमाना था, जब पूर्वोत्तर राज्यों में मुल्क के सबसे उम्रदराज सियासी दल 'कांग्रेस' का बोलबाला होता था। कांग्रेस के मुकाबले अन्य दल वहां बिल्कुल भी नहीं टिकते थे। चुनावी मौसम में सियासी लहर सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की ही बहती थी। फिर, चुनाव चाहे पंचायती हो, या लोकसभा का, सभी में पार्टी की विजयी सुनिश्चित हुआ करती थी। लेकिन अब सियासी परिदृश्य पहले के मुकाबले एकदम जुदा है। अवाम ने पुरानी पटकथाओं को नकार दिया है। कांग्रेस के लिए वहां स्थिति अब ऐसी है कि सूफड़ा ही साफ हो गया है। हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुर्गति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रेसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाये राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा। उनका जनाधार और उनके खांटी कार्यकर्ता अब अपना रास्ता बदल चुके हैं। पूर्वोत्तर में कांग्रेस की ऐसी दुर्गति क्यों हुई? इस पर समीक्षा या आकलन करने की ज्यादा आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के बेदखली के कारण कुछ सामने दिखाई देते हैं। मोटे तौर पर कुछ कारण ऐसे हैं जैसे, स्थानीय नेताओं को इग्नोर करना, सभी फैसले दिल्ली में बैठे शीर्ष नेताओं द्वारा लेना, टिकट का वितरण सिफारिशों के जरिए होना, प्रदेश स्तरीय जमीनी मुद्दों को नकारना, वहां के नेताओं-कार्यकर्ताओं का अपमान-तिरस्कार करना और दिल्ली बुलाकर खुलेआम लज्जित करने वाले कारण प्रमुख हैं। यही वजह है कि 10 जनपद और पूर्वोत्तर राज्यों की दूरी धीरे-धीरे बढ़ती गई। तभी, पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने अपमान का कड़वा घूंट पीकर विगत वर्षों से खुद से निर्णय लिया कि अब वो दिल्ली पर निर्भर नहीं रहेंगे, अपना रास्ता खुद तय करेंगे। मिजोरम में इस दफे जेडपीएम को बहुमत मिला है, उसके ज्यातर नेता कभी दिल्ली का मुंह ताका करते थे। पर, जब से उन्होंने दिल्ली आना बंद किया और अपने यहां छोटे-मोटे एकाध दलों के साथ मिलकर संगठन बनाया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। मिजोरम में बिना किसी के सहयोग से जेडपीएम अपनी सरकार बना रही है। बहरहाल, सेवन सिस्टर्स कहे जाने वाले पूर्वोत्तरी क्षेत्र नगालैंड, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में कांग्रेस एक साथ नहीं पिछड़ी, बल्कि धीरे-धीरे खत्म हुई। 2014 में केंद्र से जैसे कांग्रेस की छुट्टी हुई। तभी से उपरोक्त राज्यों की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। बदली तस्वीर कांग्रेस के बूढ़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती भी रही। बावजूद इसके उन्होंने रोकने की जरा भी कोशिशें नहीं की? 2018 में मिजोरम विधानसभा के वक्त वहां से एक स्थानीय कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मौजूदा हालात पर सियासी विचार-विमर्श करने दिल्ली पहुंचा था। वो सोनिया गांधी, राहुल गांधी या फिर प्रियंका गांधी में किसी एक से मिलने के इच्छुक थे। लेकिन तीनों में किसी ने मिलने तक का समय नहीं दिया। वो प्रतिनिधिमंडल पांच दिनों तक दिल्ली में डेरा डाले रहा, उनसे मिलना गांधी परिवार ने उचित नहीं समझा। बल्कि उनको ये संदेश पहुंचाया गया कि प्रदेश के मुद्दों पर विचार करना और निर्णय लेना उनका काम है तुम वापस जाओ। सोचने वाली बात है। जब, लोकल लीडरशिप के साथ ऐसा व्यवहार किया जायेगा तो पार्टी का सूफड़ा साफ होना तय है। कमोबेश, हो भी कांग्रेस के साथ वैसा ही रहा। बल्कि, उससे और ज्यादा होता दिख रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस पूर्व विपक्ष की भूमिका में भी नहीं रही। स्थिति अगर ऐसी ही बनी रही तो वह दिन दूर नहीं, जब कांग्रेस की चर्चा वहां सिर्फ कागजों में ही हुआ करेगी।

**हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुर्गति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रेसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाये राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा। उनका जनाधार और उनके खांटी कार्यकर्ता अब अपना रास्ता बदल चुके हैं। पूर्वोत्तर में कांग्रेस की ऐसी दुर्गति क्यों हुई? इस पर समीक्षा या आकलन करने की ज्यादा आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के बेदखली के कारण कुछ सामने दिखाई देते हैं। मोटे तौर पर कुछ कारण ऐसे हैं जैसे, स्थानीय नेताओं को इग्नोर करना, सभी फैसले दिल्ली में बैठे शीर्ष नेताओं द्वारा लेना, टिकट का वितरण सिफारिशों के जरिए होना, प्रदेश स्तरीय जमीनी मुद्दों को नकारना, वहां के नेताओं-कार्यकर्ताओं का अपमान-तिरस्कार करना और दिल्ली बुलाकर खुलेआम लज्जित करने वाले कारण प्रमुख हैं। यही वजह है कि 10 जनपद और पूर्वोत्तर राज्यों की दूरी धीरे-धीरे बढ़ती गई। तभी, पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने अपमान का कड़वा घूंट पीकर विगत वर्षों से खुद से निर्णय लिया कि अब वो दिल्ली पर निर्भर नहीं रहेंगे, अपना रास्ता खुद तय करेंगे।**

## आप की बात

### *कब बदलेगी सड़क की सूरत*

पलामू प्रमण्डलीय मुख्यालय से सटे चैनपुर की मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। हाल यह है कि चैनपुर थाना से नेउरा तक सड़क में गड्ढा है कि गड्ढे में सड़क है पता नहीं चलता। बरसात के बाद तो इस सड़क से गुजरने के पहले भगवान का नाम जपना पड़ता है। इस सड़क से क्षेत्र के विधायक, सांसद व जिले के अधिकारी ही नहीं राज्य मंत्री भी गुजरते हैं। इसके बाद भी इस सड़क को ठीक करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। हाल के बरसात में सड़क की हालत से नाराज स्थानीय लोगों ने पूर्व जिला पार्षद के साथ मिलकर सड़क पर धनरोपनी की थी, लेकिन इसके बाद भी शासन - प्रशासन के कानों पर जू तक नहीं रेंगी। बतावें कि यह सड़क इस क्षेत्र की लाइफ लाइन है। यह सड़क पलामू को न सिर्फ गढ़वा बल्कि छतीसगढ़ से सीधे जोड़ती है। प्रति दिन हजारों छोटी बड़ी गाड़ियां इस सड़क से गुजरती हैं। दो सौ से अधिक हाईवा माइंस से पत्थर व छर्री लेकर आती जाती है। इसके बाद भी सड़क को ठीक नहीं किया जा रहा है। इससे न सिर्फ सड़क पर दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया है, बल्कि वाहन खराब होने से भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। हर जगह गुहार लगाकर थक चुके लोगों के जेहन में अब बस यही सवाल कौंध रहा है कि आखिर कब बदलेगी इस सड़क की सूरत।

**सत्यनारायण प्रसाद, चैनपुर (पलामू )**

### प्रकृति

# बेहिसाब नकदी की बरामदगी ने कांग्रेस व कैश को पर्यायवाची शब्द बना दिया


नीरज कुमार दुबे

***झारखंड*** में ऐसा नहीं है कि पहली बार किसी कांग्रेसी नेता के यहां से नकदी बरामद की गयी है। इससे पहले कांग्रेस के कुछ विधायक बड़ी मात्रा में नकदी के साथ पकड़े गये थे तब दिखाने के लिए कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था लेकिन जल्द ही पार्टी में उनकी बहाली भी हो गयी थी। कांग्रेस के नेताओं ने 'चौकीदार चोर है' का नारा लगाया लेकिन यह नारा नहीं चला, कांग्रेस के नेताओं ने उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरना चाहा और 'मोदानी' नाम से अभियान चलाया लेकिन इस अभियान की हवा निकल गयी। जानते हैं क्यों? क्योंकि जनता जानती है कि कलियुग में 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत ही चरितार्थ होती है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिसरों से नकदी के जो बंडल पर बंडल निकल रहे हैं वह इस बात की जरूरत पर भी बल दे रहे हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत को बदला जाये क्योंकि चोर अब डकैत बन चुके हैं और तिनका अब बड़ी-बड़ी तिजोरियों का रूप ले चुका है। झारखंड के कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद हो रही नकदी सिर्फ टैक्स की चोरी नहीं है, यह सिर्फ गरीबों के हक का पैसा नहीं है, यह मध्यमवर्गीय परिवारों के हक पर भी कुठाराघात है जो समय पर सारी ईएमआई, कर और अन्य प्रकार के भुगतान करते हैं और बजट में जरा-सी राहत पाने का इंतजार करते रहते हैं। देखा जाये तो मोदी सरकार जब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी करवाती है तो घमंडिया गठबंधन के सारे नेता एकत्रित हो जाते हैं और आरोप लगाते हैं कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यही नहीं, ईडी के समन को तवज्जो नहीं देते हुए नेता चुनावी रैलियों के लिए निकल जाते हैं और कहते हैं कि मोदी सरकार हम पर अत्याचार कर रही है और हम ऐसे समन से डरने वाले नहीं हैं। लेकिन वक्त आ गया है कि भ्रष्ट राजनीतिज्ञों के मन में कानून का डर पैदा किया जाये। सवाल उठता है कि यह लूट और डकैती नहीं तो क्या है कि राजनीतिज्ञों के घर से सामान्य बैंक ब्रांचों से ज्यादा कैश बरामद हो रहा है।

**देखा जाये तो मोदी सरकार जब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी करवाती है तो घमंडिया गठबंधन के सारे नेता एकत्रित हो जाते हैं व आरोप लगाते हैं कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।**

### फेसबुक वॉल से



### X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में सोचना चाहिये


प्रह्लाद सबनानी

***भारत*** में आंतरिक आर्थिक परिस्थितियां लगातार अनुकूल बनी हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के बाद द्वितीय तिमाही में भी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 8 दिसम्बर 2023 को समाप्त हुई और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर यथावत बनाये रखा है, क्योंकि मुख्य रूप से भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। हालांकि अभी यह देश के मध्यावधि लक्ष्य 4 प्रतिशत के अंदर नहीं आई है। परंतु, भारतीय अर्थव्यवस्था जिस गति से आगे बढ़ रही है, इसे देखते हुए एवं आर्थिक विकास की दर को और अधिक गति देने के उद्देश्य से अब भारत में ब्याज दरों को कम किये जाने का समय आ गया लगता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर का 4 प्रतिशत से अधिक बने रहने के पीछे मुख्य कारण तेल एवं खाद्य पदार्थों (फल, सब्जी, आदि) में अचानक वृद्धि होते रहना है। अन्यथा, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर तो लम्बे समय से रिणात्मक बनी हुए है एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मूल मुद्रा स्फीति की दर भी पूर्ण रूप से नियंत्रण में है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिस्थितियां जरूर भारत में ब्याज दरों को कम करने के पक्ष में नजर नहीं आ रही हैं। चीन सहित, विश्व के कई देशों में आर्थिक विकास दर कम हो रही है एवं इन देशों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों को अभी भी ऊंची दरों पर बनाये रखा गया है। इसी माह अमेरिका में सम्पन्न हुई फेडरल रिजर्व की बैठक में फेड रेट में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। चूंकि अन्य देशों में ब्याज की उच्च दर अभी भी बनी हुई है अतः अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बना हुआ है। इन परिस्थितियों के बीच यदि भारतीय रिजर्व बैंक भारत में ब्याज दरों को कम करता है तो भारतीय रुपए पर दबाव और अधिक बढ़ेगा।

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर का 4 प्रतिशत से अधिक बने रहने के पीछे मुख्य कारण तेल एवं खाद्य पदार्थो (फल, सब्जी, आदि) में अचानक वृद्धि होते रहना है।**



### बोधि वृक्ष

## *आइये सुनें कथा*

***ब्रह्म***-काल के इस शापित संसार में सुख का नामो-निशान भी नहीं है क्योंकि यहां काल ने प्रत्येक व्यक्ति में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, मान-सम्मान, सुख-दुःख, प्रेम-घृणा आदि अनेकों विकार भर दिये हैं। सतमार्ग से भटके हुए भोले भाले लोग शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए तथा दुखों व दोषों से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न धार्मिक क्रियाएं करते हैं लेकिन पूजा करने का सही आध्यात्मिक मार्ग नहीं प्राप्त कर पाते। पहले के समय में ऋषि-मुनि धार्मिक कर्म यानि ध्यान (हठ योग) किया करते थे जिस के माध्यम से वे विभिन्न सिद्धियाँ प्राप्त कर लेते थे लेकिन शाश्वत स्थान सतलोक यानी मोक्षमय स्थल को प्राप्त नहीं कर पाये क्योंकि वे पूजा के मनमाने तरीकों का अनुसरण कर रहे थे। पुराणों जैसी प्राचीन पुस्तकों में विभिन्न लोककथाओं और दंतकथाओं का उल्लेख किया गया है। इस लेख का मुख्य उद्देश्य मार्कंडेय पुराण नामक एक प्रसिद्ध पुराण में से मनमानी और शास्त्र विरुद्ध धार्मिक प्रथाओं के बारे में व्याख्या करना है जो पहले ऋषियों, मुनियों, देवताओं और हमारे पूर्वजों द्वारा किये जा रहे थे, जिससे उन्हें कोई आध्यात्मिक लाभ नहीं मिल सका बल्कि वे जन्म और मृत्यु के दुष्चक्र में बने रहे। ना ही उनके विकार भंग हो सके बल्कि वे शैतान / ब्रह्म-काल के जाल में ही फंसे रहे।

**पुराण क्या हैं?**

पुराण दंतकथाओं, मिथकों, पारंपरिक विद्या से संबंधित तथ्यों को दर्शाने वाले हिंदू ग्रंथ हैं। हालांकि पुराण मुख्य रूप से संस्कृत भाषा में लिखे गये थे, लेकिन वर्तमान में पुराण कई अन्य भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध हैं। पुराण मुख्यतः साधु, संतों, ऋषि और मुनियों के व्यक्तिगत अनुभवों पर आधारित सच्ची कहानियों के इर्द-गिर्द घूमते हैं। 18 पुराणों में मार्कंडेय पुराण हिंदू भक्तों के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। **(क्रमशः)**

### टेक वर्ल्ड

## *1 जनवरी से बंद हो जायेंगे upi अकाउंट*

NPCI ने नये दिशानिर्देशों में कहा है कि कुछ यूपीआई आईडी को इनएक्टिव कर दिया जायेगा। दरअसल, सभी बैंक और Google pay, Paytm, Phone Pe जैसे थर्ड पार्टी ऐप उन UPI आईडी को बंद करने जा रहे हैं जिनमें एक साल से ज्यादा समय से कोई लेनदेन नहीं किया गया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी की NPCI ने नये दिशानिर्देशों की घोषणा की है। जिसमें कहा गया है कि कुछ यूपीआई आईडी को इनएक्टिव कर दिया जायेगा। दरअसल, सभी बैंक और Google pay, Paytm, Phone Pe जैसे थर्ड पार्टी ऐप उन UPI आईडी को बंद करने जा रहे हैं जिनमें एक साल से ज्यादा समय से कोई लेनदेन नहीं किया गया है। इसकी तय सीमा 31 दिसंबर तक रखी गई है।



**उपयोग की गयी गाड़ी की कीमत**

अगर आपकी UPI आईडी से कोई क्रेडिट या डेबिट नहीं किया गया है तो आईडी बंद कर दी जायेगी। नये साल से ग्राहक इन आईडी से लेनदेन नहीं कर पायेंगे। एनपीसीआई ने बैंकों और थर्ड-पार्टी ऐप्स को इन यूपीआई आईडी की पहचान करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया है। वहीं आपके संबंधित बैंक आपकी UPI आईडी को निष्क्रिय करने से पहले आपको ईमेल या संदेश के माध्यम से एक मैसेज भेजा जायेगा।

**इसलिए उठाया जा रहा कदम :** बता दें कि, एनपीसीआई को उम्मीद है कि इस नये नियमों से गलत व्यक्ति के खाते में पैसा ट्रांसफर होने से रोका जा सकेगा। हाल के वर्षों में इस तरह के कई मामले सामने आये हैं। लोग अक्सर नये फोन से जुड़ी यूपीआई आईडी को निष्क्रिय करने के बारे में याद किये बिना मोबाइल नंबर बदल लेते हैं। किसी अन्य यूपीआई आईडी को निष्क्रिय करने के बारे में याद किये बिना मोबाइल नंबर बदल लेते हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# शैलप्रिया की आत्मा कविताओं में बसती थी


विजय केसरी

झारखंड की जानी-मानी कवयित्री शैलप्रिया अपने नाम के अनुरूप ही उनका गुण और स्वभाव था। काव्य-लेखन से उनका जुड़ाव छात्र जीवन से ही था। उनकी सहजता, सरलता और वाणी की मिठास आज भी उनसे मिलने जुलने वाले लोग महसूस करते हैं। शैलप्रिया का मन, क्रम और वाणी में कोई भेद नहीं था। वह सबों से एक समान व्यवहार करती थी। शैलप्रिया की आत्मा कविताओं में बसती थी। वह जीवन संघर्ष और परेशानियों से भी प्रेम करती थी। शैलप्रिया अपने जीवन के संघर्ष, दुश्वारियां और परेशानियों को अपनी छोटी बहने मानती थी और उसी अनुरूप उनसे प्रेम करती रही थी। शैलप्रिया ने अपनी रचनाओं के माध्यम से स्त्री मन की पीड़ा और संवेदना को एक और सार्थक अभिव्यक्ति दी है। शैलप्रिया का ऐसा मानना था कि जब तक जीवन के संघर्षों में छोटी बहनें प्रवेश नहीं करेंगी, तब तक जीवन के अर्थ को पूरी तरह से समझा नहीं जा सकता। इसलिए सुख और दुख दोनों मानवीय जीवन के लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ ही शैलप्रिया पीड़ा, संघर्ष व बदलाव की कवयित्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल है। शैलप्रिया की कविताएं सदा समय से संवाद करती नजर आती हैं। उनकी कविताएं सीधे दिल तक पहुंच जात हैं।

हिंदी में एम.ए. करने के पश्चात शैलप्रिया का विवाह वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार कवि विद्या भूषण से हो गया। विवाह के उपरांत उन्होंने एक कुशल गृहिणी बनना स्वीकार किया। पति - पत्नी दोनों के साहित्यकार होने के कारण उनकी आपस में खूब जमती थी। इस कारण शैलप्रिया और विद्याभूषण के घर पर साहित्यकारों का आना जाना लगा रहता था। साहित्य अकादमी के पूर्व सदस्य शंभु बादल, कवि भारत यायावर और कथाकार रतन वर्मा, शैलप्रिया के आतिथ्य की चर्चा करते थकते नहीं। रतन वर्मा कहते हैं कि शैलप्रिया सामाजिक रिश्ते में भाभी जरूर लगती थी, किंतु उनके व्यवहार से उन्हें हमेशा मातृ - वात्सल्य सा छलकता हुआ महसूस होता था। हममें से शायद किसी ने भी उनका मुरझा हुआ चेहरा कभी देखा होगा। रतन वर्मा ने कहा कि शैलप्रिया के असमय जीवन से विदाई के बाद से आज तक उनके घर जाने का साहस नहीं जुटा पाये। शैलप्रिया खुद में साक्षात एक कविता थी। वह अपनी कविताओं में खुद की उपस्थिति का अहसास करा जाती है।

शैलप्रिया ने कविताओं के रचना क्रम के अलावा छोटी-छोटी कहानियां सम - सामयिक आलेख सहित विभिन्न विषयों पर भी महत्वपूर्ण काम किया। उनकी पहली कविता 'युद्ध रत आदमी' नामक पत्रिका में छपी थी। शैलप्रिया के तीन कविता संग्रह 1983 में 'अपने लिए', 1982 में 'चांदनी आग है', और 1995 में 'घर की तलाश में यात्रा' नाम से प्रकाशित हुए। 1995 में ही उनकी एक और पुस्तक 'जो अनकहा रहा' नाम से आई। 2000 में शैलप्रिया की रचनाओं का एक संग्रह 'शेष है अवशेष है', नाम से प्रकाशित हुआ। शैलप्रिया ने स्वयं को सदा किसी वाद अथवा किसी खास विचारधारा से मुक्त रखा। शैलप्रिया जी ने जो रचना कर्म किए, सदा समय से संवाद करते रहेंगे। उनकी कविताएं जीवन के अर्थ को तलाशती नजर आती हैं। इनकी रचनाएं जीवन के संघर्ष के दौरान एक वीर बालिका की तरह आगे बढ़ती नजर आती है। हताशा और निराशा शैलप्रिया के शब्दकोश है ही नहीं। वे 'फुरसत में' शीर्षक कविता में दर्ज करती है - 'जब कभी/फुरसत में होता है आसमान / उसके नीले बिस्तर में/ डूब जाते हैं / मेरी परिधि और बिंदु के / अर्थ / क्षितिज तट पर / आंधी पड़ी दिशाओं में / बिजली की कौंध / मरियल जिजीविषा सी लहराती'। इस कविता के माध्यम से बड़ी बात कहने की कोशिश की है। उनकी साधारण सी दिखनी वाली पंक्तियों में असाधारण बातें समाहित है। कवयित्री यहां अपने फुरसत के क्षणों को भी जाया नहीं जाने देती। उनके जीवन का यह क्षण बहुत ही बेशकीमती और महत्वपूर्ण है। यहां उन्होंने अपनी तुलना आसमान से कर बातें दूर तक पहुंचाने का साहस किया है। दिन भर की भागदौड़ और थकान से चूर जिंदगी जब बिस्तर पर समाती है, तब जिंदगी उसी में बहुत दूर तक समाहित होती चली जाती है। डूबना ऐसा होता है की परिधि और बिंदु के सभी अर्थ एक हो जाते हैं। कवयित्री आगे दर्ज करती हैं - 'इच्छाओं की मेघ गर्जना / आशाओं की चमकती चमक / के साथ गूंजती रहती है / तन मन का घाटियों में / बर्षों में दुमका पड़ा सन्नाटा / खाली बर्तनों की तरह / थर्राता है / जब कभी फुर्सत में होती हूं मैं / मेरा आसमान मुझको रौंदता है / बंजर उदास मिट्टी की ढूह की तरह / सारे अहसास / हो जाते हैं व्यर्थ' - फुरसत के क्षणों में ही इच्छाएं आशाएं एक-एक कर टतपती चली आती है। इच्छाओं का जब मानवीय मस्तिष्क में प्रवेश होता है, तब मेघ गर्जना के समान अहसास करा जाती हैं। इन्हीं इच्छाओं के माध्यम से मानवीय जीवन रौंदा जाता है। और यह अंतहीन रौंद और दौड़ जीवन के साथ तब तक बना रहता है, जब तक जीवन चलता रहता है। जीवन के समाप्त होते ही सारी इच्छाएं भी दूर चली जाती है।

## 77वीं जयंती आज



शैलप्रिया की एक कविता, 'जिंदगी' शीर्षक में दर्ज है - अखबारों की दुनिया में / महंगी साड़ियों के सस्ते इश्तेहार / शो - केसों मिठाइयों और चूड़ियों की भरमार है / प्रभु तुम्हारी महिमा अपरंपार है / कि घरेलू बजट की बुखार है / तीज और कर्मा / अग्रिम और कर्ज / एक फर्ज / इनका समीकरण / खुशियों का बंध्याकरण/ त्योहारों के मेले में / उत्साह अकेला है / जिंदगी एक ठेला है' - शैलप्रिया की यह कविता मध्यमवर्गीय परिवारों की परेशानियों को समर्पित है। जिंदगी है, इसे जीना तो पड़ेगा। रोकर जिए अथवा हंसकर जिए। जीना तो पड़ेगा। इसलिए जब जीना ही है तो क्यों ना जिंदगी हंस कर जिया जाए। महंगी साड़ियों में सस्ते विज्ञापन के माध्यम से कवयित्री ने देश के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के हाल के सच को उसी रूप में प्रस्तुत किया है। ऊपर से तीज और त्योहार भी है। इसके साथ अग्रिम और कर्ज भी है। तब कहीं ना कहीं ऐसे परिवारों को समझौता करना ही पड़ता है। ऐसे परिवार अपनी खुशियों का बंध्याकरण करने के लिए विवश हो जाते हैं। इन सबके बावजूद जिंदगी जीना है, रहना है, खाना है और पीना भी है। इसीलिए यह जिंदगी है।

उनकी प्रतिनिधि कविताओं में 'क्रंदन' शीर्षक कविता जीवन के मर्म को छू जाती है - 'जहर का स्वाद / चखा है तुमने /उतना विषैला नहीं होता / जितनी विषैली होती है बातें / कि जैसे / काली रातों से उजली होती है / सूनी रातें'। - इस कविता के माध्यम से कवयित्री ने मानवीय जीवन के सच को सामने रखा है। किसी भी बात का प्रभाव मानव जीवन पर बहुत दूर तक असर डालता है। बचपन में सुनी बातें लोग जीवन भर भूल नहीं पाते। बातों की तुलना जहर से कर इसके विषैले में प्रभाव को भी उसी रूप में रखा है। उन्होंने दर्ज किया हैं कि कुछ बातें ऐसी होती है, जो जहर से ज्यादा विषैली होती है। इसलिए हर एक व्यक्ति को पूरी सावधानी के साथ अपनी बातें रखनी चाहिए। इस कविता में आगे कवयित्री दर्ज करती है कि -'पिरामिडी खंडहर में / राजसिंहासन की खोज / एक भूल है / और सूखी झील में / लोटती मछलियों को जाल में समेटना भी / क्या खेल है?' उपरोक्त पंक्तियों में कवयित्री जीवन के यथार्थ से रूबरू करा जाती है। साथ ही दकियानूसी बातों पर जोरदार प्रहार भी करती नजर आती है। शैलप्रिया जी की कविताओं को लंबी सूची है। उनकी कुछ प्रतिनिधि कविताओं का जिक्र करना यहां उचित समझता हूं। 'सार्थक एक लम्हा', 'एक सुलगती नदी', 'जिंदगी का हिसाब', 'स्वागत', रात के साए में, 'आज तुम्हारे आंगन में', 'टूटता पटरा', 'जिजीविषा', 'रीता मन', 'आमंत्रण', 'आग का अक्षर', 'मातृत्व', 'सवाल' आदि। उनकी हर एक कविता महत्वपूर्ण है। सभी कविताएं संवाद करती नजर आती है। कविता में प्रयोग हुए सहज और सरल शब्द उसके अर्थ को भी सहज बनाने में सफल होते हैं। उनका बहुत कम उम्र में इस दुनिया से जाना हुआ। उनकी कविताएं जिंदगी से वातार्लाप करते हुए आगे बढ़ रही थी। धार पकड़ ही रही थी कि उन्हें हमेशा हमेशा के लिए नीले आसमान में समा जाना पड़ा।

कवयित्री शैलप्रिया की स्मृति में हर वर्ष एक कवि को उनके साहित्यिक अवदान के लिए 'शैलप्रिया स्मृति सम्मान' प्रदान किया जाता है। निश्चित तौर पर शैलप्रिया की कविताएं समय से संवाद करती नजर आती हैं। शैलप्रिया अपने जीवन के संघर्ष और परेशानियों से भी प्रेम करती थी। हम सबों को उनके जीवन संघर्ष और कविताओं के बीच के तालमेल से बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है।

# किस देवी-देवता के सामने कौन सा दीपक जलाना होता है शुभ



सनातन धर्म में पूजा-पाठ करना काफी अहम माना जाता है। पूजा-अर्चना के जरिए व्यक्ति भगवान के प्रति अपनी भावना और आस्था को दर्शाता है। मान्यता के अनुसार, पूजा करने से व्यक्ति के अंतरात्मा का शुद्धिकरण होता है। सनातन धर्म में पूजा-पाठ करना काफी अहम माना जाता है। पूजा-अर्चना के जरिए व्यक्ति भगवान के प्रति अपनी भावना और आस्था को दशार्ता है। मान्यता के अनुसार, पूजा करने से व्यक्ति के अंतरात्मा का शुद्धिकरण होता है। साथ ही इससे आस्था, विश्वास और शक्ति प्राप्त होती है। भगवान की पूजा करने से पहले हम सभी को पूजा-पाठ के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी होता है। जिससे की इष्ट देव की पूजा करने में किसी तरह की परेशानी न आए।

पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति का आध्यात्मिक भाव बढ़ता है। वहीं भगवान की पूजा में दीपक जलाए जाने का खास महत्व होता है। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी होता है कि कौन से देवी-देवता को किस प्रकार का दीपक जलाना शुभ होता है। यह भगवान के सामने दीपक में लगाई जाने वाली बत्तियों पर निर्भर करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस प्रकार का दीपक जलाना शुभ होता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि इससे क्या लाभ होता है।

**एक मुखी दीपक :** पूजा के दौरान दीपक जलाना शुभ माना जाता है। अपने इष्टदेव की पूजा के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। इस दीपक में बत्ती का उपयोग किया जाता है। जब आप किसी देवी-देवता की पूजा करते हैं, तो इस दौरान एक मुखी दीपक का इस्तेमाल करना शुभ माना जाता है।

**दो मुखी दीपक :** इसके साथ ही मां दुर्गा की पूजा के लिए दो मुखी दीपक जलाना चाहिए। इससे मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और जातक को मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**तीन मुखी दीपक :** हिंदू धर्म में भगवान श्री गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। भगवान गणेश की पूजा के दौरान तीन मुखी दीपक जलाना चाहिए। इससे वह जल्दी प्रसन्न होते हैं।

**चौमुखी दीपक :** बाबा काल भैरव की पूजा के दौरान सरसों के तेल का चौमुखी दीपक जलाना शुभ माना जाता है।

**पांच मुखी दीपक :** बता दें कि भगवान भोलेनाथ के पुत्र कार्तिकेय की पूजा में पांच मुखी बत्ती का उपयोग करना चाहिए। इस तरह से देव कार्तिकेय की पूजा करने से जातक को कोर्ट-कचहरी के मामले में विजय प्राप्त होती है।

**सात मुखी दीपक :** सात बत्तियों वाले दीपक का उपयोग लक्ष्मी पूजन में करना चाहिए। मां लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। इससे जातक की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।

**आठ मुखी या बारह मुखी दीपक :** कहा जाता है कि भगवान शिव को प्रसन्न करना बेहद आसान होता है। इसलिए उन्हें भोलेनाथ भी कहा जाता है। ऐसे में महादेव की पूजा के दौरान आठ या बारह बत्ती वाले दीपक का उपयोग करना चाहिए।

**सोलह मुखी दीपक :** भगवान श्रीहरि विष्णु को सृष्टि का पालनहार कहा जाता है। ऐसे में उनकी पूजा के लिए 16 बत्तियों वाले दीपक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### बस एक हूक- सी

बस एक हूक-सी वही पुरानी टीस-सी
ढपली की थाप भी पहचाने से बोल है
अनुभूति की झंकार भी वही सतत प्रवाह है
हर क्षण आभासित है
बस एक हूक-सी वही पुरानी टीस-सी।

कसाव है वही कशिश भी वही
तुम्हारे गीत के मोल अभी अनमोल है
फिर भी क्या बदला स्पर्श, तेरा आभास
सूक्ष्म से सूक्ष्मतम हो गया
बस एक हूक-सी वही पुरानी टीस-सी।

❖ नाग मणि

# घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है सिंगापुर



सिंगापुर के कल्चर म्यूजियम में विभिन्न त्योहारों को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें दशहरा, दीपावली का भी महत्व बताया गया है। 600 प्रजातियों व 8000 से ज्यादा पक्षियों के संग्रह के साथ जुरोंग बर्ड पार्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सबसे बड़ा पक्षी पार्क है। आप इसे भी देखने जा सकते हैं। यदि कभी किसी को पूरे एशिया को एक शहर में समेटना हो, तो वह सिंगापुर ही होगा। इस देश की जड़ें संपूर्ण एशिया की संस्कृतियों के मिश्रण से एक आधुनिक समाज में परिवर्तित होने से उत्पन्न हुई हैं। सिंगापुर भी दिसंबर में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यहां यात्री दुनिया भर के मनोरंजन पार्क, थीम पार्क, ध्वनि और रोशनी, खरीदारी और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

**सिंगापुर में घूमने की जगहें :** सिंगापुर के तीन संग्रहालय, जूरोंग बर्ड पार्क, रेप्टाइल पार्क, जूलॉजिकल गार्डन, साइंस सेंटर सेंटोसा द्वीप, पार्लियामेंट हाउस, हिन्दू, चीनी व बौद्ध मंदिर तथा चीनी व जापानी बाग देखने लायक हैं। सिंगापुर म्यूजियम में सिंगापुर की आजादी की कहानी आकर्षक थ्री-डी वीडियो शो द्वारा दर्शाई जाती है। इस आजादी की लड़ाई में भारतीयों का भी महत्वपूर्ण योगदान था। इसके अलावा, सिंगापुर के कल्चर म्यूजियम में विभिन्न त्योहारों को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें दशहरा, दीपावली का भी महत्व बताया गया है। 600 प्रजातियों व 8000 से ज्यादा पक्षियों के संग्रह के साथ जुरोंग बर्ड पार्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सबसे बड़ा पक्षी पार्क है। आप इसे भी देखने जा सकते हैं। यहां दक्षिणी ध्रुव का कृत्रिम वातावरण बनाकर पेंग्विन पक्षी रखे गए हैं। 30 मीटर ऊंचा मानव निर्मित जलप्रपात व ऑल स्टार बर्ड शो जिसमें पक्षी टेलीफोन पर बात करते हैं, यहां का अन्य प्रमुख आकर्षण हैं। इसके अलावा, रेप्टाइल पार्क में 10 फुट लंबे जिंदा मगरमच्छ के मुंह में प्रशिक्षक द्वारा अपना मुंह डालना व कोबरा सांप का चुंबन लेना रोमांचकारी लगता है। ूलॉजिकल गार्डन में एनिमल फीडिंग शो, सी. लायन डांस शो आदि भी दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इसके अलावा आप सेंटोसा द्वीप, गार्डन बाय द बे, मर्लिन फाउंटेन और लिटिल इंडिया भी घूमने जा सकते हैं।

**खरीदारी के लिए चीजें :** ऑर्किड परफ्यूम, मिनीटाउर मेरलियन्स, नारियल जैम, लक्सा पेस्ट।

**दिसंबर में मौसम :** मौसम सुहावना रहता है और तापमान 25 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहता है।

**कैसे पहुंचें :** भारत के विभिन्न शहरों से सिंगापुर के लिए उड़ानें उपलब्ध हैं।

❖ प्रीटी

## सूडोकु नवताल- 6910

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6909 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**11 दिसम्बर को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.59 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मकर | 09.04 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.51 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.24 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.54 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.32 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.46 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.02 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.14 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | तुला | 02.25 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.39 ब.से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 345 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 07.11 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 06.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 12.14 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 20.58 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 07.11 बजे, विष्टि 18.53 बजे तदनन्तर शकुनि 06.25 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 57' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871824 **जूलियन दिन** 2460289.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 26 **विशेष** मास शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7972



**बाएँ से दाएँ**

1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

### शब्द पहेली -7971 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | क | | जि | रा | फ | | ब | ला |
| ज | | बे | ब | स | | स | हा | रा |
| | प | ना | ह | | क | री | ना | |
| क | र | म | | दा | स | ता | | वि |
| ले | ख | | का | म | ना | | दु | ना |
| जा | | ब | ज | न | | प | ला | श |
| | म | ह | ल | | प | ह | रा | |
| स | न | म | | न | ह | र | | जा |
| जा | न | | ह | म | ला | | शा | न |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृष राशि :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**कर्क राशि :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंह राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**कन्या राशि :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं।

**तुला राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है।

**वृश्चिक राशि :** मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**धनु राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मकर राशि :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।




## एक नजर

### लोस अध्यक्ष ने सी. राजगोपालाचारी को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में भारत रत्न श्री सी. राजगोपालाचारी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी इस अवसर पर राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में उपस्थित सभी लोगों को लोक सभा सचिवालय की ओर से हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित राजगोपालाचारी की जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भी भेंट की गई। राजगोपालाचारी के चित्र का अनावरण 21 अगस्त, 1978 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एन. संजीव रेड्डी ने किया था।

### 'ऑनर रन-इंडियन आर्मी वेटरन्स हाफ मैराथन' में दौड़े वरिष्ठ सैन्य अधिकारी

**नई दिल्ली।** कारगिल युद्ध में ऐतिहासिक जीत की याद में भारतीय सेना ने रविवार को दिल्ली में ऑनर रन-इंडियन आर्मी वेटरन्स हाफ मैराथन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सेना का उसके अनुभवी सहयोगियों और युवाओं के बीच संबंधों को मजबूत करना था। ऑनर रन में देश भर से शामिल हुए प्रतिभागियों ने बलिदानी जांबाजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र की योग्यता, क्षमता और ऊर्जा पर प्रकाश डाला।

### एनआरसी से हटाए जाएंगे फर्जी नाम : हिमंत बिस्वा

**गुवाहाटी (असम)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एनआरसी सूची में शामिल नामों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि असम सरकार एनआरसी की सूची में शामिल उन लोगों के नाम हटाएगी, जिन्होंने फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज कराया था।

### ऑटिज्म के आकलन के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**नई दिल्ली।** नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटीज (दिव्यांगजन), सिकंदराबाद की ओर से ऑटिज्म के आकलन के लिए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 11-12 दिसंबर को डीएआईसी, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य आईएसएए टूल के उपयोग में पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यशाला के लिए देश से 82 प्रतिभागी और अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, न्यूजीलैंड, कुवैत, अबू धाबी, दुबई, बांग्लादेश और भूटान सहित 9 देशों के 18 प्रतिभागी पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं।

# पीयूष गोयल ने साड़ी वॉकथॉन को दिखाई हरी झंडी

## सो एलिगेंट, सो ब्यूटीफुल, लुकिंग लाइक अ वाओ' हुआ वायरल



**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मुंबई में 'वन भारत साड़ी वॉकथॉन' को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का उद्घाटन करने के साथ ही गोयल ने इंस्टाग्राम पर लोकप्रिय ट्रेंड ' सो ब्यूटीफुल, लुकिंग लाइक अ वाओ'। को फॉलो भी किया। उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कहना चाहता हूं, सो एलिगेंट, सो ब्यूटीफुल, लुकिंग लाइक अ वाओ'। मंत्री ने झंडी दिखाने से पहले महिला प्रतिभागियों को प्रेरित किया। साथ ही 'वॉकथॉन में भाग लेने वाली महिलाओं को 'इस देश को गौरवान्वित करने वाली अद्भुत' बताया। कहा, भारत का टाइम आ गया है। इस वॉकथॉन को कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत में हथकरघा साड़ी संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस वॉकथॉन में देशभर में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। इसमें कई मशहूर हस्तियों ने भी भाग लिया। इस वॉकथॉन का हिस्सा बनने वाली मशहूर हस्तियों में सोनाली बेंद्रे और रूपाली गांगुली भी शामिल थीं। बता दें कि 'लुकिंग लाइक अ वाओ' इंटरनेट में काफी ट्रेंड कर रहा है। दरअसल, जसमीन कौर नाम की एक महिला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सलवार सूट बेचने का वीडियो डाला। इस वीडियो में कौर बार-बार 'लुकिंग लाइक अ वाओ' बोलते हुए नजर आती है, जो अचानक से पूरे सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा।

### 5 हजार महिलाओं ने लिया भाग

प्रमुख पेशेवरों, बॉलीवुड और टेलीविजन हस्तियों, खेल हस्तियों, व्यवसायी महिलाओं, डिजाइनरों, प्रभावशाली लोगों, गृहिणियों, संगीत उद्योग की महिलाओं और कई अन्य सहित 5000 से अधिक महिलाएं अपनी विशिष्ट पारंपरिक पोशाक में तैयार होकर कार्यक्रम में शामिल हुई। इससे पहले सूरत में इस तरह की साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया गया था। कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश और लोकसभा सांसद पूनम महाजन भी कार्यक्रम में मौजूद थीं।

## सुखदेव सिंह की हत्या की साजिश का खुलासा

# कनाडा में मास्टरमाइंड, जयपुर में मर्डर, चंडीगढ़ से हुई गिरफ्तारी



- उधम सिंह ने मुहैया कराए हथियार
- चंडीगढ़ के एक होटल में छिपे थे आरोपी
- जाल बिछाकर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या की लिंक एक नहीं बल्कि चार राज्यों से जुड़े हैं। पुलिस ने हत्या के मामले को लेकर दो शूटर समेत अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आरोपियों को चंडीगढ़ से धर-दबोचा है। आरोपियों की पहचान रोहित राठौड़, नितिन फौजी तथा उधम सिंह के रूप में हुई है, जिन्हें चंडीगढ़ से अरेस्ट किया गया है। हालांकि, कुछ दिनों पहले ही पुलिस ने रोहित राठौड़, नितिन फौजी की तस्वीरों को शेयर कर दिया था।

जानकारी के मुताबिक, नितिन फौजी महेंद्रगढ़ और रोहित राठौड़ मकराना राजस्थान का रहने वाला है। इन्हें भगाने, हथियार मुहैया कराने और शरण देने के आरोप में पुलिस ने उधम सिंह को भी गिरफ्तार किया है। उधम सिंह हिसार का रहने वाला है।

वारदात को अंजाम देने के बाद ये आरोपी पहले हरियाणा आए फिर हिमाचल प्रदेश गए उसके बाद चंडीगढ़ के एक होटल में आकर छिपे थे।

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है और 3 आरोपियों को राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट कर लिया है। आरोपियों की पहचान रोहित राठौड़, नितिन फौजी तथा उधम सिंह के रूप में हुई है जिन्हें चंडीगढ़ से अरेस्ट किया गया है।

बता दें कि शनिवार रात को करीब 7:30 बजे ये तीनों कमल रिसोर्ट पहुंचे थे। इन्होंने एक ऑटो किराए पर लिया हुआ था। ऑटो चालक को इन्होंने बताया था कि वह मनाली से आए हैं और अब उन्हें चंडीगढ़ घूमना है। कुछ देर वे होटल में रुके। नहा धोकर उन्होंने थोड़ा आराम किया और फिर घूमने जाने के लिए रिजॉर्ट से नीचे उतरे। वहीं, पहले से ही उनका इंतजार कर रही दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

### नितिन फौजी ने पुलिस के आगे उगले राज

दरअसल, गोगामेड़ी हत्याकांड का मेन मास्टरमाइंड विदेश में बैठा रोहित गोदारा है। उसने सुखदेव सिंह की हत्या की जिम्मेदारी वीरेंद्र चारण को दी थी। पुलिस के सामने नितिन फैजी ने इन सभी बातों की जानकारी दी और यह भी बताया कि रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण ने इस हत्या में उसका इस्तेमाल किया। नितिन फौजी को कनाडा का स्थायी निवास का लालच दिया गया था।

### हत्याकांड : 72 घंटे तक ट्रैक कर पकड़ा

राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शनिवार देर रात तीन लोगों गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपितों को पिछले 72 घंटे से ट्रैक कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें चंडीगढ़ के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। मामले में जिन तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ कर जयपुर रवाना कर दिया गया है। संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ्तार आरोपितों में हत्याकांड के मुख्य आरोपित रोहित राठौड़ और नितिन फौजी समेत तीन आरोपितों में से दो लोगों ने गोगामेड़ी पर गोली चलाई थी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पांच दिसंबर को जयपुर में उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# कमलनाथ बने रहेंगे मप्र कांग्रेस अध्यक्ष, लड़ाएंगे लोस चुनाव

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

लगभग कंगाल हो गई कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी समस्या अति खर्चिली बना दी गई चुनाव के लिए धन की कमी है। दूसरी तरफ एनडीए के पास पर्याप्त फंड है। ऐसे में यदि मप्र में उद्योगपति कमलनाथ को हटाकर किसी और को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष बना भी दिया जाए, तो तीन माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए धन, संसाधन कहां से आएगा। सो कमलनाथ को ही अध्यक्ष बने रह राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी भी दे दी गई। इधर , विधानसभा चुनाव में मिली असफलता पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के नेताओं के साथ चर्चा की। नेताओं ने 1-1 सीट की रिपोर्ट का विश्लेषण करते हुए हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा। यह की सत्तारूढ़ डबल इंजनी भाजपा ने प्रशासन से मिलीभगत कर चुनाव जीता। प्रत्याशियों के चयन पर सवाल उठे, जिन पर चुनाव जिताने की जिम्मेदारी थी, उनमें से कई के हार जाने की बात आई। कईयों ने अपने चहेतों को टिकट दिलाया, उन्हें जिताने का भरोसा दिया, लेकिन न तो खुद जीत सके, न जिता सके। यह सब हुआ लेकिन ना तो राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की बात हुई, ना ही कमलनाथ से इस्तीफा मांगा गया। संगठन को मजबूत करने की बात कहते हुए कहा गया कि कमलनाथ के नेतृत्व में मप्र में लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा। कमलनाथ ने लोकसभा चुनाव तैयारियों का खाका पेश करते हुए बताया कि कैसे राज्य में सीटवार लड़ा जाएगा। कमलनाथ ने कहा समीक्षा के लिए उम्मीदवारों के साथ बैठक की है। 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। लोस चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है।

# मेफ्टाल के हैं कई साइड इफेक्ट

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

इंडियन फामाकोपिया कमीशन (आईपीसी) ने आर्थराइटिस, दर्द और बुखार में काम आने वाली मेफ्टाल दवा को लेकर एक अलर्ट जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि यह एसिड साइड इफेक्ट पैदा करता है। इसलिए यदि आप या आपके परिवार के कोई या परिचित यह दवा लेते हैं,तो सावधान हो जाएं। अलर्ट जारी करने के बाद भी यह दवा कई राज्यों के प्रमुख शहरों में एक दिन में करोड़ो रुपये की बिक जाती है। इस बारे में पूछने पर डॉक्टर कहते हैं कि औपचारिक रूप से यह अलर्ट उन तक नहीं पहुंचा है, लेकिन उन्हें पिछले तीन-चार दिन में अलग-अलग सोर्स से इसकी जानकारी मिली है।आयोग ने जारी अलर्ट में कहा कि फामाकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया डेटाबेस के अनुकूल दवा ड्रेस सिंड्रोम का पता चला है। इस ड्रेस सिंड्रोम के कारण गंभीर एलर्जी हो सकती है। जिसके कारण त्वचा पर लाल दाग, बुखार, चकत्ता, और लिम्फैडेनोपैथी जैसी शिकायत हो सकती है। यह दिक्कत 2 से 8 सप्ताह के बीच हो सकती है। इस दवा का उपयोग कई बार महिलाएं पीरियड पेन को कम करने के लिए भी करती हैं। हालांकि यह कई बार डॉक्टर्स द्वारा प्रिसक्राइब्ड नहीं है।

### केसीआर से मिलने अस्पताल पहुंचे रेड्डी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी ने रविवार को हैदराबाद के यशोदा अस्पताल में पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। राव की शुक्रवार को गिरने के बाद कूल्हे की सर्जरी हुई और अभी उनकी हालत स्थिर बताई जा रही हैं। मुख्यमंत्री के साथ पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री डी. अनसूया सीताक्का और पूर्व मंत्री शब्बीर अली भी थे।

# बजरंग दल के एक कार्यकर्ता ने मुसलिम लड़की से की शादी

■ हिंदू संगठन वाले जश्न मनाते हुए इसे 'रिवर्स लव जिहाद' बता रहे

**आरएनएम। नई दिल्ली**

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के सुरथकल कस्बे के बजरंग दल के एक कार्यकर्ता ने मुसलिम लड़की से शादी की है, जिस पर हिंदू संगठन के लोग जश्न मनाते हुए इसे 'रिवर्स लव जिहाद' बता रहे हैं। उधर युवती के माता-पिता ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। लड़की ने अपना नाम बदलकर अक्षता रख लिया है। युवक प्रशांत भंडारी सुरथकल शहर का रहने वाला है। उसने अपनी शादी को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों को जानकारी दी है और बताया है कि आयशा नाम की मुस्लिम लड़की अब अक्षता बन गई है। प्रशांत भंडारी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें जोड़े को पारंपरिक हिंदू पोशाक पहने हुए हैं।बजरंग दल का कार्यकर्ता प्रशांत भंडारी और युवती दोनों एक ही



इलाके में रहते हैं और पिछले तीन साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। भंडारी द्वारा सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के मुताबिक, 30 नवंबर को प्रशांत ने आयशा से शादी करने की बात उसकी मां से चलाई थी। उसका कहना था कि वह आयशा से शादी करना चाहता है। आयशा की मां ने जोर देकर कहा था कि वह अपने परिवार के सदस्यों से परामर्श करने के बाद फैसला लेगी। उसी शाम दोनों घर से भाग निकले। इसके बाद आयशा के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।आठ दिसंबर को दोनों की तस्वीरें सामने आईं। आयशा घर से बुर्का पहनकर गई थी। उसने बुर्का उतारकर हिंदू पारंपरिक परिधान पहना और दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। चर्चा है कि प्रशांत कथित तौर पर एक हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर पहले सुरथकल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है। आयशा और प्रशांत की जो तस्वीर सामने आई है। वह शादी के दिन की बताई जा रही है। आयशा ने वैसी ही साड़ी पहनी है जैसे दक्षिण भारत में शादी के समय दुलहनें पहनती हैं। इसके अलावा उसने जेवर पहन रखे हैं। प्रशांत भी दूल्हे की वेशभूषा में है। दोनों के गले में माला पड़ी है। प्रशांत का दावा है कि आयशा ने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करके उससे शादी की है। उसने धर्मांतरण के बाद अपना नाम अक्षता रखा है। दोनों शादी के बाद से खुश हैं लेकिन उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया है।

**उपलब्धि** कुनकुरी विस सीट से हैं विधायक, 25 हजार मतों से जीते थे

# संघ के बेहद करीबी है छग के सीएम विष्णुदेव

**एजेंसी। रायपुर**

भारतीय जानता पार्टी ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुना है। साय कुनकुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं, वह 25 हजार मतों से जीते थे। कुनकुरी से आने वाले विष्णुदेव साय आदिवासी समाज से आते हैं। वह चार बार सांसद दो बार विधायक केंद्रीय राज्य मंत्री और दो बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। साल 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था। कुनकुरी से आने वाले विष्णुदेव साय आदिवासी समाज से आते हैं। भाजपा ने साल 2020 में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष भी



बनाया था। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बनने वाले विष्णुदेव साय चार बार सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्य मंत्री और दो बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा उन्हें संगठन में काम करने का अच्छा खासा अनुभव है।

**रमन सिंह के भी काफी करीबी हैं सोयः** साय की गिनती संघ के करीबी नेताओं में भी होती है। वह पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बेहद करीबी भी माने जाते हैं। साल 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था। मालूम हो कि राज्य में अजित जोगी के बाद कोई भी दूसरा आदिवासी समुदाय से मुख्यमंत्री नहीं बना था।

**किसान परिवार में हुआ था जन्म :** विष्णु देव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है। साय का राजनीतिक कैरियर सरपंच के तौर पर शुरू हुआ। जहां वे बगिया गांव के निर्विरोध सरपंच चुने गए।

**दो बार रह चुके हैं प्रदेश अध्यक्ष :** विष्णु देव साय को साल 2006 में छत्तीसगढ़ का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। वहीं, 2011 में वे दोबारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। 8 जुलाई 2023 को उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति का सदस्य बनाया गया।

### राजनीतिक परिवार से आते हैं विष्णुदेव साय

मालूम हो कि राज्य के होने वाले अगले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके दादा स्वर्गीय बुधनाथ साई 1947 से 1952 तक मनोनीत विधायक थे। उनके बड़े पिता जी यानी उनके पिता के बड़े भाई स्वर्गीय नरहरि प्रसाद साई जनसंघ के सदस्य थे और 1962-67 और 1972-77 तक दो बार विधायक रहे। वह 1977-79 तक एक बार संसद के रूप में भी चुने गए और जनता पार्टी सरकार में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया।

## FILMY हलचल

# एआर रहमान ने दुबई में अपने आवास पर किया कीर्तन का आयोजन



**दुबई** में अपने आवास पर ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने हाल ही में हरे कृष्णा कीर्तन का आयोजन रखा। इस कार्यक्रम का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। क्लिप में रहमान को उपस्थित लोगों के एक बड़े समूह के साथ भगवान कृष्ण को समर्पित भक्ति गीतों का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। क्लिप में संगीतकार को मुस्कुराते हुए और भजन की मधुर धुन पर धीरे से अपना सिर हिलाते हुए भी दिखाया गया है। वीडियो संभवतः उनके घर के लिविंग रूम में कैप्चर किया गया था और इसमें एआर रहमान के साथ बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होते देखा जा सकता था। हाल ही में रहमान सोशल मीडिया पर तब चर्चा में आए, जब उन्होंने चक्रवात मिचौंग के दौरान हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग पीरियड फिल्म 'पिप्पा' के गाने 'मैं परवाना' का प्रचार किया। चक्रवात मिचौंग ने दक्षिण भारतीय तटीय शहरों को तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश से तबाह कर दिया, जिससे बाढ़ आ गई और कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

### बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'सैम बहादुर' का जलवा बरकरार

**बॉलीवुड** एक्टर विक्की कौशल की फिल्म "सैम बहादुर" दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। "सैम बहादुर" ने रिलीज के पहले दिन अच्छी कमाई की थी। पहले दिन फिल्म ने 6.25 करोड़ की कमाई की थी और 9वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। "एनिमल" की सुनामी के बीच भी "सैम बहादुर" बॉक्स ऑफिस पर डटी हुई है। "सैम बहादुर" रिलीज से पहले ही चर्चा में आ गई थी। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। "सैम बहादुर" के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन 6.25 करोड़ का कलेक्शन किया था। विक्की कौशल की फिल्म ने पहले 8 दिनों में 42.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अब नौवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। इंडस्ट्री ट्रैकर "सैक्निल्क" की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, "सैम बहादुर" ने दूसरे शनिवार को 6.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## एक नजर

### झारखंड अंडर 19 स्कूली बैडमिंटन टीम आंध्र प्रदेश रवाना

**रांची।** 67 नेशनल स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता आगामी 12 से 16 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड अंदर-19 बैडमिंटन टीम आज यहां से रवाना हो गई। होटवार के खेलगांव में 21 दिवसीय का प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में चली। बालक वर्ग में साजन कुमार, सपन नील, लायक, अंकित गोप और अब्बू रियान शामिल है। जबकि बालिका वर्ग में श्रुति, अनामिका घोष, वैष्णवी सिंह, भूमि, अलीशा और गुड़िया शामिल है। प्रशिक्षक गुलाम बाकी, मैनेजर सोनी कुमारी को बनाया गया है। **एसजीएफआई अंडर 17 टीम गठित** प्रतियोगिता के लिए भी टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम आगामी 15 दिसंबर को बड़ौदा के लिए रवाना होगी। इस टीम का भी प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में संपन्न हुई है। पूरी टीम इस प्रकार है आशु, गोपाल, दीपक महतो, सचिन, मोहित राज। वहीं बालिका वर्ग में नंदिता सेन, आस्तिक सिंह, होली साक्षी को शामिल किया गया है। कोच रवि केशरी, मैनेजर बीना लकड़ा को बनाया गया है। टीम रवाना होने से शिक्षा सचिव के रवि कुमार, निर्देशक किरण पासी और धीर सेन सोरेन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### सीसीसी इंट्रा क्लब बैंडमिंटन चैंपियनशिप में केएस क्वाद्री एंड रिशु की जोड़ी बनी विजेता

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कंट्री क्रिकेट क्लब के द्वारा सीसीसी इंट्रा क्लब बैंडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन जेएससीए स्टेडियम के बैंडमिंटन कोर्ट में हुआ। प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन 24 खिलाड़ियों को 11 टीमों में बांटकर डबल्स प्रतियोगिता आयोजित किया। इस अवसर पर जेएससीए के सचिव देवासीश चक्रवर्ती, सीसीसी चेयरमैन स्पोर्टस राजीव रंजन, सुशील कुमार, अर्चित आनंद ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सीसीसी के बैंडमिंटन कोच बिरेंद्र शर्मा, आदिल हसन, आशीष कुमार आशुतोष द्विवेदी, हर्ष रंजन, अभिजीत कुमार, मिलन प्रीत सिंह, अभिजीत दत्ता, विकास कुमार, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर के एस कादरी एवं ऋषभ की जोड़ी रही।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 को बांटे गये भोजन

रांची। प्रणामी समाज के सदस्यों के सहयोग से 124 वॉ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। रविवार श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवं शिष्यों के सौजन्य से किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम मंदिर के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, कार्यक्रम सह संयोजक ओम प्रकाश सरावगी एव अंजनी अग्रवाल ने अपने भतीजे संग 1300 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच भंडारे का वितरण किया।

## जाममुक्त करने के सभी प्रयास विफल आधी सड़क पर फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा

# मेन रोड के फुटपाथ में फिर सजने लगी हैं दुकानें, जाम से रहते हैं लोग हलकान



**रवि चंद कपूर, रांची**

मेन रोड में जाने की बात से ही राजधानी रांची के लोगों के मन में जाम और परेशानी की तस्वीर उभर जाती है। मेन रोड पहुंचने से पहले ही वहां जाने वाले मान लेते है कि उन्हें और उनके वाहन को जाम में फंसना तय है। ऐसा इसलिए होता है कि मेन रोड से कचहरी चौक तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ दुकान एवं ठेला-खोमचा लगाये जाते है, वह भी सड़क के उपर। दुकानें सजने और वहॉ खरीदारी के लिए भीड़ लगने के कारण सड़क की चौड़ाई आधी हो जाती है। इसके अलावा टोटो ऑटो और रिक्सा चालक भी सड़क पर अपने वाहन खड़ा कर यात्रियों का इंतजार करते हैइससे जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के कारण कचहरी चौक से लेकर ओरवब्रिज तक वाहनों को रेंगना पड़ता है। दोपहर के बाद तो जाम की स्थिति और खराब हो जाती है। ऐसा नहीं कि इस जाम में सिर्फ आम लोग फंसते है। बल्कि कई बार तो वीआईपी लोग भी जाम में फंसते है। ऐसी स्थिति सूचना के बाद वरीय अधिकारी हरकत में आते है और रांची नगर निगम को फुटपाथ दुकानों को हटाकर मेन रोड को जाममुक्त करने का निर्देश देते रहे है। कई बार झारखंड हाईकोर्ट में मेन रोड जाम मामले में सुनवाई भी हुई है। हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम को स्पष्ट निर्देश दिया था कि मेन रोड से कचहरी चौक तक सड़क के उपर लगने वाले फुटपाथ दुकानों को हटाकर जाममुक्त कराया जाय। हालांकि नगर निगम की ओर से समय समय पर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाता है। लेकिन फिर धीरे धीर फुटपाथ पर दुकानें सजने लगती है और फिर मेन रोड वहीं पुरानी स्थिति में आ जाती है। जिला प्रशासन और नगर निगम के लाख प्रयास के बाद भी मेन रोड जाममुक्त नहीं हो पा रहा है। जिसका खमियाजा राजधानी के लोगों को भुगतना पड़ता है।

**दुकान लगाने और हटाने का चलता है खेल :** हाई कोर्ट के निर्देश के बाद रांची नगर निमग की इन्फोर्समेंट टीम लगातार अभियान चलाकर फुटपाथ से दुकानें हटाने, सामान जब्त करने और दुकानदारों पर जुर्माना लगाने जैसी कार्रवाई करती है। लेकिन फिर धीरे धीरे फुटपाथ में दुकानें सजने लगती है और वहीं पुरानी स्थिति बन जाती है। इस तरह वर्षो से मेन रोड में दुकान लगाने और हटाने का खेल चलता रहा है।

**रिक्सा और टोटो भी है जिम्मेवार**

कचहरी चौक से मेन रोड तक सड़क जाम के लिए फुटपाथ दुकानदारों के साथ रिक्सा, टोटो और ठेला-खोमचे वाले भी जिम्मेवार है। ये सभी अपनी दुकान या फिर वाहन सड़क के उपर ही लगाते है। जिस कारण सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है।

**नगर निगम की कार्रवाई सिर्फ कुछ समय तक प्रभावी रहती है**

नगर निगम की टीम सड़क से अतिक्रमण हटाने आती है, तो उसे देखकर फुटपाथ दुकानदार अपनी दुकानें आसपास के गलियों में ले जाते है। जिससे थोड़ी देर के लिए सड़क पर फुटपाथ दुकानदार नहीं दिखते है। और नगर निगम टीम के जाते ही फिर से सभी अपनी दुकान लगा लेते है। ये चूहें-बिल्ली का खेल हमेशा चलता रहता है।



### हर दिन जाम से परेशान

सड़क से गुजरने वाले **प्रताप घोष** कहते है कि मेन रोड कभी जाममुक्त होगा, यह हमलोग सोच भी नहीं सकते है। क्योकि वर्षो से जाम में वाहन को रेंगते हुए हमलोगों ने देखा है।



### हर कार्रवाई हुई है विफल

युवा **अनशुमन** कहते है कि हमलोग हमेशा मेन रोड को जाम के रूप में देखा है। जाममुक्त करने के लिए अब तक कितने प्रयास किये गये सभी विफल रहे और लोग जाम का दंश झेल रहे है।



### पेट्रोल और समय की होती है बर्बादी

**सुधीर** बताते है कि जाम के कारण कचहरी चौक से ओवरब्रिज जाने में करीब आधा घंटा से अधिक का समय लगता है। जबकि सड़क में जाम नहीं हो तो यह दूरी मात्र पांच मिनट में पूरा किया जा सकता है। मेन रोड में ट्रैफिक की जो व्यवस्था है, उससे वाहनों के पेट्रोल और समय की बर्बादी होती है।

## रांची विवि अंतर कॉलेज क्रिकेट 19 से लोहरदगा में

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता इस बार बीएस कॉलेज लोहरदगा में 19 दिसंबर से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर रांची विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा। जो कि पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## कला सांस्कृतिक क्रिसमस मेला 15 से17 दिसंबर तक



**रांची।** कला संस्कृति क्रिसमस मेला का आयोजन 15 से 17 दिसंबर तक निर्मल मध्य विद्यालय चर्च में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, अनमोल टोप्पो ने बताया कि इसका उद्घाटन 15 दिसंबर को दोपहर 3:00 बजे खिजरी विधायक राजेश कश्यप करेंगे। क्रिसमस मेला में कुल 65 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। जिसमें कपड़ा, गर्म कपड़ा, हैंडीक्राफ्ट,ज्वैलरी, शूज, फूड, ट्रेडिशनल फूड, इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत कई चीजे मिलेगी। मेला दोपहर 3:00 बजे से रात 8:00 बजे तक चलेगा। शनिवार और रविवार या दोहपर 12:00 बजे से रात 8:00 बजे तक रहेगा। एंट्री फीस 20 रुपये रखी गई है। उद्घाटन के दिन नृत्य प्रतियोगिता, धार्मिक सांस्कृतिक गाना का आयोजन किया जाएगा। 16 दिसंबर को झारखंड की सभ्यता और संस्कृति के आधार पर फैशन शो होगा। 17 को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर पवन तिर्की, सामलोंग पल्ली पुरोहित आनंद लकड़ा, शीतल, सामंगल प्रकाश जायस, रितेश, संजीत लिंडा, सुमन मिंज एवं अजीत खलखो मौजूद थे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि निःशुल्क मेडिटेशन केंद्र में परिवार के साथ ध्यान लगा सकते हैं : बीके राजमती



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नव ज्योति भवन का दूसरा वार्षिकोत्सव मनाया गया। रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय विश्व ज्योति भवन पिठौरिया नवाटोली का दूसरा वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान पिठौरिया की संचालिका बी के राजमती, उद्योगपति राज कुमार पोद्दार, अन्नू पोद्दार और आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संचालिका बीके राजमती ने कहा कि शिव बाबा की महिमा अपरंपार है। शिव जी हमें तीनों लोकों और तीनों कालों का ज्ञान देते हैं। इसलिए उन्हे देवों का देव कहा गया है। उन्होंने कहा कि यह आश्रम शिव भक्ति से रमने का एक विशेष स्थान है। यहां अध्यात्म और ज्ञान का दोनों का रमणिक स्थान बन चुका है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस जगह में निशुल्क मेडिटेशन केंद्र में हम अपने परिवार के साथ आकर ध्यान लगा सकते है और शिव बाबा की भक्ति कर सुखमय जीवन का भी लाभ उठा सकते हैं।

# अंजुमन अस्पताल बंद कराना चाहते है पूर्व सचिव : शफीकुर्रहमान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अंजुमन अस्पताल प्रबंधन समिति की रविवार के प्रेस कॉन्फ्रेंस में अस्पताल के पूर्व सचिव तारिक हुसैन पर आरोप लग रहा है कि वह अंजुमन अस्पताल को बन्द करवाने की ठान ली है। इसीलिए अस्पताल की नई बनी कमिटी को एनओसी और स्टाफ का बकाया पेमेंट सहित अन्य वित्तीय खर्च देना नहीं चाहते। ये आरोप अस्पताल प्रबंधन समिति के शफीकुर्रहमान ने लगाया। उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के लिए पूर्व की कमिटी में डॉ तारिक हुसैन को कामचलाऊ रूप से सचिव बनाया गया था। उस कमिटी में आर्थिक रूप से अनियमितताएं उजगार होने के बाद प्रबंधन कमिटी को भंग करते हुए बायलॉज के अनुसार नई कमिटी बनाई गई। जिसमें अनवर आलम सचिव, मो जाहिद काजल उपाध्यक्ष, नदीम इकबाल सह-सचिव, मो शाहिद कोषाध्यक्ष सहित 9 लोगों को सदस्य चुना गया। जनरल बॉडी की आम बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया कि नई प्रबंधन कमिटी ने पूर्व के कमिटी के वितितीय लेखा जोखा के हिसाब में कुछ वित्तीय गड़बड़ी पाई। तो उसका ब्यौरा और एनओसी मांगने पर डॉ तारिक हुसैन टाल मटोल कर रहे। क्योंकि उनकी मंशा अस्पताल को किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की है। मौके पर मेडिकल सुप्रिडेंट मुकीम आलम और मो सुफियान आदि मौजूद थे।

# पहाड़ी मंदिर की दान पेटी से निकले चार लाख और विदेशी मुद्राएं भी

**रांची।** रविवार को पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने पहाड़ी मंदिर के ऊपर मुख्य बाबा मंदिर के मुख्य दान पेटियों में से तीन दान पेटियों को खोला गया। जिसकी गिनती की प्रक्रिया में सभी सदस्य गण, मंदिर के पुजारी और सुखदेवनगर थाना एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करा कर दान पेटी खोला गया। उसकी गिनती की गई, जिसमें चार लाख, इक्कीस हजार, सात सौ तीस (4,21,730) नगद साथ ही दो नेपाली रुपया और एक 100 का रूसी रूबल निकले। गिनती में इसके अलावा बहुत सारे नोट दान पेटी में काफी दिन हो जाने के कारण सड़ गल गए थे। सारी प्रक्रिया में समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार एवं सदस्य के रूप में राजेश साहू, बादल सिंह, अजय श्रीवास्तव और भक्तों में अजय सिंह, दीपक नन्दा, मंदिर के कर्मचारी, सुखदेवनगर थाना के सौरव शर्मा आदि उपस्थित थे ।

## राज्यपाल को ज्ञापन 12 दिसंबर को, 18 को त्राहिमाम धरना-प्रदर्शन

# आंदोलन तेज करेगा झारखंड वैश्य मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/रामगढ़।** झंडा चौक स्थित मनोहर रेसीडेंसी के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, भदानीनगर थाना प्रभारी द्वारा झूठे केस दर्ज करने, वैश्यों की जमीन लूट, वैश्यों को निशाना बनाने और संगठन विस्तार आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि रामगढ़ क्रांति की धरती है। वैश्यों के आदर्श राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी इसी पवित्र धरती से देश की मुक्कमल आजादी का बिगुल फूंका था। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में भी रामगढ़ की धरती का सबसे बड़ा योगदान है। अब वैश्य और ओबीसी को हक-अधिकार एवं मान-सम्मान दिलाने की मुक्कमल लड़ाई भी यहीं से शुरू किया जायेगा। हाइकोर्ट के अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं है। केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी ने कहा कि वैश्य मोर्चा किसी को नुकसान पहुंचाने की मंशा नहीं रखती है।

# सरकारी ग्रांट चलनेवाली किसी भी संस्था को सरकारी संस्था नहीं कह सकते : डॉ आहूजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की सीपीइ कमेटी की होटल रैडिसन ब्लू में कोड ऑफ एथिक्स, टैक्सेशन ऑन ट्रस्ट्स और साइबर सिक्योरिटी पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। टैक्सेशन ऑन ट्रस्ट विषय पर बोलते हुए प्रख्यात प्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ सीए (डॉ) गिरीश आहूजा ने कहा हर वह संस्था सरकारी संस्था नहीं है। जिसको सरकार के द्वारा ग्रांट दिया जाता है। सरकारी संस्था होने के लिए उस संस्था का बजट देश के संसद या राज्यों के विधायिका में प्रस्तुत होना आवश्यक है। उन्होंने बताया की हर संस्था को कार्पस फंड के लिए अलग से बैंक अकाउंट रखना चाहिए। ताकि उस अकाउंट के आय-व्यय की पूर्ण व्योरा सरकार प्रदर्शित पूर्वक दिया जा सके। उन्होंने उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से आग्रह करते हुए कहा कि चैरिटेबल ट्रस्ट से संबंधित अपने ऑडिट रिपोर्ट पर पूरी संतुष्टि के बाद ही अपना हस्ताक्षर करें। उन्होंने बताया कि सीबीडीटी अधिसूचना संख्या 07/2023 के माध्यम से, ट्रस्ट ऑडिट रिपोर्ट के प्रारूप में भारी बदलाव किया। उन्होंने ट्रस्ट्स से सम्बंधित महत्वपूर्ण कराधान के अनुच्छेदों का विस्तार से विवेचना करते हुए बहुत से उपयोगी केस लॉ कि जानकारी दिया। इंस्टिट्यूट के सेंट्रल कौंसिल सदस्य सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा ने कहा कि सीए इंस्टिट्यूट देश की पहली संस्था है। जिसने सबसे पहले अपने सदस्य (चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ) के लिए कोड ऑफ एथिक्स कि रचना किया है। उन्होंने बताया कि इंस्टिट्यूट आज किसी भी तरह की कोड ऑफ एथिक्स से सम्बंधित मामला चाहे वह देश के नागरिकों के द्वारा इंस्टिट्यूट में भेजा जाता हो तुरंत जांच कराती है।

## पशुपालन विभाग का हेसाग में राज्यस्तरीय रबी कर्मशाला-2023 का आयोजन

# किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में अधिकारी दें सहयोग : अबू बकर




रांची। झारखंड राज्य रबी फसल के आच्छादन के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। हालांकि हम खरीफ अच्छादन एवं उत्पादन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन औसत से कम वषार्पात की वजह से यह सेक्टर प्रभावित हुआ है। इसलिए हमें वैकल्पिक खेती के रास्ते तलाशते हुए रबी फसल के रकबा में वृद्धि करनी हो होगी। क्रॉप इंडेंसिट में हम रबी के क्षेत्र में हम लगभग 120 फीसदी ही हैं। ये बाते कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीख ने हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में कही। सचिव ने कहा कि झारखंड में 38 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। जिसमें से 28 लाख हेक्टेयर भूमि पर खरीफ फसल होती है और 11 लाख हेक्टेयर जमीन पर रबी फसल की पैदावार। जमीन किसान की आजीविका होती है, इसलिए उसकी मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा करना बहुत जरूरी है। उन्होंने रबी के कवरेज को बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि किसानों के लिए तीन बिंदुओं पर पदाधिकारियों को काम करने की जरूरत है। सबसे पहले किसानों के व्यवहार में कैसे बदलाव हो। उसके प्रयास करने के लिए उनके घर तक आपको जाना होगा। फील्ड ऑफिसर्स को फील्ड में जाना होगा। किसानों के व्यवहार में बदलाव के साथ सहयोग करने की जरूरत है। उनको तकनीकी स्तर पर भी सहयोग करना होगा। कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीख ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने जिले की वाटर बॉडी का सर्वे कराएं। सुनिश्चित करें कि वाटर बॉडी के आसपास की जमीन पर खेती हो रही है या नहीं। किसान हित में केसीसी का निरंतर अभियान चलाएं।

### वर्षा कम होने से रबी का महत्व ज्यादाः कृषि निदेशक

कर्मशाला में कृषि निदेशक संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह कार्मशाला एक अभियान का आगाज है। इस कार्मशाला के माध्यम से बताना चाहते हैं कि राज्य में योजनों का आच्छादन शत प्रतिशत हो यह सुनिश्चित करना है। बीते दो वर्षों से वषार्पात कम और बेमौसम हुई है। जिसका प्रभाव सीधा हमारे किसानों और कृषि उत्पादकता पर हुआ है। इसलिए रबी का महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि समय पर किसानों को बीज, खाद और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है।

**कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे उपस्थित :** इस मौके पर रबी फसल से संबंधित पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक सॉयल कंजर्वेशन अजय कुमार सिंह, अपर निदेशक पी एन त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक सामान्य मुकेश कुमार सिन्हा, उप कृषि निदेशक योजना अशोक कुमार सिन्हा, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, अधिष्ठाता बीएयू डीके शाही सहित सभी जिला कृषि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**खरीफ के बाद रबी की...**

रबी की फसलें लगाई जा सकी हैं। इनमें दलहनी चना लक्ष्य 18500 हेक्टेयर की जगह 6154 हेक्टेयर, मसूर 6600 हेक्टेयर की जगह 2133 हेक्टेयर एवं मटर की खेती 3100 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 714.5 हेक्टेयर में हुई। अन्य दलहनी फसलें 1700 हेक्टेयर लक्ष्य की जगह 100हेक्टेयर में लगी हैं। इस तरह जिले में रबी के दलहनी फसलों की बोआई 29900 हेक्टेयर लक्ष्य की जगह सिर्फ 9102 हेक्टेयर तक ही सिमट गई है। रबी के तेलहनी सरसो, राई, तीसी व कुसुम की खेती का लक्ष्य 31000हेक्टेयर था, लेकिन तेलहनी फसलों की खेती 10994 हेक्टेयर में ही हो सकी है।

**रबी की खेती में कमी का...**

लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो सकी। जिले में धान की खेती तो नहीं के बराबर हुई। जिले में धान की रोपनी महज दस प्रतिशत ही हो सकी। 90 प्रतिशत खेत वर्षा की आस में खाली रह गये।

**छोटे भाई ने भाई व भाभी की...**

होते-होते विवाद बढ़ गया। इसके बाद छोटे भाई जीतू उरांव ने घर से कुल्हाड़ी निकालकर अचानक अपने भाई एवं भाभी पर हमला कर दिया। छोटा भाई तबतक कुल्हाड़ी से वार करता गया जब तक की दोनों की मौत नहीं हो गया। इस दौरान बड़े भाई के बड़े बेटे को भी मारने के लिए कुछ दूर तक दौड़ाया पर उसे वह पकड़ नहीं सका। उसके बाद मृतक की मोटरसाइकिल जला दी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी जीतू उरांव को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

**1000 करोड़ तक आंकड़ा...**

को ओडिशा में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के मैनेजर के पास से भी 20 पेटी कैश मिले। बरामद रुपये को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा में जमा कराया गया है, जहां नोटों की गिनती की जा रही है। बताया गया कि मैनेजर के पास से आयकर विभाग की टीम को जो नकदी मिली है, वह दो सौ करोड़ से ज्यादा है। अब तक की गिनती में 200 करोड़ रुपये मिल चुके हैं।

**बौध डिस्टिलरीज के प्रबंधकों...**

तीन बैंकों के अधिकारी शामिल हैं। हमारे 50 अधिकारी इसमें शामिल हैं। लगभग 40 नोट गिनने की मशीनें यहां लाई गईं हैं। 25 उपयोग में हैं और 15 बैकअप के रूप में रखी गई हैं। बताया गया है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जितनी नकदी मिल रही है, उनकी पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800-1000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

**कांग्रेस ने नकदी बरामदगी पर सांसदन से...**

बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि सांसद धीरज साहू और उनके संयुक्त परिवार का सामूहिक कारोबार है। वह परिवार 100 वर्षों से अधिक समय से व्यवसाय में है। इतनी बड़ी मात्रा में पैसा उनके पास कहां से आया, इसकी जानकारी तो वही दे सकते हैं लेकिन चूंकि वह कांग्रेस से जुड़े हैं और राज्यसभा सदस्य हैं, इसलिए कांग्रेस ने उन्हें शो कॉज किया है।

**छत्तीसगढ़ में अब आदिवासी...**

दौरान वह केंद्रीय मंत्री भी बन चुके हैं। हालांकि वर्ष 2019 में उन्हें भाजपा ने टिकट नहीं दिया था। विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ की रायगढ़ सीट से चार बार से विधायक है। वो लोकसभा में रायगढ़ का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में वो केंद्रीय मंत्री बनाए गए थे। वहीं वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में उन्हें पार्टी अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद वर्ष 2019 में उन्हें लोकसभा चुनाव में नहीं उतारा गया। अब वो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए गए है। वो राज्य में बड़े आदिवासी नेता माने जाते है। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पार्टी ने आदिवासी समुदाय से आने वाले साव के नाम पर मुहर लगाई है। राज्य में आदिवासी समुदाय 30 प्रतिशत से भी अधिक है।

**रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की...**

श्रद्धालुओं को रोजाना बुलाया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए जोधपुर के ओम महर्षि संदीपनी रामराज आश्रम से बैलगाड़ी से 600 किलो गाय का घी 108 कलशों में आ रहा है। रामलला की स्थापना के अवसर पर रामलला के सामने जलने वाली ज्योति व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अनुष्ठान में इस गोघृत का प्रयोग किया जाएगा। आयुर्वेद में गाय का घी सबसे शुद्ध माना जाता है और इसका उपयोग औषधियों में किया जाता है।राम मंदिर के लिए विदेश से भी अनेक अति मूल्यवान व दुर्लभ सामग्रियां आ रही हैं। थाईलैंड की अयोध्या नगरी की मिट्टी भी उपहार स्वरूप आई है। अलावा कंबोडिया से केसर की सुगंध वाली हल्दी आई

**शादी में हर्ष फायरिंग हर्ष या...**

दलजीत सिंह अमरीकन नागरिक है। गोली उसके साढू द्वारा अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से ही चलाई गई थी। छह दिन पहले पंजाब के खन्ना शहर के मलेरकोटला रोड स्थित गांव ईसडू के एक मैरिज पैलेस में मंगलवार शाम शादी के दौरान अचानक गोली चलने से एक बाराती की मौत हो गई। कल संभल में मैनेजर को मारी गोली, शादी में हुई थी कहासुनी। पिछले हफ्ते भोजपुर में शादी के दौरान हर्ष फायरिंग,दूल्हे के भतीजे को लगी गोली। ग्रेटर नोएडा वेस्ट समधी हत्याकांड के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 40 बैंक्वेट हॉल को नोटिस भेजा, प्रोग्राम की बुकिंग से पहले मांगेंगे हथियार नहीं लाने का शपथ पत्र।

इस मामले में बिहार में कड़ी कार्रवाई हो रही है पटना एसएसपी ने कुछ दिनों पूर्व एक निर्देश जारी किया था कि कोई हर्ष फायरिंग करेगा तो दो साल की कैद और एक लाख रुपए जुमार्ना भरना पड़ेगा। हथियार का लाइसेन्स जब्त होगा सो अलग। झारखंड में ऐसा कोई निर्देश तो नहीं पर एक अवकाशप्राप्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन कर भय उत्पन्न करना आर्म्स एक्ट में दंडनीय अपराध है। समय की मांग है कि हम सभी शादी विवाह जैसे पवित्र संस्कार में हथियारों से दूर रहें क्योंकि नशा और हथियार हर्ष नहीं दुख ही लाते हैं।

**अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम...**

विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

## एक नजर

### मिस्टर झारखंड ओपन क्लासिक चैंपियनशिप का आयोजन

**रांची ।** एकदिवसीय मिस्टर झारखंड ओपन क्लासिक चैंपियनशिप 2023 का आयोजन लाइफ लाइन फिटनेस के द्वारा स्वागतम बैंकट हॉल रांची में किया गया. उक्त प्रतियोगिता दो कैटेगरी में विभाजित थी पहली बॉडीबिल्डिंग और दूसरी मेन्स फिजिक। इस चैंपियनशिप में राज्य के कई जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। महिलाओं और पुरुषों की प्रतियोगिता अलग-अलग आयोजित की गई जो की 50 किलोग्राम वर्ग से लेकर 80 किलोग्राम वर्ग तक थी । चुने गए प्रतिभागियों को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर इंद्रजीत सिंह, प्रियंका कुमारी, शिव कुमार और कई अन्य लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी लाइफ लाइन फिटनेस के राजीव सिंह ने दी।

### झारखंड अंडर 19 स्कूली बैडमिंटन टीम आंध्र प्रदेश गई

**रांची।** 67 नेशनल स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता आगामी 12 से 16 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड अंदर-19 बैडमिंटन टीम आज यहां से रवाना हो गई ओ होटवार में 21 दिवसीय का प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में चली पूरी टीम इस प्रकार है बालक वर्ग साजन कुमार सपन नील लायक अंकित गोप अब्बू रियान बालिका वर्ग में श्रुति अनामिका घोष वैष्णवी सिंह भूमि अलीशा गुड़िया प्रशिक्षक गुलाम बाकी मैनेजर सोनी कुमारी एसजीएफआई अंदर 17 प्रतियोगिता के लिए भी टीम की घोषणा कर दी गई है टीम आगामी 15 दिसंबर को बड़ौदा के लिए रवाना होगी इस टीम का भी प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में संपन्न हुई है पूरी टीम इस प्रकार है आशु गोपाल दीपक महतो सचिन को मोहित राज जिम अक्का जिम जी का एक का बालिका वर्ग में नंदिता सेन आस्तिक सिंह होली साक्षी और जिए ब्लू ब्लू कोच रवि कैसे मैनेजर बिना लकड़ा टीम रवाना होने से शिक्षा सचिव के रवि कुमार निर्देशक किरण पासी और धीर सेन सोरेन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी

### आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी20 टीम में हुई वापसी

**ब्रिजटाउन।** अनुभवी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टी20 टीम में वापसी की है। यूएई में 2021 पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार आंद्र रसेल सबसे छोटे प्रारूप के लिए वेस्टइंडीज की टीम में वापस आए हैं। 35 वर्षीय ने हाल ही में अबू धाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लेडियेटर्स के लिए खेला, जहां उनकी टीम शनिवार को प्रतियोगिता के फाइनल में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स से हार गई। अब वह मंगलवार को ब्रिजटाउन में पहले टी20 मैच से पहले वेस्टइंडीज टीम से जुड़ेंगे और 21 दिसंबर तक रहेंगे। रसेल 2012 और 2016 टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के सदस्य रहे हैं और उन्होंने 67 टी20 मैच खेले हैं। ऑलराउंडर मैथ्यू फोर्ड को वनडे टीम में शामिल किए जाने के बाद पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

# आरसीबी डब्ल्यूपीएल नीलामी में सभी मानकों पर खरी उतरी : स्मृति मंधाना



**एजेंसी। मुंबई**

जैसा कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 प्लेयर नीलामी में अपने सुविचारित अधिग्रहण के साथ सही संतुलन पाया, कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि नीलामी की योजना इसके बाद शुरू हुई। केवल पहला सीजन और वे उन अनुभवी गेंदबाजों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक थे जिन्होंने भारतीय परिस्थितियों में गेंदबाजी की है। आरसीबी ने न केवल गेंद से अच्छे खिलाड़ी छीने, बल्कि बल्ले से भी अच्छे खिलाड़ी छीने। शनिवार को आयोजित खिलाड़ियों की नीलामी में, आरसीबी ने 2016 महिला एशिया कप विजेता एस मेघना (30 लाख रुपये) को टीम में शामिल करने से पहले बेंगलुरु से एक होनहार घरेलू ऑलराउंडर शुभा सतीश (10 लाख रुपये) को चुना। मजबूत 18 सदस्यीय टीम को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्पिन ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम (40 लाख रुपये) और सोफी मोलिनक्स (30 लाख रुपये) फ्रेंचाइजी के अन्य दो विदेशी अधिग्रहण थे। मंधाना ने कहा, टी20 में गेंदबाजी निश्चित रूप से बहुत महत्वपूर्ण है।

### डब्ल्यूपीएल 2024 के लिए आरसीबी टीम

**नई खरीदारी**
जॉर्जिया वेयरहैम (40 लाख), केट क्रॉस (30 लाख), एकता बिष्ट (60 लाख), शुभा सतीश (10 लाख), एस मेघना (30 लाख), सिमरन बहादुर (30 लाख) , सोफी मोलिनक्स (30 लाख)

**रिटेन किए गए खिलाड़ी**
स्मृति मंधाना, आशा शोभना, दिशा कसाट, एलिसे पेरी, हीथर नाइट, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, सोफी डिवाइन।

### मैं नई और पुरानी दोनों गेंदों से अच्छी गेंदबाजी करना चाहती हूं : काशवी गौतम

**नई दिल्ली ।** 2024 डब्ल्यूपीएल प्लेयर नीलामी में तेजी से बदलते घटनाक्रम में, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर काशवी गौतम सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी बन गईं, जब गुजरात जाइंट्स ने उनकी सेवाएं 2 करोड़ रुपये में हासिल कीं। काशवी ने अपनी राज्य टीम चंडीगढ़ के लिए सात मैचों में 4.14 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए। वह इंग्लैंड ए के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में भारत ए के लिए भी खेली थीं और भारत 'ए' टीम की सदस्य थीं, जिन्होंने इस साल जून में हांगकांग में एसीसी इमर्जिंग टूर्नामेंट जीता था।

# धोनी के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं: एलएलसी सीईओ

**एजेंसी। सूरत**

लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर के कई दिग्गज क्रिकेटरों का पसंदीदा टूर्नामेंट बन गया है। गौतम गंभीर, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से लेकर यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल, हरफनमौला जैक्स कैलिस और अन्य तक, यहां क्रिकेट के मैदान पर बेखौफ अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों के लिए एलएलसी एक स्वाभाविक दूसरी पारी₹ बन गया है, जो उन लोगों के लिए एक मंच प्रदान करता है जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल से जल्दी सेवानिवृत्त हुए हैं। हाल ही में रांची में प्रतिष्ठित क्रिकेटर एमएस धोनी के साथ बैठक के बाद, एलएलसी के सीईओ रमन रहेजा ने विश्व कप विजेता कप्तान को आईपीएल से उनकी सेवानिवृत्ति के बाद लीग में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की उत्सुकता व्यक्त की। रमन रहेजा ने आईएएनएस के सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं सक्रिय क्रिकेट से प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहा हूं। जब भी वह (धोनी) हमारे लिए खेलने को तैयार होंगे, हमारे दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से जाऊंगा और उनसे लीग में आने के लिए कहूंगा। रहेजा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे क्रिकेटर स्वयं अन्य खिलाड़ियों को लीग में ला रहे हैं। सिम्बायोसिस स्नातक ने खुलासा किया कि आरसीबी के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और मुंबई इंडियंस के दिग्गज कीरोन पोलार्ड भी एलएलसी खेलने में अपने देशवासियों के साथ शामिल होने की दौड़ में हैं। डेल स्टेन लीग में खेलने वाले थे, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें चोट लग गई और उन्हें लीग में खेलने के लिए लाने वाले कोई और नहीं बल्कि जैक्स कैलिस थे।

# पीके मिश्रा महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी रेड रेंजर्स

**एजेंसी। रांची**

बीआईटी मेसरा में चल रहे पीके मिश्रा महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन रेड रेंजर्स बनी। फाइनल मुकाबले में रेड रेंजर्स ने ब्लू ब्लेजर्स को 51 रनों से हराया। रेड रेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रेड रेंजर्स ने निर्धारित 10 ओवर में 90 रन बनाए। जिसमें माया ने 16 और सेजल ने 11 रनों का योगदान दिया। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू ब्लेजर्स की पूरी टीम 49 रन बनाकर आउट हो गई। रेड रेंजर्स गेंदबाज मिनी ने 2 विकेट लिए। रेड रेंजर्स ने 51 रन से हराकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। रेड रेंजर्स की माया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए बीआईटी के सभी संकाय और कर्मचारी उपस्थित थे।




### किंग्स इलेवन ने ट्राफी पर किया कब्जा



**रांची।** बीआईटी मेसरा में जेवी सागर मेमोरियल चिल्ड्रन ट्रॉफी प्रतियोगिता का 5 वां संस्करण का चैंपियन किंग्स इलेवन (सीनियर्स) बना। जेवी सागर मेमोरियल चिल्ड्रेन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला किंग्स इलेवन और रॉयल्स इलेवन के बीच हुआ। रॉयल्स इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी किंग्स इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। टीम की ओर से विकास 60 रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल्स इलेवन की टीम निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान मात्र 57 रन ही बना सकी। इस तरह किंग्स इलेवन 45 रन से फाइनल मैच जीत कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। 60 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले विकास को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### संजय बांगड़ की आईपीएल के पंजाब किंग्स में वापसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए अपना क्रिकेट विकास प्रमुख नियुक्त किया। पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए अपना क्रिकेट विकास प्रमुख नियुक्त किया। पूर्व भारतीय आल राउंडर 2014 में फ्रेंचाइजी के सहायक कोच थे जब टीम उप विजेता रही थी। अगले दो सत्र में वह मुख्य कोच थे जब टीम तालिका में निचले स्थान पर रही थी। बांगड़ ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, फिर से पंजाब किंग्स के साथ होना मेरे लिए सम्मान की बात है। बांगड़ टीम के मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस के साथ मिलकर काम करेंगे और दोनों 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए योजना बनायेंगे। बांगड़ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बल्लेबाजी सलाहकार थे जिसके बाद अगले दो साल के लिए उन्हें टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर दिया गया।

# तीन जनवरी को खिलाड़ियों को दिया जायेगा जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार

## पोस्टर किया लॉंच, उम्मीद फाउंडेशन 6 केटेगरी में करेगा पुरस्कृत

**एजेंसी। रांची**

जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार-2023 को लेकर उम्मीद फाउंडेशन ने पोस्टर लांच किया। 3 जनवरी 2024 को झारखंड का प्रतिष्ठित और सर्वोच्च जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर रविवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, फिल्म निर्देशक नंदलाल नायक, किशोरी राणा, अंतू तिर्की, अश्विनी शर्मा, हेमलाल मेहता, जनक नायक, संगीता तिर्की, राम अवतार केरकेट्टा, निरंजन भारती, गोपाल पांडे, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव आदि की उपस्थिति में पोस्टर का अनावरण किया गया। पुरस्कार समारोह के माध्यम से राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों तक जयपाल सिंह मुंडा के जीवनगाथा को पहुंचाने का प्रयास है। संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस बार छह कैटेगरी में खेल के क्षेत्र में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोचों और खेल को प्रोत्साहित करने वाले संस्थानों को पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है। महासचिव निरंजन भारती ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की जीवन गाथा के बारे में राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। मौके पर प्रदीप मिर्धा, सोनू खलको, मुकेश उरांव, विशाल टोप्पो तथा सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद थे।



# राष्ट्रीय तीरंदाजी में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा दिव्यांग झोंगो

**एजेंसी। खूंटी**



जीवन में परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हो, लेकिन मन में कुछ करने का जज्बा हो, इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास प्रबल हो, तो न दिव्यांगता बाधा बनती है और न ही गरीबी आड़े आती है। इसे सिद्ध कर दिखाया है खूंटी के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त युवा दिव्यांग तीरंदाज झोंगो पाहन। आज वह जीता जागता दृढ़ इच्छाशक्ति का बड़ा चेहरा है। बचपन में ही दोनो पैरों में पोलियो का शिकार होने के बावजूद झोंगो ने अपने हौसलों और इरादों के बल पर ऊंची उड़ान भरने की तैयारी कर रखी थी। झोंगो पाहन को 26 से 29 दिसंबर तक पंजाब के पटियाला में होनेवाली राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में झारखण्ड तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। खूंटी प्रखंड की फुदी पंचायत के सेल्दा गांव निवासी झोंगो के पिता गुसू पहान अपने गाव में चरवाहा का काम करते हैं, तो मां सोवाग देवी गृहिणी है। गरीबी, तंगहाली और बेटे की दिव्यंगता के बावजूद पढाई न छूटे, इसलिए 2022 में झोंगो का नामांकन खूंटी के बिरहू स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय में कराया। वहीं से तीरंदाजी की शुरूआत की और आज वह तीरंदाजी के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर दस्तक दे रहा है।

### युवा खिलाड़ी भारत के खिलाफ जल्दी अपनी जगह बना लेंगे : एडेन मार्करम

**डरबन ।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम में नए चेहरे जल्दी ही अपनी जगह बना सकते हैं। एडेन मार्करम की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारत के खिलाफ क्रमशः 10, 12 और 14 दिसंबर को डरबन, गकेबरहा और जोहान्सबर्ग में तीन टी20 मैच खेलेगी। प्रोटियाज ने अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों को आराम देने के बाद टी20 सीरीज के लिए मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर और डोनोवन फरेरा जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को बाएं पार्श्व टखने में मोच के कारण शुक्रवार को बाहर कर दिया गया और उनकी जगह ब्यूरन हेंड्रिक्स को लिया गया। 33 वर्षीय हेंड्रिक्स ने आखिरी बार 2021 में दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 खेला था। उन्होंने 19 टी20 मैच खेले हैं और 25 विकेट लिए हैं। मार्करम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा, हमने (घरेलू क्रिकेट में) नए चेहरों के खिलाफ काफी खेला कि आप उनके साथ सीरीज खेलने से पहले उन्हें गहराई से जानना चाहेंगे।

# आसिफ और पोलार्ड ने पहली बार जीता अबू धाबी टी10 का खिताब

**एजेंसी। अबू धाबी**




आसिफ अली (नाबाद 48) और कप्तान कीरन पोलार्ड (नाबाद 22) के बीच हुई 56 रनों की नाबाद साझेदारी के दम पर न्यूयार्क स्ट्राइकर्स ने शनिवार रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में डेक्कन ग्लेडिएटर्स को सात विकेट से हराकर पहली बार अबू धाबी टी10 टूनार्मेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्ट्राइकर्स ने 9.2 ओवर में तीन विकेट पर 94 रन बनाकर चार गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। 38 के कुल योग पर निरोशन डिकवेला का विकेट गिरने के बाद आसिफ और पोलार्ड ने स्ट्राइकर्स को कोई और नुकसान नहीं होने दिया और मैच जिताकर ही पवेलियन लौटे। इससे पहले, टास हाकर पहले बैटिंग करते हुए डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने आंद्रे रसे (नाबाद 30) और डेविड वीज (नाबाद 20) की उम्दा बैटिंग की बदौलत 10 ओवर में 5 विकेट पर 91 रन बनाए। रसेल ने अपनी 18 गेंदों की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए जबकि वीज ने 11 गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाया। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 17 गेंदों पर 34 रन जोड़े। डेक्कन ग्लेडिएटर्स के लिए टाम कोहलर कैडमोर ने 13 जबकि कप्तान निकोलस पूरन ने 15 रन जोड़े। फेबियन एलन (1) दहाई तक नहीं पहुंच सके। न्यूयार्क स्ट्राइकर्स की ओर से सुनील नरेन ने 6 रन देकर दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद जुवादुल्लाह, जार्ज स्क्रीमशा और अकील हुसैन को एक-एक सफलता मिली। जवाब में खेलते हुए न्यूयार्क स्ट्राइकर्स ने 9.2 ओवरों में 3 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। 7 रन पर दो विकेट (रहमदुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद वसीम) का विकेट गिरने के बाद आसिफ और कप्तान कीरन पोलार्ड के अलावा निरोशन डिकवाला (14) ने अहम योगदान दिया। आसिफ ने अपनी 25 गेंदों की पारी में 2 चौके और 4 छक्के लगाए जबकि कप्तान पोलार्ड ने 13 गेंदों पर 1 चौका और 1 छक्का लगाया। ग्लेडिएटर्स की ओर से ट्रेंट बोल्ट, नुवान तुषारा और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट लिया।

### मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में मिले जगह : डग बोलिंगर

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज डग बोलिंगर ने ग्लेन मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल करने की वकालत करते हुए कहा है कि इस बड़े हिट ऑलराउंडर को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मौका क्यों नहीं दिया गया। मैक्सवेल ने अपने सात टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में खेला था, लेकिन उनके लिए लंबे प्रारूप में वापसी की मांग बढ़ गई है। खासकर हाल ही में सफेद गेंद की फॉर्म शानदार होने के कारण। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के विजयी पुरुष वनडे विश्व कप अभियान में दो शतक लगाए। नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में शतक और अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी। साथ ही गुवाहाटी में भारत के खिलाफ तीसरे टी20 में 47 गेंदों में शतक ने क्रिकेट फैंस का दिल जीत लिया। एसईएन रेडियो पर बोलिंगर ने कहा, मैंने कुछ लोगों से यहां तक कहा कि जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, वे टेस्ट टीम में मैक्सी को क्यों नहीं चुनेंगे।

## आईपीएल के 17वें सीजन के ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में

# धोनी से ज्यादा है कई कप्तानों की सैलरी

### केएल राहुल को मिलता है सबसे ज्यादा 17 करोड़ रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल के 17वें सीजन के ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में होना है, जिसका हर किसी को इंतजार है। इस सीजन में एमएस धोनी एक बार फिर से अपनी कप्तानी का जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। पिछले सीजन की उपविजेता टीम गुजरात टाइटंस के नई कप्तान शुभमन गिल पर सभी की नजरें होंगी। वहीं, सबसे सफल आईपीएल कप्तान एमएस धोनी और रोहित शर्मा से लेकर गुजरात टाइटंस के नए कप्तान चचाओं में रहेंगेष उससे पहले आगामी सीजन के कप्तानों को कितनी सैलरी मिल सकती है, आइए एक नजर डालते है ये हैरान करने वाले आंकड़ों पर। दरअसल, आईपीएल में कप्तानी के मामले में सीएसके के कप्तान एमएस धोनी से सैलरी के मामले में कई कप्तान आगे है। शुभमन गिल को लेकर उम्मीद की जा रही है कि उन्हें हार्दिक पांड्या के पिछले सीजन में जितनी सैलरी मिली थी, उतनी मिलेगी। वहीं, रोहित शर्मा और केएल राहुल की सैलरी धोनी से काफी ऊपर हैं। सबसे महंगे कप्तान में केएल राहुल टॉप पर है, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 17 करोड़ रुपये मिलते हैं।




### 2024 में इन 10 कप्तानों को मिल सकती है इतनी सैलरी

1. एमएस धोनी- 12 करोड़ रुपये (चेन्नई सुपर किंग्स)
2. रोहित शर्मा- 16 करोड़ रुपये( मुंबई इंडियंस)
3. संजू सैमसन- 14 करोड़ रुपये( राजस्थान रॉयल्स)
4. श्रेयस अय्यर- 12.25 करोड़ रुपये( केकेआर)
5. फाफ डु प्लेसिस- 7 करोड़ रुपये (आरसीबी)
6. डेविड वॉर्नर- 6.25 करोड़ रुपये/ ऋषभ पंत- 16 करोड़ रुपये (अगर वापसी करते है) ( दिल्ली कैपिटल्स)
7. एडन मार्करम- 2.60 करोड़ रुपये( सनराइजर्स हैदराबाद)
8. केएल राहुल- 17 करोड़ रुपये( लखनऊ सुपर जायंट्स)
9. शिखर धवन- 8.25 करोड़ रुपये (पंजाब किंग्स)
10. शुभमन गिल- 15 करोड़ रुपये (गुजरात टाइटंस)

### अफगानिस्तान मैच के लिए वापसी कर सकते हैं हार्दिक

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका में अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है, यहां उसके लिए कुछ अच्छी खबर है - ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के तय समय से पहले अपने साथियों के साथ जुड़ने की संभावना है और वह अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने शनिवार को पंड्या की चोट पर अपडेट देते हुए कहा कि यह ऑलराउंडर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की महत्वपूर्ण श्रृंखला और संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी 20 विश्व कप से पहले उपलब्ध होंगे। विश्व कप के दौरान पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपनी ही गेंदबाजी से गेंद को रोकने की कोशिश के दौरान पंड्या के टखने में चोट लग गई थी। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शाह ने यहां डब्ल्यूपीएल नीलामी के मौके पर कहा, हम दैनिक आधार पर इस पर (पांड्या की चोट की) निगरानी कर रहे हैं।

### आइजोल ने शिलांग को 3-0 से रौंदा

**शिलांग।** आइजोल एफसी ने शिलांग लाजोंग एफसी द्वारा की गई गलतियों का फायदा उठाते हुए रविवार को शिलांग के पोलो ग्राउंड में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की, जिससे आई-लीग 2023-24 में शिलांग की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया। आइजोल एफसी के लिए लालरिनजुआला लालबकनिया, आर. रामदीनथारा और जो जोहेरलियाना ने एक-एक गोल किया। आइजोल एफसी पिछले कुछ समय से फॉर्म में चल रही टीम है और उन्होंने लाजोंग की चुनौती को आसानी से दरकिनार करते हुए रविवार को अपनी जीत की लय का पूरा फायदा उठाया। हार का मतलब यह भी है कि मैच में 70 प्रतिशत से अधिक कब्जा होने के बावजूद लाजोंग का नाबाद क्रम अचानक समाप्त हो गया। शिलांग लाजोंग और आइजॉल एफसी आई-लीग खिताब के लिए लड़ रहे थे। यह दोनों पक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण मैच था। हालांकि, यह हार लाजोंग की खिताब की उम्मीदों के लिए भी झटका होगी।

# टेस्ट में लांस मॉरिस को खेलाए आस्ट्रेलिया : इयान चैपल

**एजेंसी। पर्थ**



महान क्रिकेटर इयान चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को आगामी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट समर में नवोदित तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को मौका देना चाहिए। पिछले साल, मॉरिस ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों में ब्रैडमैन यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और अब उन्हें 14 दिसंबर से पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, हालांकि वह कुछ समय के लिए लंबे प्रारूप में टीम सूची से बाहर हैं। ₹मेरे लिए (पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ) लांस मॉरिस को चुनने का मौका था और उन्होंने इसे नहीं लिया। शेफील्ड शील्ड स्तर पर बल्लेबाजों को हिला देना ठीक है, लेकिन आपको यह पता लगाना होगा कि क्या वे ऐसा टेस्ट स्तर पर कर सकते हैं, और मेरे लिए यह पता लगाने का अवसर था कि क्या मॉरिस टेस्ट स्तर पर ऐसा कर सकता है और उन्होंने उसे नहीं चुना।₹एक कप्तान और एक चयनकर्ता के रूप में आपको कुछ कठिन निर्णय लेने होते हैं, और यदि आप ये कठिन निर्णय लेते हैं तो यह आपकी चयन क्षमता का पैमाना है, और मुझे निराशा हुई कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, ₹लेकिन, उनके पास बहुत सारे टेस्ट हैं इसलिए उन्हें गेंदबाजों में थोड़ा फेरबदल करना होगा। इसी तरह के विचार पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने व्यक्त किए, जो चाहते हैं कि 14 दिसंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट में मॉरिस को खेलाया जाए।